CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 21 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 6 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मनरेगा गरीब-मजदूर के स्वाभिमान से जुड़ा कार्यक्रमः राहुल गांधी पेज 2



ओलंपिक मेडलिस्ट सायना नेहवाल ने संन्यास लिया खेल टाइम्स



ई डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान सम्पादकीय



यूएस में ट्रम्प के खिलाफ बगावत के सुर हुए तेज पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी को दादा फिरोज गांधी का खोया लाइसेंस मिला

**रायबरेली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली दौरे पर थे। राहुल को उनके दादा और पूर्व सांसद फिरोज गांधी का दशकों पहले खोया हुआ ड्राइविंग लाइसेंस सौंपा गया। जिसे देखकर राहुल भावुक हो उठे। राहुल ने लाइसेंस को बड़े गौर से देखा और तुरंत उसकी तस्वीर अपने मोबाइल से अपनी मां सोनिया गांधी को व्हाट्सएप के जरिये भेजी। लाइसेंस को रायबरेली में एक परिवार ने सहेज कर रखा था। राहुल ने मंगलवार को रायबरेली प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। आयोजन समिति के सदस्य विकास सिंह ने राहुल गांधी को मंच पर फिरोज गांधी का लाइसेंस सौंपा। विकास सिंह ने बताया कि कई साल पहले रायबरेली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उनके ससुर को यह ड्राइविंग लाइसेंस मिला था।

### यूपी के 10 शहरों में घना कोहरा छाया, उत्तराखंड के औली में पारा माइनस 8 डिग्री

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में मंगलवार को भी मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। उत्तर प्रदेश के 10 शहरों में मंगलवार को भी कोहरा छाया रहा। आगरा में ताजमहल धुंध में छिप गया है। अगले 5 दिन तक यहां भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। लखनऊ, बाराबंकी, हाथरस समेत 5 शहरों में बारिश हुई, जबकि अलीगढ़ और लखीमपुर खीरी में एक दिन पहले ओले भी गिरे। उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में नदी-नाले और झरने जम चुके हैं। औली में पारा माइनस 8 डिग्री तक पहुंच गया है, जिसके कारण पानी जमने लगा है।

### अनाधिकृत रूप से किया उच्च न्यायालय परिसर में प्रवेश, उपनिरीक्षक निलंबित

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के परिसर में मंगलवार को अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने और एक मामले की विवेचना के दौरान अधिवक्ताओं से विवाद बढ़ाने के आरोप में थाना काकोरी में तैनात उपनिरीक्षक ताराचंद सिंह को निलंबित कर दिया गया है। मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस विभाग ने उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी प्रस्तावित की है। निलंबन की अवधि में उपनिरीक्षक को रिजर्व पुलिस लाइन कमिश्नरेट लखनऊ से संबद्ध किया गया है।

### ईडी ने सबरीमाला मंदिर सोने के घोटाले में छापेमारी की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोच्चि क्षेत्रीय कार्यालय ने मंगलवार को केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में 21 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। ये छापेमारी सबरीमाला मंदिर से जुड़े सोने और अन्य संपत्तियों की कथित गबन से संबंधित हैं। ईडी की इस छापेमारी का उद्देश्य अपराध से अर्जित धन का पता लगाना, लाभार्थियों की पहचान करना, आपत्तिजनक दस्तावेज़ों और डिजिटल साक्ष्यों को जब्त करना तथा धन शोधन के पूरे पैमाने का आकलन करना था।

# सहारनपुर में अमीन ने परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर जान गंवाई

**सहारनपुर-एजेंसी/ब्यूरो।** सहारनपुर जिले के सरसावा थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक अमीन ने कथित रूप से परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सभी के शव एक कमरे में पड़े मिले हैं।

पुलिस का अनुमान है कि अवसाद और घरेलू क्लेश के चलते घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस वारदात के कारणों की जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार तड़के तीन और चार बजे के बीच अमीन अशोक राठी (40) ने अपनी मां विद्यावती (70), पत्नी अंजलि (37), दो बेटों कार्तिक (16) और देव (13)



अशोक राठी (फाइल फोटो)



विद्यावती (फाइल फोटो)



अंजलि (फाइल फोटो)



कार्तिक (फाइल फोटो)



देव (फाइल फोटो)

- सभी के शव एक कमरे में पड़े मिले
- अवसाद और घरेलू क्लेश के चलते घटना को दिया गया अंजाम

की देशी तमंचों से नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी और खुद भी कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर डीआईजी अभिषेक सिंह, डीएम मनीष बंसल, एसएसपी आशीष तिवारी, एसपी देहात सागर जैन, सीओ नकुड़ रूचि गुप्ता मौके पर पहुंचे। एसएसपी आशीष तिवारी ने मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों को घटना के बारे में शुरुआती जानकारी देते हुए बताया कि अशोक राठी ने गांव सडौली नकुड़ निवासी अपनी बहन मोहिनी को तड़के 3.12 मिनट पर वॉइस मैसेज भेजकर बताया कि वह इस घटना को अंजाम देने जा रहा है। पुलिस ने मोहिनी का मोबाइल कब्जे में ले लिया है, जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। मौके पर इन पांचों जनों के शव घर के एक ही कमरे में पड़े मिले और अशोक राठी के दाएं हाथ की ओर गोलियों से भरे तीन देशी तमंचे पड़े मिले। पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन ने बताया कि इस मामले की जानकारी सबसे पहले सरसावा में ही रहने वाली अशोक राठी की बहन को मिली, जिनके पति अन्य लोगों को लेकर अशोक राठी के मकान पर पहुंचे। दरवाजा भीतर से बंद था। सीढ़ी की मदद से वे लोग मकान की पहली मंजिल पर किचन के रोशनदान की जाली तोड़कर किसी तरह अंदर घुसे तो उन्होंने मकान के एक कमरे में इन पांचों लोगों के शव रक्तरंजित पड़े देखे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि पुलिस ने पांचों शवों का पंचनामा कराकर -शेष पृष्ठ दो पर

# हमारी टिप्पणियां मजाक नहीं, मौत मामले में डॉग फीडर्स भी जिम्मेदार

## आवारा कुत्तों के हमलों पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है, तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है।

कोर्ट ने कहा कि पिछली सुनवाई की हमारी टिप्पणियों को मजाक समझना गलत होगा। हम गंभीर हैं। कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा, क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन की विफलता सामने आई है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि कोर्ट निजी पक्षों की दलीलें पूरी करके आज ही सुनवाई खत्म करना चाहती है। इसके बाद राज्यों को एक दिन का मौका दिया जाएगा। मामले में अगली सुनवाई 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे होगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के वकील राजू रामचंद्रन से सवाल किया कि आप कोर्ट को संयम

- शीर्ष अदालत ने कहाः हर जगह स्थानीय प्रशासन फेल, मेनका गांधी पर नाराजगी जताई

बरतने को कह रहे हैं, लेकिन क्या आपने देखा है कि आपकी मुवक्किल (मेनका गांधी) किस तरह के बयान दे रही हैं? उनके पाडकास्ट और बॉडी लैंग्वेज तक पर सवाल उठते हैं। कोर्ट ने कहा कि मेनका गांधी ने अदालत के आदेशों को लेकर बिना सोचे-समझे टिप्पणियां की हैं, जो अवमानना के दायरे में आती हैं। हालांकि बेंच अपनी उदारता के चलते कोई कार्यवाही शुरू नहीं कर रही है। जस्टिस संदीप मेहता ने सवाल किया कि जब मेनका गांधी केंद्रीय मंत्री थीं, तब उन्होंने आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का बजटीय प्रावधान तय किया। इस पर रामचंद्रन ने कहा कि बजट नीति का विषय है। उन्होंने अजमल कसाब जैसे मामलों में भी पैरवी की है। रामचंद्रन की टिप्पणी पर जस्टिस विक्रम नाथ ने सख्त लहजे में कहा कि अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की थी, लेकिन आपकी मुवक्किल ने की है। मंगलवार की सुनवाई में पीड़ितों की ओर से एडवोकेट हर्ष जैदका, डॉग लवर्स/एनजीओ की ओर से एडवोकेट प्रशांत भूषण, मेनका गांधी की ओर से सीनियर एडवोकेट राजू रामचंद्रन दलीलें दे रहे थे। बेंच ने आदेश दिया कि व्यक्तियों और एनजीओ की ओर से दलीलें पूरी हो चुकी हैं। मामला 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे लिस्ट किया जाए।

### ईडी की याचिका दायर करने के अधिकार पर विचार करेगा कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालयों में रिट याचिकाएं दायर करने के लिए एक न्यायिक व्यक्ति की हैसियत से ईडी के अधिकारों पर विचार करने के लिए मंगलवार को सहमति जताई। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने केरल और तमिलनाडु सरकारों की ओर से दायर अपीलों पर ईडी को नोटिस जारी किया। इन अपीलों में केरल उच्च न्यायालय के 26 सितम्बर 2025 के आदेश को चुनौती दी गई है थी।



### पंजाब केसरी समूह को पंजाब सरकार की दंडात्मक कार्रवाई से दी अंतरिम राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 'पंजाब केसरी' अखबार के प्रकाशन में बाधा डालने वाली पंजाब सरकार की किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मीडिया समूह ने आरोप लगाया था कि प्रतिकूल रिपोर्टिंग के कारण 'आप' के नेतृत्व वाली राज्य सरकार उसे चुनिंदा रूप से निशाना बना रही है। पीठ ने मंगलवार को पंजाब केसरी समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलों को सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की मौत मामले में बिल्डर गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 150 में पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबकर 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एमजेड विशटाउन प्रोजेक्ट के बिल्डर अभय कुमार को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई, जिसके कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ।

पुलिस ने बताया कि घटना के समय इलाके में घना कोहरा था और दृश्यता बेहद कम थी। इसी दौरान युवराज की कार निर्माणाधीन साइट के पास बने पानी से भरे गहरे गड्ढे में जा गिरी। मौके पर न तो बैरिकेडिंग थी, न रिफ्लेक्टर और न ही कोई चेतावनी संकेत, जिससे चालक को खतरे का अंदाजा हो सके। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जांच में सामने आया है कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा के बुनियादी इंतजाम नहीं किए गए थे। पुलिस ने इस आधार पर एमजे विशटाउन के बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार किया है। साथ ही निर्माण कंपनियों एम. जेड विशटाउन प्लानर्स लिमिटेड और लोटस ग्रेंस कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या सदोष मानव हत्या के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत हादसे के बाद नोएडा प्राधिकरण ने भी सख्त कदम उठाए हैं। एक जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि कई अन्य अधिकारियों



- प्राधिकरण पर भी गिरी गाज, पुलिस बोलीः निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई

को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। प्राधिकरण की ओर से कहा गया है कि जिम्मेदारी तय कर आगे और कार्रवाई की जाएगी। मेरठ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर और लोक निर्माण विभाग चीफ इंजीनियर तथा अन्य पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम साइट पर सुरक्षा उपायों की कमी, मानकों के उल्लंघन और जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका की गहन जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जांच उपरांत समस्त रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी जाएगी। इस हादसे ने एक बार फिर निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी और प्रशासनिक निगरानी की कमी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# सभी राज्यों की एसआईआर प्रोसेस अलगः चुनाव आयोग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया में जिनके नाम कटे हैं, अभी किसी की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है।

एसआईआर की सुनवाई के दौरान आयोग ने कहा कि पश्चिम बंगाल जैसे किसी एक मामले के तथ्यों को उठाकर उन्हें किसी दूसरे राज्य की एसआईआर प्रक्रिया पर लागू करना गलत होगा, क्योंकि हर जगह प्रक्रिया अलग रही है। आयोग ने जबरदस्ती जांच के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर पुलिस शामिल नहीं थी। केवल बीएलओ ने ही घर घर जाकर प्रक्रिया पूरी की है। एसआईआर सामान्य आदेश है, जो देशभर में लागू होता है, केवल असम इससे अलग है। एसआईआर में सिद्धांतों और दस्तावेजों का पूरा ढांचा पहले से तय किया गया है। मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन से जुड़े कानूनी प्रावधान पहले से मौजूद हैं। संविधान के अनुच्छेद 324 से 326 और 1950 के कानून की धारा 19 मिलकर यह जिम्मेदारी तय करते

- सुप्रीम कोर्ट में कहाः जिनके नाम कटे, उनकी शिकायतें नहीं मिलीं, सर्वे में केवल बीएलओ शामिल, पुलिस नहीं

हैं कि केवल भारतीय नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल किया जाए। एसआईआर इस धारणा पर आधारित नहीं है कि हर मतदाता से दस्तावेज मांगे जाएंगे। जिन के नाम जून 2025 तक की पुरानी मतदाता सूचियों में दर्ज हैं, अगर वे अपने माता-पिता के नाम से पहले की सूची से लिंक स्थापित कर देते हैं, तो उन्हें वैध माना जाएगा। केवल उन्हीं मामलों में 11 तय दस्तावेज मांगे जाएंगे, जहां ऐसा कोई लिंक उपलब्ध नहीं है, इनमें आधार कार्ड भी शामिल है। जून 2025 तक मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म जारी किए गए, जिससे 2002 की मतदाता सूची को भी प्रामाणिकता मिली। 20 साल बाद एसआईआर हुआ है, पहले की प्रक्रियाएं खुद से की गई घोषणा पर आधारित थीं व उनमें विशेष जांच नहीं होती थी।

### चौंका रही चांदी की चाल, एक दिन में 10 हजार बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** वैश्विक भू- राजनीतिक तनाव और सुरक्षित निवेश की मांग के बीच भारतीय सर्राफा बाजार में ऐतिहासिक तेजी का दौर जारी है। मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने और चांदी ने नए रिकॉर्ड स्तरों को छू लिया। बाजार के लिए सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा चांदी की चाल रही है। जिस चांदी को एक लाख रुपये प्रति किग्रा से दो लाख रुपये तक पहुंचने में 14 महीने का वक्त लगा था, उसने दो लाख से तीन लाख रुपये का सफर महज एक महीने में ही तय कर लिया। सोमवार को तीन लाख प्रति किग्रा का स्तर पार करने के बाद मंगलवार को चांदी 3.20 लाख प्रति किलोग्राम के भाव के करीब पहुंच गई। वहीं, सोना 1.48 लाख के पार चला गया है।

# दिल्ली-एनसीआर से ग्रैप-4 हटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली और आसपास के एनसीआर इलाकों में वायु गुणवत्ता में कुछ सुधार को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की सब-कमेटी ने ग्रैप के चरण चार को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है।

सीएक्यूएम की ओर से आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 18 जनवरी को दिल्ली का औसत एक्यूआई 440 था, जो 19 जनवरी को घटकर 410 और 20 जनवरी को 378 दर्ज किया गया। मौसम में सुधार और हवा की रफ्तार बढ़ने से प्रदूषण के स्तर में कमी आई है। मौसम

- अब ग्रैप-3 लागू हुआ, लोगों को मिली बड़ी राहत
- पर जारी रहेंगी पाबंदियां

विभाग और आईआईटीएम के पूर्वानुमान के मुताबिक आने वाले दिनों में एक्यूआई इसी स्थिति में ही रहने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए, सब-कमेटी ने ग्रैप के चरण चार तहत लगाए गए सख्त प्रतिबंधों को हटाने का निर्णय लिया। हालांकि, ग्रैप एक, दो और तीन के तहत सभी उपाय पहले की तरह लागू रहेंगे।

### शेयर बाजारों में निवेशकों के डूबे 9,43,793 करोड़

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को हुई भारी बिकवाली के कारण निवेशकों को 9,43,793 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। कारोबार की समाप्ति पर घरेलू कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण घटकर 4,55,76,004 करोड़ रुपये रह गया जो 30 सितम्बर 2025 के बाद का निचला स्तर है। यह सोमवार को 4,65,19,797 करोड़ रुपये था। इस प्रकार बाजार पूंजीकरण में 9,43,793 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स मंगलवार को 1065.71 अंक गिरकर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ।

# मोदी ने नितिन नबीन की पीठ थपथपाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नितिन नबीन भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को इसका आधिकारिक ऐलान हुआ। इसके बाद पीएम मोदी उन्हें पार्टी अध्यक्ष के दफ्तर लेकर गए।

हाथ पकड़कर पार्टी अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया। मिठाई खिलाई और उनके परिवार से भी मिले। भाजपा मुख्यालय में नितिन नबीन ने पीएम मोदी का स्वागत किया। उनके साथ पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। इस दौरान भाजपा-एनडीए राज्यों के मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद थे। चुनाव प्रभारी द्वारा निर्वाचन पत्र सौंपे जाने के बाद पीएम मोदी ने नितिन नबीन को माला पहनाकर बधाई दी। पीएम मोदी नितिन को अध्यक्ष के ऑफिस लेकर पहुंचे। उनका हाथ पकड़कर कुर्सी पर बिठाया। 45 साल के नबीन सबसे कम उम्र के भाजपा अध्यक्ष चुने गए हैं। चुनाव प्रक्रिया 19 जनवरी को दिल्ली भाजपा मुख्यालय में हुई थी।



- भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी पर बिठाया, मिठाई खिलाई और उनके परिवार से भी मिले

नबीन ने नियुक्ति पत्र पर दस्तखत किए। पीएम मोदी ने उनकी पीठ थपथपाई। पीएम ने स्पीच में भी कहा था कि नितिन ऐसे दौर के हैं, जिसने बचपन में रेडियो पर खबरें सुनीं और आज एआई का इस्तेमाल करना जानते हैं। उनमें युवा जोश और बहुत सारा अनुभव दोनों हैं। नितिन को नई जिम्मेदारी देते हुए पीएम ने उन्हें मिठाई खिलाई। उनके साथ राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा भी मौजूद थे। पदभार ग्रहण करने के दौरान नितिन की पत्नी दीपमाला और उनके बेटे नैतिक और बेटी नित्या भी मौजूद थे। पीएम मोदी उनसे मिले। पीएम ने नितिन की ढाई साल की बेटी नित्या को गोद में उठाकर दुलार किया। नितिन नबीन, मजिंदर सिंह सिरसा और बाकी नेताओं के साथ गुरुद्वारा बंगला साहिब गए।

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### संसद व राज्य विधानमंडलों की कार्यवाही के दिनों में कमी चिंताजनक: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संसद व राज्य विधानमंडलों की कार्यवाही में लगातार कमी और सत्रों के दौरान बढ़ते हंगामे पर चिता जताई है। उन्होंने कहा कि बार-बार व्यवधान के कारण जनहित के मुद्दों पर चर्चा प्रभावित होती है और लोकतांत्रिक व्यवस्था की उपयोगिता पर नकारात्मक असर पड़ता है। मायावती ने लखनऊ में आयोजित 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों एवं सचिवों के तीन दिवसीय सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि विधानमंडलों के घटते कार्य समय पर गंभीर मंथन होना चाहिए। उन्होंने सरकार और विपक्ष दोनों से अपील की कि सदनों को सुचारु रूप से चलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि संसद और विधानमंडल संविधान व लो. कतंत्र के प्रमुख स्तंभ हैं और सरकार/कार्यपालिका को जवाबदेह बनाए रखने में इनकी भूमिका अहम है।

### जम्मू को कश्मीर से अलग नहीं किया जा सकता: फारूक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि जम्मू को कश्मीर से अलग नहीं किया जा सकता और वह ऐसे किसी भी व्यक्ति का समर्थन नहीं करते जो इस विचार का समर्थन करता है। जम्मू प्रांत के प्रखंड अध्यक्षों और सचिवों के सम्मेलन के दूसरे दिन यहां संवाददाताओं से बात करते हुए डा. अब्दुल्ला ने कहा कि जो लोग जम्मू क्षेत्र को कश्मीर से अलग करने की वकालत कर रहे हैं, वे मूर्ख और अज्ञानी हैं।

# मेले के नाम पर मोटा कमीशन गटकने का खेल शुरू: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रयागराज माघ मेले में अव्यवस्था और शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती मुद्दे पर दी तीखी प्रतिक्रिया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज माघ मेले में अव्यवस्था और शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ हुए घटनाक्रम का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के "महाभ्रष्ट राज" में मेले के नाम पर पचासों हजार रुपये की बड़ी रकम कमीशन के रूप में गटकने का नया खेल शुरू हो गया है।

यादव ने एक्स पर कहा कि मेला महाभ्रष्टाचार" की कमीशनखोरी में भाजपाई गुट की मिलीभगत के कारण साधु-संतों को सम्मान नहीं मिल पा रहा है और मेले की अव्यवस्था पर बोलने वालों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन- प्रशासन 'कमीशन खोरी' के इस गोरखधंधे को बचाने के लिए आपत्तिजनक, अपमानजनक और हिसक दुर्व्यवहार कर रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा को कमिश्नर की जगह 'कमीशनर' नाम की नई पोस्ट बना देनी चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि "मेलाक्षेत्र के संजय का 'धृतराष्ट्र' कौन है", जिसे प्रत्यक्ष घटनाक्रम दिखाया-सुनाया जा रहा था। गौरतलब है कि प्रयागराज में माघ मेले के दौरान मौनी अमावस्या पर संगम नोज पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे प्रशासन को व्यवस्था संभालने में कठिनाई हुई। इसी दौरान ज्योतिष पीठ के शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को भीड़ को देखते हुए आगे बढ़ने से रोक दिया गया था। प्रशासन ने उनसे रथ से उतरकर पैदल चलने का आग्रह किया, लेकिन समर्थकों ने विरोध करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश की। जिसके बाद पुलिस और समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की और हल्की झड़प की स्थिति बन गई। जिसके बाद अविमुक्तेश्वरानंद ने पुलिस पर संतो के साथ मारपीट का आरोप लगाया है।

### मेला प्राधिकरण ने अविमुक्तेश्वरानंद से मांगा शंकराचार्य होने के प्रमाण

**प्रयागराज।** प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने उच्चतम न्यायालय की नोटिस का हवाला देते हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद सरस्वती को नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब मांगा है। मेला प्रशासन द्वारा ज्योतिष पीठ का शंकराचार्य न माने जाने को लेकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का जवाब भी सामने आया है। उन्होंने साफ कहा है कि शंकराचार्य वह है जिसे बाकी अन्य तीन पीठों के शंकराचार्य मान्यता देते हैं।

# लंबी दूरी की बसों में दो ड्राइवर तैनात करने की तैयारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ उप्र में राज्य सरकार ने वाहन पंजीकरण के समय डीलर स्तर पर दो हेलमेट देना अनिवार्य किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) जल्द ही लंबी दूरी की बसों में दो ड्राइवर तैनात करने की योजना पर काम कर रहा है, ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार ने दोपहिया वाहन खरीदने वालों के लिए वाहन पंजीकरण के समय डीलर स्तर पर दो हेलमेट देना अनिवार्य किया है। इसके साथ ही नो हेलमेट, नो फ्यूल नियम भी लागू किया गया है। हालांकि उन्होंने माना कि जन-जागरूकता की कमी के कारण इन नियमों का अभी तक अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि नियम बनाना और उन्हें लागू करना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन आम जनता का इन्हें अपने दैनिक जीवन में पालन करना उतना ही जरूरी है। यदि लोग यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें, तो सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। उन्होंने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने में मीडिया की अहम भूमिका पर भी जोर दिया। दयाशंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण "यूपीडा" से एक्सप्रेसवे पर होल्डिग एरिया और डॉर्मिटरी (विश्राम स्थल) विकसित करने पर विचार करने को कहा है, ताकि लंबी दूरी तय करने वाले ड्राइवरों को सुरक्षित पार्किंग और ठहरने की सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि दुर्घटना के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाने में काफी समय लग जाता है, क्योंकि एक्सप्रेसवे पर ट्रॉमा सेंटर की कमी है। मंत्री ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर हर 100 किलोमीटर पर एक ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने पर गंभीरता से विचार चल रहा है।

# पार्टी को नई ऊर्जा व दिशा देंगे नितिन नबीन: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ/ दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में मुख्यमंत्री ने नितिन नबीन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नितिन नबीन के कुशल नेतृत्व, समृद्ध संगठनात्मक अनुभव और दूरदर्शी सोच से भारतीय जनता पार्टी को नई ऊर्जा और नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी आशा व्यक्त की कि नितिन नबीन का मार्गदर्शन उत्तर प्रदेश को निरंतर मिलता रहेगा, जिससे राज्य में संगठन और सरकार दोनों को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर भी बधाई संदेश साझा करते हुए लिखा है कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में नितिन नबीन अंत्योदय के पथ पर चलते हुए अपनी निष्ठा और समर्पण से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। साथ ही, वे पार्टी के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। योगी आदित्यनाथ ने नितिन नबीन के सफल और प्रेरणादाई कार्यकाल के लिए अनंत शुभकामनाएं दीं।

## रायबरेली मे गरजे कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता

# मनरेगा गरीब-मजदूर के स्वाभिमान से जुड़ा कार्यक्रम

रायबरेली, वार्ता



■ कहा: किसी भी कीमत पर इसे कमजोर नहीं होने दिया जाएगा, जनता को विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी

कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि गरीबों और मजदूरों के स्वाभिमान व रोजगार के अधिकार से जुड़ा कार्यक्रम है, जिसे किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा।

दो दिवसीय दौरे में अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली आए गांधी ने आज सांसद आवास मुंशीगंज में जनप्रतिनिधियों व संगठन पदाधिकारियों से मुलाकात कर जनता को विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने करीब दो करोड़ 61 लाख रुपये से अधिक की लागत से कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया। साथ ही लगभग 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों व अन्य कार्यों का शिलान्यास भी किया। इस दौरान राहुल गांधी ने सांसद आवास पर सामाजिक संगठनों व प्रतिनिधि मंडलों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद उन्होंने आईटीआई स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में यूथ स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से आयोजित टूर्नामेंट का उद्घाटन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और युवाओं को खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा वह नगर पालिका अध्यक्ष के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इसके बाद वह रोहनिया विकास खंड के उसरन गांव पहुंचे, जहां कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे 'मनरेगा बचाओ संग्राम' चौपाल कार्यक्रम में भाग लिया। चौपाल में उपस्थित गरीबों, किसानों और मजदूरों से संवाद करते हुए उन्होंने मनरेगा को लेकर केंद्र सरकार की उपेक्षा पर सवाल खड़े किए और इस महत्वपूर्ण योजना को समाप्त किए जाने के कथित प्रयासों का विरोध किया। इस दौरान राहुल गांधी के साथ अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### भारत का शहरी ढांचा ढह रहा है: राहुल गांधी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजी. नियर युवराज मेहता की मौत को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। गांधी ने मंगलवार सुबह 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए इसे भारत के शहरी ढांचे के पतन का उदाहरण बताया और कहा कि देश में समस्या पैसे, तकनीक या समाधान की नहीं, बल्कि जवाबदेही की कमी की है। उन्होंने अपनी पोस्ट में युवराज मेहता की तस्वीर साझा की है। गौरतलब है कि युवराज मेहता गुरुग्राम की एक आईटी कंपनी में कार्यरत थे और नोएडा में रहते थे। बीते शुक्रवार रात वह अपने घर लौट रहे थे। घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी। सेक्टर-150 स्थित टाटा यूरेका पार्क के पास, घर से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर, उनकी कार (ग्रैंड विटारा) एक तीखे मोड़ के पास नियंत्रण खो बैठी और 20 फीट गहरे पानी से भरे "गड्ढे" में गिर गई। इस हादसे में युवराज मेहता की मौत हो गई।



सेंसेक्स 82180.47
निफ्टी 25232.50



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली सेंसेक्स 1,066 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता



ग्रीनलैंड मामले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रुख से मंगलवार को दुनिया के अन्य शेयर बाजारों के साथ घरेलू शेयर बाजारों में भी भारी गिरावट देखी गई, जिससे निवेशकों को 9,43,793 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1065.71 अंक (1.28 प्रतिशत) गिरकर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी.50 सूचकांक भी 353 अंक टूटकर 25,232.50 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का 14 अक्टूबर 2025 के बाद का निचला स्तर है। यह लगातार दूसरा दिन है जब दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहे हैं। सुबह गिरावट में खुलने के बाद सेंसेक्स का ग्राफ लगातार नीचे उतरता गया। एक समय यह 1,236 अंक टूट गया था। ग्रीनलैंड मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कार्रवाई और बयानों से पूरी दुनिया में शेयर बाजारों पर जबरदस्त दबाव रहा। बिकवाली इस कदर हावी रही कि सेंसेक्स की 30 कंपनियों में सिर्फ एचडीएफसी बैंक का शेयर ही हरे निशान में रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में और अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप. 50 सूचकांक 2.73 प्रतिशत और स्मॉलकैप. 100 सूचकांक 2.85 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। रियलटी सेक्टर का सूचकांक पांच प्रतिशत गिर गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रसायन, ऑटो, आईटी और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांकों में दो से तीन प्रतिशत तक की गिरावट रही। बिकवाली का दबाव इस कदर रहा कि एनएसई में जिन 3,307 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,684 के शेयरों टूट गए जबकि 538 में तेजी रही। अन्य 85 कंपनियों के शेयर अंततः स्थिर रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 29 के शेयर लाल निशान में रहे। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 4.02 प्रतिशत टूटा। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.88 प्रतिशत, सनफार्मा का 3.68, बजाज फिनसर्व का 3.05, इंडिगो और इंडिगो का 3.04 प्रतिशत गिर गया। ट्रेंट में 2.89 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.83, एशियन पेंट्स में 2.75, टाटा स्टील में 2.50, अडानी पोर्ट्स में 2.40 और टेक महिंद्रा में 2.32 प्रतिशत की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 1.96 फीसदी, आईटीसी का 1.95, मारुति सुजुकी का 1.85, टीसीएस का 1.74, टाइटन का 1.67, एलएंडटी का 1.54 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.52 प्रतिशत लुढ़क गया।

# रुपया सात पैसे टूटा ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद

**मंबुई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को सात पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.97 रुपये का बोला गया। यह रुपये का अब तक का निचला बंद स्तर है। इससे पहले 16 दिसंबर 2025 को यह बीच कारोबार में 91.14 रुपये प्रति डॉलर तक लुढ़कने के बाद 90.93 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। भारतीय मुद्रा में यह लगातार पांचवीं गिरावट है। सोमवार को यह 11.25 पैसे टूटकर 90.90 रुपये प्रति डॉलर पर हुई थी। पांच दिन में यह 79.50 पैसे टूटी है। रुपया आज एक पैसे फिसलकर 90.91 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। यह ऊपर 90.88 रुपये और नीचे 91.06 रुपये प्रति डॉलर तक गया। अंत में 90.97 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में करीब एक प्रतिशत की नरमी से रुपये को समर्थन मिला, लेकिन घरेलू शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली के कारण रुपया कुल मिलाकर दबाव में रहा।

# चावल, चीनी, दालों में तेजी, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमतों में टिकाव रहा। चीनी और दालों के दाम भी बढ़े। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत पांच रुपये बढ़कर 3,854 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 2,856 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत भी दो रुपये बढ़ी। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। तुअर दाल औसतन 33 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। उड़द दाल 22 रुपये और मसूर दाल 17 रुपये मजबूत हुई। चना दाल 16 रुपये और मूंग दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 26 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,120 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिका सोया तेल का मार्च वायदा 0.36 प्रतिशत चढ़कर 52.80 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 48 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 27 रुपये और वनस्पति 22 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल और पाम ऑयल में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : दाल चना 7780.62 रुपये, मसूर काली 8144.53 रुपये, मूंग दाल 10098.71 रुपये, उड़द दाल 10426.77 रुपये, तुअर दाल 10631.73 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2855.95 रुपये और चावल 3853.58 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3305.69 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4292.83 रुपये और गुड़ 4986.12 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17571.24 रुपये, मूंगफली तेल 17930.50 रुपये, सूरजमुखी तेल 16006.83 रुपये, सोया तेल 13783.71 रुपये, पाम ऑयल 12473.39 रुपये और वनस्पति 14464.97 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# दस फरवरी के बाद भी नहीं रद्द होगी उड़ान, इंडिगो ने डीजीसीए को बताया

**नई दिल्ली।** चालक दल के सदस्यों की तैनाती में 'कुप्रबंधन' के कारण पिछले साल दिसम्बर के पहले सप्ताह में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द करने वाली निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को बताया है कि उसके पास 10 फरवरी तक पर्याप्त संख्या में पायलट उपलब्ध होंगे और 10 फरवरी के बाद उड़ानें रद्द नहीं होंगी। डीजीसीए में पिछली साप्ताहिक बैठक के दौरान इंडिगो ने सोमवार को बताया कि उड़ानों की मौजूदा मंजूर संख्या के लिए डीजीसीए की फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित छूट हटा लेने के बावजूद 10 फरवरी को पायलट की उपलब्धता को देखते हुए उड़ानें रद्द नहीं होंगी। उसने बताया कि 10 फरवरी को उसके पास एयरबस के 2,400 कमांड पायलट होंगे, जबकि जरूरत 2,280 पायलट की है। एयरबस के 2,240 को-पायलट होंगे, जबकि जरूरत 2,050 पायलट की है। विमानन नियामक ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बैठक की जानकारी साझा करते हुए बताया कि इंडिगो ने डीजीसीए को आश्वस्त किया है कि इन तथ्यों के मद्देनजर 10 फरवरी के बाद कोई उड़ान रद्द नहीं होगी। उसने कहा कि दिसम्बर में हुए संकट के बाद इंडिगो को छह दिसम्बर 2025 से 10 फरवरी 2026 तक के लिए फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित दो नियमों में विशेष छूट दी थी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सहारनपुर में...** पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और धीरे-धीरे अशोक राठी के सभी सगे संबंधी उनके मकान पर पहुंच गए। एसएसपी तिवारी ने कहा कि पुलिस हर बिंदु की बारीकी से जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस मृतक अशोक राठी के स्वास्थ्य संबंधी मामलों की जानकारी लेने का काम कर रही है। उनका कहना था कि शुरुआती जांच और प्राप्त तथ्यों के आधार पर यह सामूहिक आत्महत्या की घटना है। पुलिस ने मौके से लोडिड तीनों देशी तमंचों को भी कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर रही है। इस लोमहर्षक घटना से पूरा जनपद ही नहीं, बल्कि प्रदेश सिहर गया। जनपद के आला अफसरों ने घटना की सूचना मुख्यमंत्री समेत गृह सचिव, डीजीपी और संबंधित अफसरों को भेज दी है। पुलिस इस घटना के पीछे कारणों की तलाश में हर एंगल से जुटी है।

# खड़गे ने खान अब्दुल गफ्फार खान की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को खान अब्दुल गफ्फार खान की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें फंटियर गांधी के नाम से जाना जाता है। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए बाचा खान को शांति का प्रकाशस्तंभ बताया और कहा कि उनका जीवन और कार्य भारत तथा दक्षिण एशिया भर में लाखों लोगों को लगातार प्रेरित करता रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने देश के स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता खान अब्दुल गफ्फार खान को शांति और अहिसा के आजीवन समर्थक के रूप में याद किया गया। श्री खरगे ने भारत की आज़ादी में उनके अमूल्य योगदान और मानव गरिमा तथा सद्भाव के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को स्मरण किया। श्री खरगे ने यह भी बताया कि भारत रत्न से सम्मानित गफ्फार खान को स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपने सिद्धांतों के लिए बार-बार कारावास झेलना पड़ा। उन्होंने पश्तून नेता के कांग्रेस के साथ लंबे जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि वे कई वर्षों तक कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य रहे और संविधान सभा के लिए भी निर्वाचित हुए। खड़गे ने श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि अहिंसा, सद्भाव और मानव गरिमा के प्रति उनकी दृढ़ निष्ठा आज भी लाखों लोगों को प्रेरित करती है और हमें उन साझा मूल्यों की याद दिलाती है, जो हम सभी को एक सूत्र में बांधते हैं।

# अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

लखनऊ, वार्ता

■ जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद वास्तव में शंकराचार्य हैं या नहीं

माघ मेला क्षेत्र में जगद्गुरु शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा जारी नोटिस पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उत्तर प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि अब प्रदेश की भाजपा सरकार खुद यह तय करने पर उतारू हो गई है कि जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद वास्तव में शंक. राचार्य हैं या नहीं।

उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ सनातन परंपरा का अपमान है, बल्कि धर्माचार्यों की गरिमा पर सीधा हमला भी है। एक ओर जगद्गुरु शंकराचार्य को नोटिस भेजे जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार और उसके नेता सनातन धर्म के नाम पर बड़े-बड़े भाषण देते नहीं थकते। यह साफ तौर पर सरकार की दो. हरी नीति को उजागर करता है। श्री राय ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस देश और प्रदेश में सत्ता में बैठे लोग खुद को "हिंदू धर्म का रक्षक" बताते हैं, उसी शासन में एक प्रतिष्ठित धर्माचार्य की पहचान पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। यह रवैया न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है, बल्कि भारतीय परंपराओं के भी खिलाफ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार को यह समझना चाहिए कि धर्म का सम्मान केवल मंचों से भाषण देकर नहीं होता, बल्कि अपने आचरण और व्यवहार से होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बार-बार धर्म को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है, लेकिन जब वास्तविक सम्मान की बात आती है, तो उसका चेहरा बेनकाब हो जाता है। अजय राय ने मांग की कि राज्य सरकार इस पूरे मामले पर अपना रुख स्पष्ट करे और धर्माचार्यों के सम्मान से जुड़े किसी भी कदम से पहले सनातन परंपराओं और धार्मिक मर्यादाओं का ध्यान रखे। गौरतलब है कि माघ मेला क्षेत्र में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा जारी नोटिस में न्यायालईन आदेशों का हवाला देते हुए शंकराचार्य पद से जुड़े विवाद का उल्लेख किया गया है और मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार के आयोजन, शिविर या गतिविधि को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्राधिकरण की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित वाद और पूर्व में पारित आदेशों के तहत विवादित विषय से जुड़े किसी भी प्रकार के आयोजन या प्रचार-प्रसार की अनुम. ति नहीं दी जा सकती।

CMYK

# लिपिक पर छात्रा से छेड़खानी का आरोप

## पुलिस ने जातिसूचक शब्द, अश्लील हरकत जैसी संगीन धाराओं में किया मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** बुढ़ाना रोड स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली कक्षा 10 की दलित छात्रा के साथ कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आने से इलाके में हड़कंप मच गया। छात्रा ने स्कूल के ही एक लिपिक पर अश्लील हरकतें करने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। घटना कॉलेज परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद होने की भी बात सामने आ रही है।



पीड़ित छात्रा ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन तत्काल कॉलेज पहुंचे और स्कूल प्रबंधन के साथ-साथ स्थानीय पुलिस को भी पूरे मामले से अवगत कराया। आरोप है कि लिपिक ने छात्रा को कार्यालय में बुलाकर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया।

मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आरोपी लिपिक लोकेश गुप्ता को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने छात्रा, उसके परिजनों, प्रधानाचार्य और स्कूल प्रबंधन से पूछताछ शुरू कर दी है। पीड़िता की मां ने कोतवाली में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि लिपिक ने छात्रा के साथ एक दिन पहले भी अशोभनीय हरकत की थी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी प्रैक्टिकल की कॉपी जमा करने के लिए लिपिक के कार्यालय गई थी, जहां उसने छात्रा को दबोच लिया और आपत्तिजनक हरकतें कीं। साथ ही जातिसूचक शब्दों का प्रयोग भी किया गया। घटना के बाद स्कूल परिसर में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि छात्रा के बयान, सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने शैक्षणिक संस्थानों में इस तरह की घटनाओं पर चिंता जताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर आरोपी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# वेतन न मिलने पर सफाईकर्मियों का हंगामा

### ईओ ने कहा कम्पनी को करेंगे ब्लैकलिस्टिड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तीन माह से वेतन न मिलने पर आउटसोर्स के सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका पहुंच कर जमकर हंगामा किया। सफाई कर्मचारियों ने ईओ का घेराव करते हुए ईपीएफ घोटाले को लेकर आक्रोश जताया है। ईओ ने सेवा प्रदाता ठेकेदार फर्म को कर्मचारियों का शीघ्र वेतन जारी करने के निर्देश दिए। शहरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बनाने के लिए नगर पालिका में आउटसोर्स पर 397 कर्मचारी दो ठेकेदार फर्म के अधीन कार्यरत हैं। इनमें 369 सफाई कर्मचारी और 28 वाहन चालक शामिल हैं। दोनों ही ठेकेदार फर्म का ईपीएफ घोटाला सामने आने के बाद इन कर्मचारियों को वेतन का संकट गहरा गया है।

पालिका प्रशासन की जांच के बाद ठेकेदार फर्म के खिलाफ सख्ती और उनके भुगतान पर लगाई गई रोक के कारण कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है।

इसी समस्या को लेकर आउटसोर्स सफाई कर्मचारी मंगलवार को सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री मिलन कुमार, राज. कुमार बेनीवाल, सोनू बेनीवाल के नेतृत्व में नगर पालका पहुंचे और ईओ का घेराव करते हुए हंगामा किया। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने 28 वाहन चालकों की सेवा प्रदान कर रही ठेकेदार फर्म आरवाई सिक्योरिटी एण्ड इंटेलिजेंस प्रा. लि. प्रयागराज और 369 सफाई कर्मियों की सेवा दे रही अलर्ट सिक्योरिटास प्रा. लि. के प्रोपराइटर को फोन कर वेतन जारी नहीं करने के लिए कड़ी फटकार लगाई और चेतावनी दी कि यदि दो दिनों में कर्मियों का वेतन जारी नहीं किया गया तो उन्होंने कहा कि अनुबंध में स्पष्ट किया गया है कि ठेकेदार फर्म किसी भी सूरत में कर्मचारियों को वेतन नहीं रोकेंगी, भले ही पालिका से उनको मासिक भुगतान भी न किया गया हो। ईओ ने भरोसा दिलाया कि दो दिनों में कर्मचारियों को वेतन जारी करा दिया जायेगा।

मुजफ्फरनगर पालिका में आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों के ईपीएफ में बड़ा वित्तीय घोटाला करने वाली ठेकेदार फर्म अलर्ट सिक्योरिटास प्रा. लि. के खिलाफ पालिका प्रशासन सख्त कार्रवाई करने जा रही है। ठेकेदार फर्म को ब्लैकलिस्ट करते हुए ईपीएफ भुगतान का पैसा पाने के लिए रिकवरी की तैयारी की जा रही है। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि अलर्ट सिक्योरिटास को आरोपों के आधार पर अपना पक्ष रखने का समय दिया गया है। ठेकेदार फर्म का कहना है कि ईपीएफ भुगतान किया गया है, लेकिन तकनीकी कारणों से वो पोर्टल पर अद्यतन नहीं हो पाया है। इसके लिए ठेकेदार को बुधवार को पूरे दस्तावेजों के साथ पालिका बुलाया गया है।

## युवती को बहला फुसलाकर गायब करने का आरोप

**भोपा।** क्षेत्र के गांव में युवती को बहका फुसला कर गायब कर देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने मारपीट करने का भी आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने व पुत्री की बरामदगी की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि गांव का ही एक युवक उसकी पुत्री को बहका फुसलाकर कहीं लेजाकर गायब कर दिया। उन्होंने इस संबंध में आरोपी युवक के परिजनों से बात की तो आरोपी युवक व उसके माता-पिता ने दबंगई दिखाते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने पुत्री की जान को खतरा जताते हुए उसकी बरामद की गुहार लगाई है। युवक अंकुश उसके पिता गौतम माता मेनका निवासी नंगला बुजुर्ग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

## ग्राम्य विकास बैंक चरथावल के लिए अंजू त्यागी ने किया नामांकन

**चरथावल।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक लिमिटेड चरथावल शाखा प्रतिनिधि के चुनाव के लिए मंगलवार को भाजपा समर्थित अंजू त्यागी द्वारा नामांकन-पत्र निर्वाचन अधिकारी के समक्ष दाखिल किया गया और कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं है। एक ही नामांकन-पत्र होने के कारण भाजपा प्रत्याशी की निर्विरोध जीत तय है। निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमारद्ध सहायक अभियंता सिचाई विभाग ) ने बताया कि ग्राम्य विकास बैंक शाखा के प्रतिनिधि के चुनाव हेतु एक नामांकन-पत्र की बिक्री हुई थी। जिसे भाजपा समर्थित प्रत्याशी अंजू त्यागी पत्नी पूर्व सभापति कुबेरदत्त त्यागी द्वारा खरीदा गया था। अंजू त्यागी द्वारा मंगलवार को विकास खण्ड कार्यालय निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन-पत्र जमा किया गया। एक ही नामांकन-पत्र होने के कारण भाजपा प्रत्याशी अंजू त्यागी की निर्विरोध जीत मानी जा रही है।नामांकन-पत्र जमा करने के दौरान जिला पंचायत सदस्य डा.विपिन त्यागी,विवेक बलियान,अनिल त्यागी,देवव्रत त्यागी,भूषण त्यागी,मनीष गर्ग, प्रशांत त्यागी,तनु त्यागी,राधेलाल,जितार्थ त्यागी,विजय त्यागी,राजन त्यागी सहित अनेक भाजपा नेता उपस्थित रहे।

# मकान की खरीद फरोख्त में स्टांप चोरी व संपत्ति की जांच की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मौहल्ला गौशाला में हिन्दू बस्ती में मुस्लिम परिवार द्वारा मकान खरीदने का मामला अब शिकायतों तक पहुंच गया है।

शहर के शामली रोड स्थित हिंदू बाहुल्य क्षेत्र में 410/1 गौशाला पश्चिम मकान जिसका क्षेत्रफल 125. 41 वर्ग मीटर दो रास्तों का एवं इससे लगा हुआ एक अन्य मकान जिसका क्षेत्रफल 105.35 वर्ग मीटर है इसको भी अल्लाह बंदी पत्नी मंगलू हीन हाल निवासी ग्राम पीनना इन दोनों मकानो को अली हसन नामक व्यक्ति हाल निवासी ग्राम पीनना ने स्टांप शुल्क की चोरी करके इन दोनों मकानों को खरीदा है स इस भवन में मौके पर क्षेत्रफल अधिक है जबकि कागजों में बैनामा कम क्षेत्रफल का है। उक्त संबंध में जांच कर उचित कार्यवाही की मांग उठाते हुए कहा गया कि उन्होने अली हसन नामक व्यक्ति की संपत्ति की जांच भी कराई जाए क्योंकि यह व्यक्ति कहीं अवैध फंडिंग के माध्यम से हिंदू बाहुल्य क्षेत्र में मकान खरीद कर शहर का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहा है, क्योंकि इनके द्वारा किए जा रहे कृत्यों से हिंदू बाहुल्य कॉलोनी गौशाला पश्चिम मोहल्ले के निवासी गन इनकी गलत गतिविधियों के कारण पिछले 4 दिनों से धरना देने का कार्य कर रहे है जिससे शहर का माहौल खराब होने की आशंका है कल हिंदू संघर्ष समिति से जुड़े अन्य हिंदू संगठनों ने जाकर मोहल्ले वासियों को समझा कर शांत किया है।

ज्ञापन देने वालों में अरुण प्रताप सिंह पवन पांचाल डॉ संजीव शर्मा अमित गोयल सुनील सिंघल राजेंद्र धीमान मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: पीर हटाने की मांग को लेकर कोतवाली में सीओ को ज्ञापन देते शिव सैनिक।

# चोरों के साथ जुड़ा सीएससी संचालक का नाम

## पुलिस ने जन सेवा केन्द्र पर छापा मारकर लेपटॉप, प्रिंटर किए बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस ने एक ऐसे गिरोह को सलाखों के पीछे भेजा है जो मोटर साईकिल बेचने के लिए फर्जी आधार कार्ड तैयार करता था। इस मामले में जन सेवा केन्द्र संचालक पर भी कानून का शिकंजा कसा गया है। पकडा गया आरोपी चोरी के वाहन गिरोह से मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेज बनाता था और इतना ही नहीं वह चोरी के वाहन बेचने के भी वाहन चोर गिरोह का सहयोग करता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक लेपटॉप, प्रिंटर और अन्य सामान बरामद करने का दावा किया है।

नई मंडी कोतवाली प्रभारी ब्रजेश शर्मा ने बताया कि सूचना के आधार पर कूकडा जोली मार्ग पर स्थित पीएनबी जन सेवा केन्द्र पर छापा मारा गया। सूचना मिली थी कि इस जन सेवा केन्द्र पर चोरी के वाहनों की बिक्री के लिए फर्जी आधार कार्ड तैयार किए जा रहे है पुलिस ने जन सेवा केन्द्र से प्रकाश उर्फ चिराग उर्फ बेदी निवासी भरतीय कॉलौनी को गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि इसके पास से घटना में प्रयुक्त किया जाने वाला लेपटॉप और प्रिंटर बरामद किया गया है। छानबीन के बाद पुलिस ने इसी मामले में एक ओर जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी पर पहले भी मुकदमा दर्ज है और इससे पहले भी वह चोरी की घटनाओं में लिप्त अपने साथी दीपक, कपिल और सन्नी के साथ 24 नवंबर 2025 को जेल जा चुका है। ब्रजेश शर्मा ने यह भी जानकारी दी कि छानबीन व पूछताछ से पता चला कि वह पीएनबी सेवा केन्द्र चलाता है और उसकी दोस्ती, दीपक, कपिल और सन्नी से काफी पुरानी है। यह तीनों लोग ही बाइक चोरी करते है और वाहन स्वामी का नाम और पता एआरटीओ ऐप से पता लगाकर उनके नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार करता था। यह गिरोह इतना शातिर है कि लोगों के पते पर अपने साथियों की फोटो लगाकर फर्जी आधार कार्ड और वाहन स्वामियों के नाम से तैयार करते थे। और इसके बाद फर्जी दस्तोवज के नाम पर भोले-भाले लोगों को चोरी की बाइक बेच देते थे।

पुलिस का कहना है कि यह अभी तक काफी बाइके बेच चुके है और दीपक, कपिल और सन्नी की गिरफ्तारी से प्रकाश फरार चल रहा था जहां पुलिस ने इस मामले में प्रकाश को गिरफ्तार कर जेल भेज चुका है। पुलिस का कहना है कि अभी कुछ ओर ऐसे ही जन सेवा केन्द्र पर पुलिस की नजर है और जल्द ही कुछ ओर लोग भी इस तरह की कार्यवाही में आ सकते है।

# शिव सैनिकों ने पीर को लेकर नगर कोतवाली में किया हल्ला बोल प्रदर्शन

### प्रदर्शनकारियों ने जांच कर कार्यवाही की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** शिव सैनिकों का हल्लाबोल, नगर कोतवाली में पीर के अतिक्रमण को लेकर प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन सौंपा, शिव सेना का आरोप है कि 10 गज से बढ़ाकर 100 गज में अवैध निर्माण कर लिया गया है। शिव सैनिक बोले अगर अवैध निर्माण नहीं हटा तो मंदिर के लिए जगह की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा लैंड जिहाद के तहत ही इस पर पर अवैध कब्जा बढ़ाया जा रहा है।

दरअसल, शिव सैनिकों ने रुड़की रोड़ स्थित एक पीर पर अवैध निर्माण का आरोप लगाया है, यही नहीं उन्होंने कहा, उक्त पीर पहले 10 गज जगह में बना था परंतु लैंड जिहाद के तहत धीरे धीरे अवैध निर्माण कराया जा रहा है अब हाइवे के नज़दीक उक्त पीर अब 100 गज की जगह घेर चुका है। जिसपर अवैध निर्माण कराया जा रहा है।

लोकेश सैनी ने कहा लगातार लैंड जिहाद के अंतर्गत 100 गज जगह घेर रखी है साथ ही उन्होंने ये भी सवाल उठाए कि इसकी जाँच की जाए कि उक्त जगह पर कोई पीर है भी या नहीं, अगर नहीं है तो उसे ध्वस्त किया जाए।

उक्त स्थान के बैनामे की जाँच करने हेतु पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान दर्जनों शिव सैनिक मौजूद रहे।

उन्होंने कहा, अगर उक्त पीर पर प्रशासन कार्यवाही नहीं करता तो उसी के पास हमें जगह मुहैया कराई जाए, जहाँ हम हनुमान मंदिर का निर्माण कर सकें। साथ ही उन्होंने ये भी आरोप लगाया है पीर के बाहर सरकारी जमीन पर लगे वृक्षों को भी पीर की चार दिवारी में शामिल कर लिया गया है।

शहर कोतवाली में प्रदर्शन कर रहे शिव सैनिकों ने पुलिस से यह भी मांग रखी कि इस मामले में जल्द से जल्द कार्यवाही की जाए और इसकी जांच भी होनी चाहिए।

## दुष्कर्म में साढ़े पांच वर्ष की कैद

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली में इक्कीस अप्रैल 2018 को एक पीड़ित ने तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया था कि छपार थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी जॉनी पुत्र सुरेश ने उसकी बहन के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर लिया था और इक्कीस अप्रैल 2018 को मुकदमे में नामजद किए गए जोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था पुलिस ने घटना से संबंधित विवेचना पूर्ण कर न्यायालय में बीस जुलाई 2018 को आरोप पत्र दाखिल किया था। यह मामला एसटीसी द्वितीय के कोर्ट में विचाराधीन था। मुकदमे की पैरोकारी कर रहे अधिवक्ताओं ने कोर्ट में अपने-अपने तर्क रखे जहां कोर्ट ने आरोपी को पांच वर्ष की कैद और दस हजार का जुर्माना किया है।



मुजफ्फरनगर: ट्रेन से कटकर जान देने वाले वृद्ध की पुत्रवधु के खिलाफ कार्यवाही की मांग।

# सर्राफ की चांदी लेकर फरार सेल्समैन गिरफ्तार

## हथियारों के साथ तीन दबोचे, सुनार की दुकान से चोरी करने के तीन आरोपी पुलिस शिकंजे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग मामलों में तीन गिरोह को गिरफ्तार किया है एक मामले में पुलिस ने सर्राफ का जेवर लेकर फरार हुए सेल्समैन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चौदह किलो 600 ग्राम चांदी बरामद करने का दावा किया है। पकडा गया सेल्समैन विगत दिवस 18 किलो चांदी लेकर फरार हुआ था और पुलिस तभी से उसकी तलाश में छापे मार रही थी। वहीं दूसरी ओर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पिस्टल, तमंचे और कारतूस बरामद करने का दावा किया है। एक ओर मामले में कार्यवाही करते हुए नगर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर सर्राफ की दुकान में चोरी की गई करीब बारह ग्राम सोने के जेवर और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। शहर कोतवाल बबलू कुमार का कहना है कि विगत दिवस एसएसपी के आदेश पर सिद्धार्थ बंसल द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर कोतवाली में सेल्समैन चंद्रमणी शर्मा पुत्र स्व. रामअवतार शर्मा निवासी कुतुबशेर सहारनपुर के साथ 18 किलो चांदी के जेवर ले जाने का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने भागदौड कर सर्राफ के सेल्समैन चन्द्रमणी शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं दूसरी और पुलिस ने हर्षित चौधरी पुत्र बालेन्द्र सिंह निवासी आदर्श कॉलोनी व अर्णव राठी पुत्र सुनील राठी निवासी ग्राम सौंठा मंसूरपुर और यश शिवाज निवासी खानपुर खतौली को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक पिस्टल, तमंचे और कारतूस बरामद किए है।

एक अन्य घटना में शहर कोतवाली पुलिस ने इमरान पुत्र अजीज निवासी हापुड, सलीम पुत्र हनीफ व गुलजार पुत्र नसरूद्दीन को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 12 ग्राम सोने के जेवर बरामद किए है। इस घटना का मुकदमा जानसठ रोड वसुंधरा निवासी मोहित कुमार वर्मा ने 14 दिसम्बर को दर्ज कराते हुए बताया था कि उक्त लोगों ने उनकी दुकान पर पहुंचकर सोने के जेवर दिखाने के लिए कहा था और धोखाधडी करते हुए वह लोंग का एक पूरा पत्ता लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद तीनों गिरोह को जेल भेज दिया है।




# पुत्रवधु के छेड़खानी के आरोप से आहत इस्तेकार ने दी थी जान

## किन्नर ने पूरे परिवार को मुकदमे में फंसाया, बीस लाख रुपये मांगने का भी है आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुत्रवधु द्वारा छेडखानी व दहेज उत्पीडन के मुकदमे से एक नहीं पांच-पांच परिवारों को मुसीबतों का पहाड़ टूट गया है। पुत्रवधु द्वारा लगाए गए छेडखानी के इलजाम से आहत जहां ससुर को अपनी जान देनी पड़ी तो वहीं दो ननंद और जेठ-देवर भी इस मुकदमे से आहत है। घर के मुखिया द्वारा की गई आत्महत्या को दो दिन बीत चुके है और इस परिवार में अभी भी जहां लडकी पक्ष की दहशत सवार है तो वहीं उन्हे हर समय यह डर सता रहा है कि कही पुलिस उन पर कोई कडी कार्यवाही न कर दे। इस मामले में मृतक के परिजनों का आरोप है कि एक किन्नर के बिछाए हुए जाल के कारण पूरा परिवार दहशत और गम के साए में जी रहा है।

बता दे कि विगत दिवस सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला हाजीपुरा निवासी 55 वर्षीय इस्तेकार पुत्र कादिम ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। इस्तेकार ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था और उसके सबसे छोटे बेटे आस मौ. का निकाह खतौली की रहने वाली नजमा पुत्री युसूफ निवासी नया आबादी खतौली के साथ इक्कीस माह पूर्व हुआ था। दोनो पक्षों में काफी समय से मनमुटाव व विवाद चल रहा था इस मामले में जिम्मेदार लोगों की एक पंचायत भी हुई थी जिसमे दोनो पक्षों को समझाया गया, लेकिन लडकी पक्ष ने शायद इस परिवार की बर्बादी की पूरी तरह ठान ली थी। विवाहिता नजमा के चाचा किन्नर पूजा उर्फ चवन्नी उर्फ असलम पुत्र हाजी सुलेमान ने 55 वर्षीय इस्तेकार पर पुत्रवधु नजमा से छेडखानी और इस्तेकार की बेटी हीना पत्नी रिजवान निवासी शेखपुरा कदीम जनपद सहारनपुर व रजिया पत्नी नदीम निवासी शाहपुर व जेठ आस मौ. पुत्र इस्तेकार पर दहेज उत्पीडन का मुकदमा दर्ज करा दिया था। पुत्रवधु द्वारा छेडखानी का दर्ज कराया गया मुकदमे से इस्तेकार अपने आप को शर्मसार महसूस कर रहा था और अपनी पुत्रवधु के आरोपों से वह इतना परेशान था कि उसने मौत का रास्ता चुना और ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने किन्नर पूजा उर्फ चवन्नी उर्फ असलम द्वारा किए गए मुकदमे के बाद उस वक्त कड़ी हरकत में आई जब पुलिस को मालूम हुआ कि मुकदमे में नामजद इस्तेकार ने अपनी जान दे दी है कुल मिलाकर इस्तेकार की मौत के बाद यह परिवार पूरी तरह बर्बादी के कगार पर पहुंच चुका है तो वहीं ननंद और जेठ-देवर को भी इस मुकदमे से आत्मगलानी हो रही है। अब देखना है कि पुलिस इस मामले में क्या कार्यवाही करती है? आरोप तो यहां तक भी है कि ससुर पर छेडखानी और जेठ-देवर, ननंदो पर दहेज उत्पीडन का मुकदमा दर्ज कराने वाले लडके पक्ष से बीस लाख रूपयें की मांग कर रहे थे सच्चाई क्या है तो पुलिस जांच का विषय है, लेकिन मृतक के रोते-बिलखते परिजन बार-बार झूठा मुकदमे दर्ज कराने और बीस लाख रूपयें की मांग करने का आरोप लगा रहे है।

# फुलत में सरकारी जोहड़ी पर भूमाफियाओं की नजर

## अवैध कब्जे की कोशिश नाकाम, तहसील स्तर के अधिकारी करेंगे गहन जांच

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** ग्राम फुलत में सरकारी जोहड़ी (तालाब) की भूमि पर कब्जे की कोशिश को प्रशासन ने समय रहते विफल कर दिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी (एसडीएम) निकिता शर्मा ने तहसील स्तर की एक जांच कमेटी का गठन किया है, जो पूरे प्रकरण की विस्तार से जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जांच कमेटी में तहसीलदार अरविंद कुमार, नायब तहसीलदार राजीव त्यागी, कानूनगो तथा लेखपाल अश्वनी कुमार को शामिल किया गया है। टीम को निर्देश दिए गए हैं कि वह भूमि से जुड़े सभी राजस्व अभिलेखों की जांच करे, मौके का निरीक्षण करे और दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर निष्पक्ष रिपोर्ट सौंपे।

बताया गया है कि फुलत मार्ग पर स्थित यह विवादित भूमि लगभग छह बीघा क्षेत्रफल में फैली हुई है। इसमें से करीब तीन बीघा भूमि किसानों के नाम भूमिधर के रूप में दर्ज है, जबकि शेष तीन बीघा भूमि सरकारी जोहड़ी के रूप में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। आरोप है कि कुछ भूमाफियाओं ने सरकारी जोहड़ी की भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया।ग्रामीणों की शिकायत मिलते ही एसडीएम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर भेजा, जिससे अवैध निर्माण और कब्जे की कोशिश को रोक दिया गया। प्रशासन की तत्परता के चलते सरकारी भूमि को नुकसान से बचाया जा सका। एसडीएम निकिता शर्मा ने साफ शब्दों में कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जोहड़ी की भूमि को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से ग्रामीणों में संतोष का माहौल है और उन्होंने सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन की सराहना की है।

## चौरावाला में वृद्ध को बाइक सवार ने टक्कर मारकर किया घायल

**मोरना।**गांव चौरावाला मे मस्जिद से नमाज पढकर पैदल घर लौट रहे वृद्ध को बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी, जिसमें वह सडक पर गिरने से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी भोपा से जिला अस्पताल रेफर कर किया गया। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी 75 वर्षीय कुतबुद्दीन मंगलवार दोपहर मस्जिद से जोहर की नमाज अदा कर पैदल अपने घर लौट रहे थे कि पीछे से आ रहे बाइक सवार युवक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसमें वह सडक पर गिरने से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर भीड जमा हो गई और ग्रामीणों ने आरोपी युवक को पकड लिया। सूचना पर सरकारी एंबुलेंस मौके पर पहुंची गई और घायल को सीएचसी पर भर्ती कराया जहां से चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## ग्राम विकास बैंक प्रतिनिधि को 3 नामांकन दाखिल

### दो अन्य दावेदार आए भाजपा प्रत्याशी के सामने

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक लिमिटेड शाखा बुढ़ाना प्रतिनिधि के चुनाव के लिए मंगलवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक परिसर में एक आफिस में बनाए गये बूथ पर तीन नामांकन पत्रों की बिक्री की गयी। चुनाव अधिकारी शरद कुश्वाह ने बताया कि तीनों नामांकन पत्र जमा भी हुए।

नामाकन पत्रों की जांच और वैध प्रपत्रों का प्रदर्शन बुधवार के दिन होगा। बैंक प्रतिनिधि के चुनाव के लिए यहां पर भारतीय जनता पार्टी ने निवर्तमान प्रतिनिधि विनोद सैनी पर एक बार फिर से विश्वास जताते हुए उनको चुनावी मैदान में उतारा है वहीं दूसरी ओर बुढ़ाना क्षेत्र के गांव बिटावदा निवासी यशपाल सिंह और ओमकार सिंह ने भी इस चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अपने अपने नामांकन पत्र भी जमा किए। चुनाव अधिकारी शरद कुश्वाह ने बतलाया कि आज कुल तीन नामांकन पत्रों की ही बिक्री हुई थी और ये तीनों नामांकन पत्र आज जमा हो गए। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच और वैध प्रपत्रों का प्रदर्शन बुधवार के दिन किया जाएगा। उधर प्रत्याशी यशपाल सिंह व ओमकार सिंह का कहना है कि उनके नामांकन पत्र निरस्त करने का प्रयास किया जाएगा लेकिन क्षेत्र की जनता ऐसा नही होने देगी। अब तीन नामांकन पत्र दाखिल होने से यह तो स्पष्ट हो गया है कि भाजपा और अन्य दोनों प्रत्याशियों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा।



## माघ मेले की घटना पर कांग्रेस का विरोध, इंस्पेक्टर को सौंपे दो ज्ञापन

**चरथावल।** मंगलवार को प्रयागराज के पावन माघ मेले में ज्योतिषपीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तश्वरानंद सरस्वती महाराज के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार के विरोध में चरथावल कांग्रेस कमेटी ने थाने पहुंचकर इंस्पेक्टर जयकिशोर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने इस घटना को धार्मिक आस्था एवं संत परंपराओं पर सीधा आघात बताते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की। ज्ञापन में दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, स्वामी जी से सार्वजनिक क्षमा याचना तथा संत समाज के सम्मान की मांग की गई। नेताओं ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत करती हैं और इन्हें किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसी क्रम में नगर अध्यक्ष मनोज पाल ने मनरेगा योजना में आवश्यक बदलाव एवं श्रमिकों के हित में सुधार की मांग को लेकर अलग ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष नवीन गर्ग एवं गफ्फार पावटी, ब्लॉक अध्यक्ष असजद त्यागी, नूर अली, डा. मोहसिन पुंडीर, रामानंद त्यागी, स्वामी धर्मनाथ, फरहाद चौधरी, मेहराज त्यागी सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विवाहिता को घर से निकाले जाने का मामला दर्ज

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर से विवाहिता उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर तीन तलाक, दहेज उत्पीड़न, मारपीट और छेड़छाड़ जैसे संगीन आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जिसमें सीसीटीवी फुटेज को भी अहम साक्ष्य माना जा रहा है।पीड़िता इसरत ने पुलिस को बताया कि उसके पहले पति नौशाद की मृत्यु के बाद परिवार की सहमति से उसका निकाह देवर रिजवान से कराया गया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति रिजवान और देवर सद्दाम ने दो लाख रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उस पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। मांग पूरी न होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। इसरत का कहना है कि हाल ही में पति ने तीन बार तलाक बोलकर रिश्ता खत्म करने की बात कही और लिखित तलाक देने के लिए दबाव बनाया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकियां भी दी गई और ससुराल छोड़ने को मजबूर किया गया। पीड़िता के अनुसार 13 जनवरी की रात करीब 11 बजे पति और देवर ने उसके साथ गाली-गलौच की और विरोध करने पर दोनों ने मिलकर मारपीट की। आरोप है कि इसी दौरान देवर ने उसे गलत नीयत से पकड़कर अश्लील हरकतें कीं। शोर मचाने पर मारपीट और बढ़ गई। जान बचाकर पीड़िता ग्राम प्रधान के घर पहुंची, जहां आरोपी पति वहां भी पहुंच गया और कथित तौर पर मारपीट की। यह पूरी घटना प्रधान के घर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद होने की बात कही जा रही है। रतनपुरी पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज सहित सभी तथ्यों और साक्ष्यों की गहन जांच की जा रही है। घटना के बाद पीड़िता और उसके परिजनों में भय का माहौल बना हुआ है।

## बीएलओ ने अनमेच्ड वोटरों को दिए नोटिस

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना व क्षेत्र के सभी गांवों में मंगलवार के दिन निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे एसआईआर अभियान के तहत अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस जारी करने का कार्य शुरू हो गया है। इन नोटिसों पर आगामी 21 और 22 जनवरी को सुनवाई होगी।

बुढ़ाना विधानसभा और मुजफ्फरनगर लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची के दुरुस्तीकरण के लिए बीती 04 नवंबर से एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है। इस दौरान मतदाताओं को एसआईआर से संबंधित प्रपत्र दिए गए थे। जिन मतदाताओं ने सही जानकारी नही भरी थी या जिनकी मैपिंग सही नहीं हो पाई थी उन्हें मंगलवार के दिन मौहल्ला मिर्दगान की बीएलओ असमा अली सहित अन्य बीएलओज ने अपनी अपनी भाग संख्या में रह रहे मतदाताओं को नोटिस जारी किए। बूथ लेवल अधिकारी घर घर जाकर इन मतदाताओं को नोटिस दे रहे हैं। इन नोटिसों में निर्धारित विकल्पों समेत जवाब देने के लिए कहा गया है। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं को आगामी 21 जनवरी और आगामी 22 जनवरी को सुनवाई के लिए बुलाया है। बीएलओ ने भी नोटिस बांटना शुरू कर दिया है।


**मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

पत्रांक- 237/मु0वि0प्रा0/विज्ञापन/ट्रा0न0यो0/2024 दिनांक: 20/01/2026

**ट्रांसपोर्ट नगर योजना** में रिक्त भूखण्डों एवं दुकानों एवं **मा0 कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना, खान्जहापुर** में निर्मित दुकान, रिक्त दुकानों को निविदा सह खुली नीलामी के माध्यम से एवं **तहसील व्यवसायिक योजना** भाग-1, भाग-2 एवं **गर्बी स्कूल व्यवसायिक योजना** के अन्तर्गत अलोकप्रिय दुकानों को निर्धारित प्रकिया के अनुसार, पाने का **स्वर्णिम अवसर**

**निविदा सह खुली नीलामी का आयोजनः-** दिनांक 29.01.2026 समय प्रातः 11.00 बजे से सांय तक
**पंजीकरण पुस्तिका-दिनांक 21.01.2026 से दिनांक 28.01.2028 तक रू0 500/-** HDFC, Nai Mandi, MZN **में जमा कराते हुए, प्राप्त की जा सकती है।**

**निविदा सह खुली नीलामी का आयोजन-** दिनांक 29.01.2026 में विक्रय उपरान्त रिक्त भूखण्ड/दुकान की दिनांक 11.02.2026 समय प्रातः 11:00 बजे से सांय तक
**- पंजीकरण पुस्तिका दिनांक 01.02.2026 से दिनांक 10.02.2028 तक रू0 500/- में** HDFC, Nai Mandi, MZN **में जमा कराते हुए, प्राप्त की जा सकती है।**

**निविदा सह खुली नीलामी स्थल- कार्यालय विकास प्राधिकरण, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर।**
1- आरक्षण शासनादेश दिनांक 31.8.98 में निर्धारित व्यवस्था के साथ आरक्षण लागू है।, 2- आवेदक द्वारा दुकान/भूखण्ड की कीमत की 10 प्रतिशत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जमा करते हुए निविदा सह खुली नीलामी में भाग लिया जा सकता है।, 3- ट्रांसपोर्ट नगर योजना एवं कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना में दुकानों को प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को छत का अधिकार नहीं होगा।
**नोट- उपरोक्त के अतिरिक्त तहसील व्यवसायिक योजना भाग-1 एवं गर्बी स्कूल व्यवसायिक योजना में रिक्त अवशेष 02 दुकानें (अलोकप्रिय श्रेणी) उपरोक्त तिथि एवं समय पर प्रश्नगत श्रेणी की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पाने का अवसर।** उपरोक्त योजनाओं के विषय में विस्तृत शर्ते एवं अन्य विवरण प्राधिकरण के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है एवं प्राधिकरण की वेबसाईट www.mdamuzaffarnagar.org पर भी उपलब्ध है।
**सचिव,** विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर।


## कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने की रिपोर्ट दर्ज

**बुढ़ाना।** दो महिलाओं सहित छह लोगों पर तहसीलदार को गुमराह कर एक कृषि भूमि का 2 बार बैनामा कराने का आरोप लगा है। पीड़ित की जब कोतवाली बुढ़ाना व एसएसपी के यहां पर भी सुनवाई न हुई तब कोर्ट के निर्देश पर बुढ़ाना पुलिस ने 6 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की। कालू पुत्र बुंदू ग्राम निवाडा बागपत ने गांव रियावली नंगला में एक कृषि भूमि 2 वर्ष पूर्व कामिल पुत्र छोटा व उसकी मां मीना निवासी ग्राम तावली से बैनामा कर खरीदी थी। जिसमें कालू के हक में बीते 12 जून को दाखिल खारिज हुआ। तभी कामिल ने तहसीलदार बुढ़ाना को गुमराह कर एक प्रार्थना पत्र बीती 22 जून को देकर उसके हक मे हुए दाखिल खारिज को बीते वर्ष 12 जून में निरस्त करा दिया। बीते वर्ष 17 सितम्बर को बुढ़ाना तहसील परिसर में कामिल, उसकी माता मीना, रिहाना पत्नि यासीन, यासीन व आकिल पुत्रगण बुन्दा व यामीन पुत्र गफूरा समस्त निवासीगण ग्राम रियावली नंगला ने उसके हक मे हुए पूर्व बैनामे के बाद बीते 5 फरवरी के आधार पर दूसरा बैनामा बीते 17 सितम्बर को कामिल ने छल से कर दिया। इन्हें पता था ये बैनामा दोबारा फर्जी हो रहा है क्योंकि खरीदने बैंचने वाले रिश्तेदार हैं। कालू ने इसकी शिकायत पुलिस को कई बार की मगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। कालू ने एसएसपी को भी शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तब कालू ने कोर्ट का सहारा लिया। जब कोर्ट की फटकार पडी तो पुलिस ने तब ही रिपोर्ट दर्ज की।

## भड़काऊ पोस्ट करने वाले के विरुद्ध दी तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली पहुंचकर पुलिस को सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले एक युवक के विरुद्ध तहरीर देते हुए कड़ी कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर बुढाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार सैनी पुत्र सत्यपाल सैनी निवासी गांव लुहसाना मंगलवार को दिन कुछ कार्यकर्ताओं के साथ में बुढ़ाना कोतवाली में पहुंचा और बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि वे विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता हैं। सोशल मीडिया पर उमर के नाम से एक आईडी उमर डोट बुढ़ाना 786 के नाम से बनी हुई है। उसमें श्री जगत गुरु राम भद्राचार्य जी के द्वारा हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए एक पोस्ट की गयी थी। जिस पर उमर बार बार अन्य भडकाऊ वीडियो तथा अपनी आंखों को गलत तरीके से प्रयोग करके रामभद्राचार्य जी का अपमान करता हुआ दिखाई दे रहा है जबकि रामभद्राचार्य जी एक सिद्ध संत भले पुरुष हैं। जिनका लाखों लोग अनुकरण करते हैं। उसने इस वीडियो के माध्यम से लाखों लोगों के हृदय को आहत किया है। दिनेश ने पुलिस से आरोपी उमर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध तहरीर लेते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है।


**सूचना**

मैने अपना नाम AMMESALAMA से बदलकर AMMESALMA कर लिया है तथा मेरे पति EJAJ ने बदलकर AIZAZ ALI कर लिया है। मुझे AMMESALMA व मेरे पति AIZAZ ALI नाम से जाना व पहचाना व पुकारा जाये।

**अम्मेसलमा पत्नि ऐजाज अली, निवासी ग्राम नगला बुजुर्ग, थाना भोपा, तहसील जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद**

हम रामफल पुत्र बिजे सिंह व श्रीमति जसवंती पत्नि रामफल निवासी डूंगर थाना फुगाना जिला मु. नगर के निवासी हैं। हमारा पुत्र बबलू गलत संगत में है। जिसे हमने खूब समझाने का प्रयास किया मगर वह अपनी गलत हरकतों से बाज नहीं आ रहा। आये दिन वह झगडा करता रहता है और शराब का सेवन करता है। जिससे हम व हमारा परिवार दुखी है। हमने अपने पुत्र बबलू को अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से बेदखल किया हुआ है। अब बबलू अपने द्वारा किये गये किसी भी अच्छे बुरे कार्यों का खुद जिम्मेदार होगा। हमारी या हमारे परिवार की कोई भी जिम्मेदारी नही होगी।


### एसएसपी के निर्देश पर हुआ मामला दर्ज........

# लाखों रुपये हड़प करने का लगाया आरोप

**बुढाना।** एक व्यक्ति पर एक मकान को बैंचने के नाम पर 05 लाख 65 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाया गया है। बताया जाता है कि नसीम निवासी परासोली ने एक मकान मीर हसन पुत्र मियां जान गांव राजपुर छाजपुर से लिया था। जिसका सौदा 7 लाख रुपये में हुआ था। जिसमे बतौर बयाना अकाऊंट द्वारा बीते 11 सितम्बर 2024 को 1 लाख रुपये मीर हसन के अकाऊंट मे दिये थे। जिसमे बैनामे की समय सीमा बीते वर्ष 15 मई तय हुई थी और बीच बीच में पैमेन्ट देने की बात तय हुई थी। बीते 4 नवम्बर 2024 को फिर 1 लाख रुपये एकाउंट द्वारा, बीते 8 दिसम्बर 2024 को 99 हजार 999 रुपये, बीते वर्ष 30 जनवरी को 77 हजार रुपये, बीते वर्ष 27 मार्च को 40 हजार रुपये, बीते वर्ष 6 मई को 69 हजार रुपये व बीते वर्ष 13 अप्रैल को 79 हजार रुपये दिए। जिसमें कुल 5 लाख 64 हजार 999 रुपये दिए। सौदे के अनुसार बीते वर्ष 15 मई का समय तय हुआ। जिसमे उसने बीते वर्ष 12 मई को मकान मालिक मीर हसन को बाकी रकम 1 लाख 35 हजार 1 रुपया देकर बैनामा करने की बात कही तो उसे मीर हसन टाल मटोल कर रहा था। बीते वर्ष 28 मई को वो मीर हसन के पास गया और कहा कि मुझे पैसे तो मीर ने उसे गालियां देकर हत्या की धमकी दी और कहा तुझसे जो होता है कर ले। अगर आज के बाद पैसे मांगे तो तुझे झूठे केस में फंसा दूंगा। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी से अपनी रुपये दिलाने की मांग की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## 8 दिन से यूनियन बैंक में नहीं हो रहा कोई वर्क

**बुढ़ाना।** इंटरनेट कनेक्शन बोक्स के फुंक जाने के बाद से यूनियन बैंक में कोई भी काम नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते ग्राहकों को बैंक से बैरंग ही लौटना पड़ रहा है। कस्बे के अशोक शर्मा ने बतलाया कि वे यूनियन बैंक के खाताधारक हैं। लगभग आठ दिन से वे बैंक में अपने कार्य के लिए जा रहे हैं लेकिन उनका बैंक संबंधी कोई भी जरुरी कार्य नहीं हो पा रहा है। यही स्थिति सभी अन्य ग्राहकों के साथ भी हो रही है। पूछने पर बैंक के अधिकारी और कर्मचारी बताते हैं कि नेट बोक्स फुंका हुआ है। वे उसको ठीक करा नहीं पा रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने बैंक के उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा दिया है लेकिन वे भी इस समस्या की और ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस कारण के बैंक के सभी कम्प्यूटर ठप्प पडे हैं। बिना कम्प्यूटर बैंक का कोई भी कार्य असंभव है।


**सार्वजनिक सूचना**

मैंने सन् 2015 में कक्षा 10 (अनुक्रमांक नं0-1124120) की संस्थागत परीक्षा मदरसा गूडवीन अरबीक स्कूल, हररा जिला मेरठ से उत्तीर्ण की थी। मेरी अंकन पत्रिका वास्तव में कहीं गुम हो गई है जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिली।

**मौ दानिश** पुत्र श्री कुतुबुद्दीन निवासी: मकान नम्बर 10, ग्राम तावली तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।


# कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद मुजफ्फरनगर

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर पर दाखिल 49 वाहनों ( धारा 207 एम.वी.एक्ट में सीजशुदा ) की नीलामी की प्रक्रिया की जा रही है। सभी वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि 07 दिवस की समयावधि में अपने-अपने वाहनों को अपने पक्ष में रिलीज कराने की कृपा करे। अन्यथा उक्त वाहनों की नियमानुसार नीलामी की जायेगी।

## 207 MVACT में दाखिल वाहनों का विवरण थाना तितावी

| क्रम संख्या | नाम थाना | वाहन का प्रकार | दाखिला दिनांक/जीडी | रेजिट्रेशन न0 | चेसिस न0 | इंजन न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तितावी | मो0 सा0 | 01/04/24-51 | | MBLHAC02GJ9M10770 | HA11EMJ9M17313 |
| 2 | तितावी | मो0 सा0 | 30/08/24-82 | HR06W8871 | MBLHA10EZB9C09441 | HA10EFB9C16074 |
| 3 | तितावी | मो0 सा0 | 05/10/24-27 | | MBLHAC0Z0JHM08696 | |
| 4 | तितावी | मो0 सा0 | 23/10/24-34 | | MD625PF52H3G33790 | |
| 5 | तितावी | मो0 सा0 | 22/11/24-27 | DL13SM2039 | MBLHA10EWBGK23734 | HA10EDBGK56913 |
| 6 | तितावी | मो0 सा0 | 07/12/24-48 | | 6DACF15110 | |
| 7 | तितावी | मो0 सा0 | 07/12/24-48 | UP12J3079 | 38163 | 37902 |
| 8 | तितावी | मो0 सा0 | 26/12/24-38 | HR07M4402 | 07L03F15198 | 07L15E36650 |
| 9 | तितावी | मो0 सा0 | 5/2/25-54 | PBQ2AV3352 | 16F18487 | 18797 |
| 10 | तितावी | मो0 सा0 | 6/2/25-15 | UP12BL5549 | MBLHAW129NHB31295 | HA11EDNHB11117 |
| 11 | तितावी | मो0 सा0 | 6/2/25-61 | UP15M3481 | 01D25F02403 | 01D25E02709 |
| 12 | तितावी | मो0 सा0 | 07-02-2025 | UP12E4289 | 00C20C07393 | 00CA8M08216 |
| 13 | तितावी | मो0 सा0 | 08/02/25-31 | | MBLHAW088KHJ39130 | |
| 14 | तितावी | मो0 सा0 | 9/02/25-30 | UP12K7219 | 05E27F15242 | 05E27E16135 |
| 15 | तितावी | मो0 सा0 | | | MBLHAW094CHA02442 | |
| 16 | तितावी | मो0 सा0 | 13/2/25-67 | | MBLHAR183JHH19869 | |
| 17 | तितावी | मो0 सा0 | 14/2/25 | UP19A7607 | MD625MF56E3A96139 | CF5AE1039754 |
| 18 | तितावी | मो0 सा0 | 17/2/25-04 | UP15AE9542 | MBLHA11EE89B09167 | HA11EA89B07208 |
| 19 | तितावी | मो0 सा0 | 2/4/25-29 | DL6SQ9575 | 04K16F17915 | 04K15E18001 |
| 20 | तितावी | मो0 सा0 | 12/4/25-09 | UP12X1953 | MD2DDJKZZTPJ24354 | JKUBTJ57983 |
| 21 | तितावी | मो0 सा0 | 12/4/2025-09 | UP19C3270 | ME15TSOK2F2023211 | 5TSK023372 |
| 22 | तितावी | मो0 सा0 | 09-04-2025 | UP12X1953 | MD2DDJKZZTPJ24354 | JKUBTJ57983 |
| 23 | तितावी | मो0 सा0 | 12/4/25-09 | | MBLHAW081KHG14300 | |
| 24 | तितावी | मो0 सा0 | 19/4/25-35 | DL7S8215 | 124543 | 123430 |
| 25 | तितावी | मो0 सा0 | 27/4/25-21 | PB10FA5129 | MBLHA10AME4M09936 | HA10EJE4M03740 |
| 26 | तितावी | मो0 सा0 | 1/5/25-13 | HR05X7984 | MBLHA10EJ99C06341 | HA10EA99C14852 |
| 27 | तितावी | मो0 सा0 | 01/5/25-47 | HR540367 | 2140 | 3413 |
| 28 | तितावी | मो0 सा0 | 01/5/25-47 | | MBLHAW099LHA82255 | |
| 29 | तितावी | मो0 सा0 | 04/5/25-25 | UP15AH0799 | MD2DDDZZZRDD75519 | DUUBRD25691 |
| 30 | तितावी | मो0 सा0 | 5/5/25-14 | | MBLHAW019KHG00737 | |
| 31 | तितावी | मो0 सा0 | 14/5/25-74 | UP12U8514 | MBLHA10ERAGA15769 | HA10EDAGA35670 |
| 32 | तितावी | मो0 सा0 | 19/5/25-61 | UP14EW3216 | MBLHAW121MHG02144 | HA11EDMG40958 |
| 33 | तितावी | मो0 साईकल | 03/7/25-28 | | 04F160005870 | |
| 34 | तितावी | मो0 साईकल | 18/7/25-40 | MH48DA8978 | MBLHAW222R5C9598 | HA11E8R5C08978 |
| 35 | तितावी | मो0 साईकल | 18/7/25-40 | HR33C7116 | MBLHA11EUD9A03094 | HA11D9A15957 |
| 36 | तितावी | मो0 साईकल | 18/7/25-40 | HR75A0348 | MBLHA10AMD9A09465 | HA10EJD9A019373 |
| 37 | तितावी | मो0 साईकल | 26/7/25-45 | UP12E9354 | 1A20C12727 | 01A18M12681 |
| 38 | तितावी | मो0 साईकल | 30/7/25-57 | UP16DH1148 | MD625CK21N3E02475 | AK2EN3701826 |
| 39 | तितावी | मो0 साईकल | 31/7/25-63 | HR03G0563 | DUFBMD37360 | DUMDMD45910 |
| 40 | तितावी | मो0 साईकल | 6/8/25-05 | UP12U2902 | | |
| 41 | तितावी | मो0 साईकल | 12/9/25-47 | UP11R5653 | 06H16C20621 | 06H15M11497 |
| 42 | तितावी | मो0 साईकल | 12/9/25-47 | UP19F3997 | MBLHAR071JHD11511 | HA10AGJHD16053 |
| 43 | तितावी | मो0 साईकल | 12/9/25-47 | HR55AA3914 | | |
| 44 | तितावी | मो0 साईकल | 20/11/25-60 | DL13SD9838 | MBLHA11EK99G02568 | HA11EB99G01846 |
| 45 | तितावी | मो0 साईकल | 22/11/25-31 | PB08CE9476 | MBLHA10AMCHJ31342 | HA10EJCHJ07454 |
| 46 | तितावी | मो0 साईकल | 28/11/25-45 | UP17Y2119 | MBLHAW221P9G04697 | HA11E7P9F01375 |
| 47 | तितावी | मो0 साईकल | 12-04-2025 | PB10EQ0863 | ME15KA0B7D2063321 | 5KAB063370 |
| 48 | तितावी | मो0 साईकल | 12-06-2025 | UP12X2417 | MBLHA10EZAHM78970 | HA10EFAHM19622 |
| 49 | तितावी | मो0 साईकल | 12-10-2025 | UP11AD7982 | MBLHA10EZB9C10087 | HA10EFB9C18003 |

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर

# भूमि विकास बैंक चुनाव: नामांकन के दिन टकराव, पुलिस की मौजूदगी से हालात काबू में

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक ढ्ढभूमि विकास बैंकत्रः की खतौली शाखा में प्रति. निधि/डेलीगेट पद के चुनाव ने मंगलवार को सियासी रंग ले लिया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान माहौल उस वक्त तनावपूर्ण हो गया, जब निर्विरोध चयन को लेकर आरा. `पखप्रत्यारोप शुरू हो गए और बात चुनाव अधिकारी से तीखी नोकझोंक तक पहुंच गई। हंगामे के बीच नामांकन फॉर्म और रजिस्टर फेंके जाने की घटना से अफरा-तफरी मच गई।

बताया गया कि 20 जनवरी को नामांकन दाखिल किए गए हैं। नामांकन वापसी की तिथि 22 जनवरी तय है, जबकि मतदान 27 जनवरी को कराया जाएगा। जिले की आठ शाखाओं में से प्रत्येक से एक-एक प्रतिनिधि चुना जाना है। बैंक सदस्यों द्वारा प्रतिनिधियों का चयन किया जाएगा और अंतिम मतदाता सूची पहले ही 19 जनवरी को प्रकाशित की जा चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, कुछ शाखाओं में प्रति. निधि को निर्विरोध चुने जाने की रणनीति पहले से बनाई गई थी। इसी को लेकर खतौली शाखा में विरोध उभर आया। हंगामे के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर प्रदीप कुमार ढ्ढजल विभाग अभियंतात्रः के साथ अभद्रता किए जाने और चुनावी दस्तावेज उछाले जाने के आरोप लगे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को कड़ी फटकार लगाकर स्थिति संभाली। शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात किया गया। इस बीच ;षिपाल भाटी ढ्ढपलड़ात्रः, प्रमोद कुमार (नोनात्रः,



नरेश कुमार (तुलसीपुर) और सत्येंद्र कुमार (मीरापुर) ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किए। चुनावी घटनाक्रम को लेकर क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों में चर्चा तेज बनी हुई है।

# हिंदू मुस्लिम जोगी समाज सम्मेलन हुआ आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय जोगी योगी नाथ समाज संघ का भव्य अभिनंदन समारोह मंगलवार के दिन कस्बा बुढ़ाना मे हुआ। जिसमें संघ को मजबूत करने पर बल दिया गया। कस्बे के एक बारात घर में अखिल भारतीय जोगी योगी नाथ समाज संघ ने एक भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया। जिसमें समाज संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिलाध्यक्ष से लेकर नगर अध्यक्ष तक विभिन्न पदों का वितरण किया गया। यहां पदाधिकारियों की घोषणा के साथ ही संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मंच से



वक्ताओं ने समाज की एकता, संगठन की मजबूती और सामाजिक उत्थान पर जोर दिया। नवघोषित पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई गई कि वे संगठन की नीतियों को जन जन तक पहुंचाते हुए समाज हित में कार्य करेंगे तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने का कार्य करेंगे। यहां पूर्व विधायक उमेश मलिक, कोऑपरेटिव बैंक मुजफ्फरनगर के सभापति ठाकुर रामनाथ और भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी भी कार्यक्रम में पहुंचे। अतिथियों ने संगठन को बधाई देते हुए कहा कि समाज के संगठित होने से सामा. जिक और राजनीतिक स्तर पर सकारात्मक बदलाव आता है। उन्होंने संगठन के नव पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# मातेश्वरी ग्रामोत्थान संस्थान ने लगाया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**मीरापुर।** मातेश्वरी ग्रामोत्थान संस्थान मीरापुर के तत्वावधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए रक्तदान किया।

शिविर का शुभारंभ मातेश्वरी ग्राम उद्योग संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष डक्क अशोक कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं रक्तदान कर युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में मवाना चौरिटेबल ब्लड बैंक, मवाना का विशेष सहयोग रहा। शिविर में चिकित्सकीय व्यवस्था की सराहना की गई और रक्तदाताओं की जांच व रक्त संग्रह की प्रक्रिया पूरी सावधानी और मानकों के अनुसार की गई। कार्यक्रम में डा. सरताज, डा. प्रवीण शर्मा, डा. अर्जुन कश्यप, डा. मनोज कुमार, डा. अजय, डा. नीतीश,



डा. नीरा चौधरी, डा. समीर तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिविर के समापन अवसर पर डा. अशोक कुमार ने सभी रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र एवं सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान के माध्यम से किसी गंभीर रोगी अथवा दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे समय-समय पर रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। यह रक्तदान शिविर डा. अशोक कुमार के आरोग्य क्लीनिक पर आयोजित किया गया, जिसमें सामाजिक सेवा और मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला।

# कुतुबपुर चोरी कांड में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, नकदी व बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** थाना मीरापुर क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर में पेस्टिसाइड की दुकान से हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए एक महिला सहित दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों पर जनपद बिजनौर व मीरापुर थाने में पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं।

थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव शर्मा ने बताया कि दिनांक 11 जनवरी 2026 को कुतुबपुर स्थित एक पेस्टिसाइड की दुकान के गल्ले से दिनदहाड़े 30,000 रूपये चोरी कर लिए गए थे। पीड़ित की तहरीर पर थाना मीरापुर में 19 जनवरी 2026 को अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल थाना मीरापुर पुलिस एवं एंटीरोमियो टीम की संयुक्त टीम गठित कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बिजनौर मीरापुर रोड स्थित सैनी भट्टे के पास से दो अभियुक्तों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान योगेन्द्र पुत्र सतपाल सिंह निवासी ग्राम किरतो नगली थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर तथा अभियुक्ता लक्ष्मी पुत्री योगेन्द्र सिंह निवासी ग्राम किरतो नगली थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर के रूप में हुई है।

पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 6,950 रूपये नकद तथा चोरी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की है। शेष चोरी गई धनराशि की बरामदगी के लिए प्रयास जारी हैं। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस सफल अनावरण से क्षेत्र में अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं और आमजन ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

## संक्षिप्त समाचार

# रामराज की महिलाओं नें गंदे पानी की बोतल हाथों में लेकर किया प्रदर्शन



**मुज़फ्फरनगर।** रामराज क्षेत्र की दर्जनों महिलाएं हाथों में गंदे पानी की बोतल लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। यहां पहुंचकर महिलाओं ने अधिकारियों को गंदा पानी दिखाते हुए पानी की शिकायत की ओर एक प्रार्थना पत्र सोपा। महिलाओं ने बताया कि रामराज में टिकोला शुगर मिल के कारण क्षेत्र का पानी खराब हो गया है। जिनको मजबूरी वश हम और हमारे बच्चे पी रहे हैं। जिसकी वजह से बच्चे और बड़े बीमार हो रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए रामराज निवासी महिला किरण ने बताया कि पिछले 6-7 महीनों से ऐसा ही पानी पी रहे है। और इस पानी को पीने की वजह से लीवर ख़राब हो रहा है और खासी हो रही है। जिलाधिकारी कार्यालय पर मौजूद प्रदूषण नियंत्रण विभाग के ।म संतोष कुमार नें महिलाओं की शिकायत सुनकर ग्राउंड वॉटर सैंपल लेकर जांच कराने का आश्वासन दिया।

रामराज निवासी महिला किरण नें बताया की हम यहाँ पर पानी की सुविधा के लिए आए है। जो पानी हमारे हाथों में है इस पानी को बच्चे और बड़े पी रहे हैं जिसकी वजह से सब बीमार हो रहे हैं। पानी में बहुत गंदी बदबू आती है। टिकोला वालों का शुगर मिल है उसमें गंदा पानी आता है उसका पानी ही खेतों में जाता है। जिसकी वजहा से क्षेत्र का पानी गन्दा हो गया है। गंदा पानी पीकर खांसी हो रही है और गुर्दे एवं किडनी भी खराब हो जाएगी। क्या पता बच्चे मर जाए और हम भी यह स्थिति 6-7 महीनों से है। यहां पर अधिकारी मिले हैं उन्होंने कहा कि हम घर पर जाएंगे और पानी चेक करेंगे।

# टिकौला मिल ने किया 12.35 करोड़ रुपये का भुगतान

**मीरापुर।** टिकौला चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष हिमांशु मंगलम ने बताया कि किसानो की मांग पर चीनी मिल खरीदे गये गन्ने का भुगतान पांच दिनो का खाते में भेज रही है। इस प्रक्रिया से किसानो में खुशी की लहर है। टिकौला चीनी मिल ने 13 जनवरी से 16 जनवरी तक खरीदे गये गन्ने का भुगतान 12.35 करोड रूपये किसानो के खातो में भेज दिये हैं। अधिशासी अध्यक्ष ने बताया कि चीनी मिल किसानो की मांग पर खरीदे गये गन्ने का भुगतान सप्ताह में मंगलवार व शुक्रवार को करेगी। किसानो से अपील की गई कि मिल की अपार योजना का लाभ उठाये।

## अवैध मिट्टी खनन में लिप्त दो ट्रैक्टर-ट्रालियां सीज

**बुढ़ाना।** एसडीएम बुढ़ाना श्रीमति अपूर्वा यादव ने विगत दिवस दैनिक शाह टाइम्स में छपी खबर का संज्ञान लेते हुए मंगलवार की देर रात मौका पाकर मिट्टी से भरी हुई दो ट्रेक्टर ट्रोलियां सीज कर दी हैं। एसडीएम की इस बड़ी कार्यवाही से रात के समय में अवैध रूप से मिट्टी का खनन करने वालों में जबरदस्त हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि बीती 11 जनवरी को दैनिक शाह टाईम्स ने खबर छापी थी कि जब लोग भयंकर शीतलहर से बचने को रात में अलाव का सहारा लेते हैं या फिर बिस्तर में घुस जाते हैं तो ठीक उसी समय फिल्मी शहंशाह की तरह मिटी खनन माफिया खेतों में पहुंचकर बैखौफ होकर अवैध रूप से मिटी का खनन करने का काम करते हैं।

रात दिन निकलने से पहले तक खेतों की मिटी ट्रेक्टर ट्रालियों व डंपरों में ढुलती है। इसमें बीट सिपाही को सब कुछ पता होता है। यहां तक चौकियों को भी पैसा जाता है। शिकायत होने पर पुलिस उच्च अधिकारियों के निर्देश पर खानापूर्ति करती है। शनिवार की प्रथम रात्रि में किसी व्यक्ति के द्वारा बनाया गया कुल आठ सेकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जो मिटी खनन माफियाओं की पोल खोल रहा है। जिसमें एक ट्रेक्टर ट्राली चालक रात में बैखौफ होकर मिटी की ढुलाई कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचा रहा है। इसी को लेकर एसडीएम ने लगातार चल रहे अवैध खनन को लेकर बड़ा शिकंजा कसते हुए एक सूचना पर नायब तहसीलदार अमन सिंह को आज रात मौके पर भेजा तो मिटी खनन होने की सूचना सही मिली। उन्होंने लुहसाना रोड से अवैध खनन करते हुए दो टैक्टर ट्राली को सीज करते हुए उसे बुढ़ाना पुलिस के सुपर्द कर दिया है। कुल मिलाकर मिटी खनन माफियाओं पर आज रात हुई इस कार्यवाही के चलते सभी खनन माफियाओं में हड़कंप सा मच गया है।

# समर्पित युवा समिति को रक्तदान को हैदराबाद में मिला सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** रक्तदान के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था समर्पित युवा समिति ने एक बार पुन: जिले की शान राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाई ,समर्पित युवा समिति को रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए हैदराबाद में थैलीसीमिया एंड सिकल सेल सोसाइटी द्वारा सम्मानित किया गया, यह सम्मान कारगिल योद्धा नायक दीपचंद के हाथों समिति की ओर से शक्ति चौहान ने ग्रहण करते हुए सभी रक्त वीरों एवं वीरांगनाओं को समर्पित किया।

इसके अलावा जिला अस्पताल प्रशासन द्वारा भी समर्पित युवा समिति एवं समर्पित महिला शक्ति को रक्तदान के क्षेत्र में लेखनिया योगदान के लिए सम्मानित किया गया इस सम्मान को अमित पटपटिया हितेश आनंद मणि पटपटिया एवं राखी ग्रोवर ने ग्रहण किया। ज्ञात हो समर्पित युवा समिति एम्स ऋषिकेश सहित पंजाब ,राजस्थान ,हरियाणा सहित देश के कई राज्यों में सम्मान प्राप्त कर चुकी है समिति के संस्थापक सदस्य संजीव अरोड़ा ने सभी सदस्यों एवं रक्तदाताओं को साधुवाद देते हुए प्रसन्नता व्यक्ति की। समर्पित युवा अमित पटपटिया ने कहा कि समिति रक्त सेवा को ईश्वर की आराधना के रूप में मानते हुए निस्वार्थ रूप से सेवा करती है परंतु इस प्रकार के पुरस्कार सेवा की भावना को और प्रबल करते हैं यह पुरस्कार समिति से जुड़े सभी रक्त वीरों एवं रक्त वीरांगनाओं की निस्वार्थ सेवा का ही परिणाम है

# महाराणा प्रताप की मूर्ति शहर में लगाए जाने के लिए हिंदू संघर्ष समिति ने दिया समर्थन

**मुजफ्फरनगर।** हिंदू संघर्ष समिति से जुड़े मुजफ्फरनगर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिशन के अध्यक्ष सुभाष चौहान के साथ राजपूत समाज के काफी लोग ने अब से तीन महीने पहले वीर सिरा. `मनी महाराणा प्रताप की मूर्ति को शहर में लगाए जाने के लिए माननीय मंत्री कपिल देव अग्रवाल से भी मिले थे जिस पर मंत्री जी ने आश्वासन दिया था कि शहर के किसी मुख्य चौराहे पर वीर शिरा. `मणि महाराणा प्रताप जी की मूर्ति अवश्य लगाई जाएगी।

लेकिन अब 3 महीने बीत जाने के बाद भी महाराणा प्रताप जी की मूर्ति नहीं लगी है जिससे सर्व समाज में आक्रोश है। आज मुजफ्फरनगर जिले में लगभग तीन दर्जन हिंदू संगठनों के समूह हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक नरेंद्र पवार साधु के साथ कुछ अन्य दलों के लोग सुभाष चौहान के कार्यालय अग्रवाल मार्केट में पहुंचे और नरेंद्र पवार साधु ने इस अवसर पर कहा कि सुभाष चौहान जी जिस संगठन के जिला अध्यक्ष हैं वह संगठन हिंदू संघर्ष समिति का सहयोगी संगठन है वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी किसी एक समाज के नहीं थे वह सर्व समाज के महापुरुष हैं इसलिए वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण मुजफ्फरनगर शहर के किसी मुख्य चौराहे पर जल्द से जल्द होना चाहिए इसके लिए हिंदू संघर्ष समिति से जुड़े सभी संगठन राजपूत समाज के साथ



है। नरेंद्र पवार साधु ने कहा की वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की मूर्ति के अनावरण के लिए जो भी संघर्ष करना पड़ेगा उसमें हिंदू संघर्ष समिति से जुड़ा हर संगठन अपनी पूर्ण सहभागिता देगा। इस अवसर पर सुभाष चौहान, नरेंद्र पवार साधु, अरुण प्रताप सिंह, संजय वाल्मीकि, पवन पांचाल, वैभव यादव, विजेंद्र धीमान, विजय कुमार पाल, राजेंद्र धीमान, राजीव धीमान उपस्थित रहे।

# शिक्षकों की संकुल मीटिंग का हुआ आयोजन

**बुढाना।** मंगलवार के दिन कम्पोजिट स्कूल बुढ़ाना में शिक्षकों की एक संकुल मीटिंग का सफल आयोजन किया गया।

जिसमें बच्चों को निपूर्ण बनाने पर बल दिया गया और सभी शिक्षको से आग्रह किया गया कि वे जी तोड़ मेहनत करके बच्चों को निपूर्ण बनायें जिससे कि वे प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकें। यहां शिक्षकों के द्वारा टीएलएम का भी सफल प्रदर्शन किया गया ताकि बच्चे को आसानी से समझाया जा सके।

मीटिंग में शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की गई। शिक्षक संकुल ने स्विफ्ट चार्ट ऐप, कार्य पुस्तिकाओं, प्रिंटरिच सामग्री और विकसित भारत बिल्डथान गतिविधियों की प्रविष्टि जैसे विषयों पर जानकारी दी। नोडल शिक्षक ने सीख की विषय वस्तु, अकादमिक आवश्यकताओं



हेतु नियोजन, निपुण विद्यालय आकलन प्रभावी कार्य योजना, अभिनव शिक्षण, स्वच्छ हरित विद्यालय साझा सिख सत्र, टीएलएम निर्माण तथा फीडबैक सत्र जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब एवं स्टेम किट्स के अनुभव, विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा के आवेदन एवं तैयारी, और यू डायस प्लस प्रोफाइल पोर्टल पर डाटा अपलोड जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान यहां पर शिक्षकों में मुख्य रूप से अनिल सहरावत, प्रीति तोमर, मनोज सहरावत, वेदपाल, रवि शंकर, मुनेश, रश्मि, प्रीति, सीमा, दीपा, संजू और संगीता आदि शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित रही।

# 7 दिनों में बंदरों ने 5 ग्रामीण किए जख्मी

**बुढ़ाना।** कुल एक सप्ताह के भीतर उत्पाती बंदरों ने 05 ग्रामीण हमला करके जख्मी कर दिए। बंदरों से तंग आए ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायत कर बंदरों को पकडकर अन्य किसी दूसरे स्थानद्द पर छोड़े जाने की मांग की है। गांव शाहडब्बर के नितिशद्द राठी के नेतृत्व में बुढाना एसडीएम अपूर्वा यादव को दर्जनों ग्रामीणों ने एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि ग्राम में बंदरों की संख्या बढ़ रही है। जिनकी गतिविधियां जानलेवा हो रही हैं। बीते 7 दिनों में ग्राम शाहडब्बर में बंदरों ने 5 गंभीर हमले बच्चे, महिलाएं व बुजुर्गों पर कर दिए। बंदर लोगों पर झपटा मारकर घरों में घुसकर सामान नष्ट कर रहे हैं। फसलों का नुकसान कर रहे हैं। ग्राम में भय, अफरा तफरी व असुरक्षा फैल गई है। स्थिति इतनी भयावह है कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई न हुई तो किसी भी समय कोई बड़ी घटना हो सकती है। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। इसलिए स्थिति की गंभीरता को देखकर तत्काल प्रभाव से वन विभाग को निर्देशित कर ग्राम से बंदरों को पकड़वाकर वन में छोड़े जाने की व्यवस्था करवाएं। इस कार्य में ग्रामीण प्रशासन की पूरी मदद करेंगे। यह कार्यवाही बहुत जल्द हो। यह मांग विकास जांगड़ा, सचिन, रति, ओमवीर, तेजेश, रामो, ख्रष्णा देवी, शिव, शिवम शर्मा, सौरभ, शुभम, विशाल, बाला देवी, सहदेव, वीरेंद्र कश्यप, मोहित, शीला देवी, सुमेर, प्रवीण, राहुल राठी, नरेश, जयपाल, अनिल, शिवानी, महीपाल, विपिन व रामपाल सहित आदि ग्रामीणों ने एसडीएम से की है।

## युवती की बरामदगी को पुलिस से लगाई गुहार

**बुढ़ाना।** एक व्यक्ति ने अपनी गायब हुई पुत्री की बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। उधर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज करते हुए गायब हुई युवती की तलाश शुरु कर दी थी। कस्बा बुढ़ाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसकी लगभग 30 वर्षीया पुत्री बीती 19 जनवरी की दोपहर अचानक से घर से चली गई। उसने अपनी पुत्री को इधर उधर काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चल पाया है। अब उसे शक है कि कस्बे का ही रहने वाला युवक रजत पुत्र स्वर्गीय विजय पाल सिंह ही उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को एक तहरीर देते हुए अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। उधर पुलिस ने भी त्वरित कार्यवाही करते हुए पीडित व्यक्ति की तहरीर पर युवती की गुमशुदगी का मामला दर्ज करते हुए गायब युवती की तलाश शुरु कर दी थी।

# पुण्य तिथि पर महाराणा प्रताप को सैकड़ों लोगों ने किया नमन

**मुज़फ्फरनगर।** आज अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के आह्वान पर महावीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन करने हेतु एक श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. लाखन सिंह द्वारा की गई।

इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के राष्ट्र, धर्म और स्वाभिमान के लिए किए गए बलिदान एवं संघर्ष को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पास किया गया कि जनपद मुजफ्फरनगर के नगर क्षेत्र में किसी सार्वजनिक स्थल पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाए बैठक में मौजूद सभी बुद्धिजीवीयो ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को पास करते हुए संकल्प 9 मई से पहले ही इस पुण्य कार्य को किया जाएगा। जिस प्रकार भामाशाह ने अपने सर्वस्व से महाराणा प्रताप का सहयोग किया था, उसी भावना के साथ समाज के सभी लोग तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करेंगे। इसी क्रम में यह ऐतिहासिक निर्णय लिया गया कि वर्ष 2026 के 9 मई से पूर्व मुजफ्फरनगर में महावीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की एक भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनूप सिंह राठी (एडवोकेट), संजय मिश्रा, सुनील तायल, तरुण मित्तल, भूपेंद्र गोयल व हर्षद राठी आदि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में अधिवक्ता अग्रिश राणा, अधिवक्ता अशोक कुशवाहा, अधिवक्ता संदीप पुंडीर, हरेंद्र राणा, संजीव राणा, दिनेश पंडित, मुकेश पुंडीर आर्य, समर ठाकुर, अमित पुंडीर, मनोज पुंडीर, पंकज राणा, विवेक चौहान, विशाल पुंडीर एवं जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की।,

# हमारी संस्कृति हमारी पहचान को मजबूत करने को मनाया गया संस्कृति उत्सव

**संस्कृति विभाग ने वैदिक पुत्री पाठशाला में किया शानदार आयोजन**

**मुजफ्फरनगर।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश शासन के तत्वाधान में जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में नोडल अधिकारी आशीष कुमार के निर्देशन में उत्तर प्रदेश हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत (संस्कृति उत्सव 2025-26) विद्यालय वैदिक पुत्री पाठशाला इंटर कॉलेज नई मंडी में बड़े धूमधाम के साथ संपन्न कराया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि के रूप में मीनाक्षी स्वरूप (नगर पालिका अध्यक्ष)रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार रहे।

कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज कमहेड़ा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर रणवीर सिंह वह संपूर्ण जनपद से संगीत गायन एवं वादन में विभिन्न शिक्षक शिक्षिकाएं दीपा सोनी, पूनम, डॉक्टर वंदना राय, मनीषा आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न प्रतिभागियों ने विभिन्न विधाओं में प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल की भूमिका में मनोज शील, रुचिका सिंह, राखी कौशिक उपस्थित रहे ।जिसमें निर्णय कुछ इस प्रकार रहा। 14 वर्ष से 25 वर्ष तक के आयु वर्ग में (एकल गायन) में कुमारी साधना राज ने प्रथम स्थान, कुमारी अल शिफा ने द्वितीय स्थान, कुमारी उर्वशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल गायन में 25 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान आशीष कुमार, द्वितीय स्थान पलविंदर व अजय कुमार ,तृतीय



स्थान उर्वशी ने प्राप्त किया।

(नृत्य विधा)में एकल नृत्य में कुमारी वंशिका ने प्रथम स्थान, कुमारी प्राची ने द्वितीय स्थान, और कुमारी वैष्णवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। (समूह नृत्य) में कुमारी प्रिंसी एण्ड ग्रुप में प्रथम स्थान, वैष्णवी एण्ड ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सम्राट धीर ने(एकल वादन( विद्या में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंच का संचालन शैली रंजन प्रवक्ता संगीत गायन (वैदिक पुत्री ने) किया। आयोजक के रूप में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ राजेश कुमारी ने आए हुए समस्त मुख्य अतिथि सहित सभी आगंतुकों का अभिवादन किया तथा विजयी छात्र-छात्राओं को व कलाकारों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दथेड़ा में खुरपका-मुंहपका का कहर, पचास से अधिक पशु बीमार, कई की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव दथेडा में पशुओं में फैली खुरपका.मुंहपका बीमारी ने हालात बिगाड़ दिए हैं। गांव में पचास से अधिक पशु इस बीमारी की चपेट में बताए जा रहे हैं, जबकि अब तक कई पशुओं की मौत भी हो चुकी है। बीमारी के चलते डेरी संच.ालकों के साथ-साथ सामान्य पशुपालक भी परेशान हैं और दुग्ध उत्पादन पर सीधा असर पड़ रहा है।

करीब छह हजार की आबादी वाले दथेडा गांव में बड़ी संख्या में ग्रामीण निजी स्तर पर डेरी संचालित करते हैं। गांव में किसी डेरी में दस पशु हैं तो किसी में पंद्रह और कहीं बीस तक पशु पाले जा रहे हैं। अचानक खुरपका-मुंहपका बीमारी फैलने से पशुओं में तेज बुखार, मुंह में छाले, लार टपकना और खुरों में घाव जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। कई पशु ठीक से चल भी नहीं पा रहे, जिससे उनकी हालत लगातार बिगड़ रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि बीमारी तेजी से फैल रही है, लेकिन समय रहते रोकथाम नहीं हो पाई। मजबूरी में अधिकतर पशुपालक और डेरी संचालक प्राइवेट डॉक्टरों से इलाज करा रहे हैं, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। बीमारी के कारण दूध उत्पादन में भारी गिरावट आई है, जिससे पशुपालकों की रोजमर्रा की आमदनी प्रभावित हो रही है।

मंगलवार की सुबह बीमारी के चलते मनोज की एक भैंस की मौत हो गई, जबकि मनोज कुमार की एक कटिया भी नहीं बच सकी। इसके अलावा गांव के अलग-अलग मोहल्लों में कई पशुओं की हालत गंभीर बताई जा रही है। पूर्व प्रधान रामपाल सिंह का कहना है कि पूरे गांव में सैकड़ों पशु बीमार चल रहे हैं और कई की मौत हो चुकी है, लेकिन पशु चिकित्सा विभाग की ओर से अपेक्षित तेजी नहीं दिखाई गई। ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव में तत्काल शिविर लगाकर बीमार पशुओं का इलाज किया जाए और स्वस्थ पशुओं को वैक्सीन लगाई जाए, ताकि बीमारी को और फैलने से रोका जा सके।



..............................

पशु चिकित्सा अधिकारी ऊन डॉ. इमरान अंसारी ने बताया कि दथेडा गांव में दो दिन पहले विभागीय टीम भेजी गई थी और बीमार पशुओं का इलाज चल रहा है। वैक्सीन उपलब्ध हो चुकी है और पूरे गांव में जल्द ही वैक्सीनेशन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर पशु को छह महीने में एक बार वैक्सीन लगवाना जरूरी है, जिन पशुपालकों ने अब तक वैक्सीन नहीं लगवाई है, वे समय रहते वैक्सीनेशन कराएं, ताकि बीमारी पर पूरी तरह काबू पाया जा सके।

## आयुध अधिनियम के आरोपी को जेल और अर्थदण्ड की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की नीति के अनुरूप शामली पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए एक मामले में आरोपी को जेल और अर्थदण्ड की सजा दिलाने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2015 में कुलदीप उर्फ गुल्लु पुत्र सुभाष निवासी ग्राम किवाना, थाना कांधला के खिलाफ मुकदमा संख्या 612/2015, धारा 4/25 आयुध अधिनियम के तहत दर्ज किया गया था।

पुलिस ने माननीय न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर आरोपी के विरुद्ध सभी साक्ष्य पेश किए। मंगलवार को न्यायालय ने कुलद.ीप को जेल में बिताई गई अवधि की सजा के साथ 1,500 रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए की गई है।

# चेयरमैन ने किया नाला व सौंदर्यकरण कार्यों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका परिषद शामली द्वारा शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने एवं सौंदईकरण व विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से एसटी तिराहे से कुडाना मोड़ की ओर नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

मंगलवार को चेयरमैन अरविंद संगल ने उक्त नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नाला निर्माण में सरिया की मात्रा मानक से कम पाई गई, जिस पर चेयरमैन ने संबंधित ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्माण कार्य में मानक के अनुसार सरिया प्रयोग करने के निर्देश दिए। बताया कि शामली नगर में जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, जिससे रेलपार क्षेत्र, पंजाबी कॉलोनी, कांबोज कॉलोनी, एसटी तिराहा तथा कुडाना मोड़ से सटी कॉलोनियों के निवासियों को भारी परेशानी होती है। नाला निर्माण पूर्ण होने के बाद बारिश का पानी कॉलोनियों में प्रवेश नहीं करेगा, बल्कि नाले के माध्यम से बाहर निकल जाएगा, जिससे



जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी, अवर अभियंता द्धसिविलऋ कांत सिंह राणा, अवर अभियंता जलकल हर्षित गर्ग, सभासद विनोद कुमार तोमर, सभासद अजय निर्वाल उर्फ बोबी, सभासद राजीव गोयल, सभासद गुलजार मंसूरी, लिपिक अनिल कुमार शर्मा, सतबीर शर्मा, अनिल मेट, आशु उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात्रि शहर के कुड़ाना रोड पर कार का संतुलन बिगड़ जाने से कार एक पेड से टकराकर खेत में पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वही मृतकों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

शहर के माजरा रोड निवासी 26 वर्षीय विशाल उर्फ सन्नी पवुत्र ओमपाल उर्फ वेदप्रकाश उर्फ बेदु मोहल्ले के ही एक क्रॉकरी की दुकान र कार्य करता था। बताया जाता है कि गत सोमवार को वह दुकान मालिक 55 वर्षीय राकेश पुत्र आनंद निवासी सिसौली के साथ कार में सवार होकर फरीदाबाद दवा लेने के लिए गया था। जब वह देर रात्रि करीब दो बजे वापस गांव सिसौली लौट रहे थे तो गांव कुडाना रोड स्थित कृष्णा नदी के निकट पहुंचे तो इसी दौरान कार चला रहे विशाल का संतुलन बिगड गया और अचानक कार असंतुलित होकर सडक किनारे खडे पेड से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पलट गई और कार के परखच्चे उड गए। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को कार से बामुश्किल बाहर निकाला। पुलिस ने दोनों के शवों को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम



के लिए भेज दिया। मंगलवार दोपहर बाद दोनों के शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे, जहां शवों को देख परिजनों



में कोहराम मच गया। मृतक राकेश अपने पीछे दो बेटे छोड़ दिया है। हादसे में क्षतिग्रस्त कार करीब एक



सप्ताह पूर्व ही खरीदी गई थी। जबकि मृतक विशाल उर्फ सन्नी की मौत से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### नामांकन हुए दाखिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक (भूमि विकास बैंक) के झिंझाना शाखा प्रतिनिधि के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किए गए। चार उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिला। बीडीओ/निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार त्यागी ने बताया कि नामांकन पत्र भरने के समय सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक सदस्यों के लिए चार नामांकन हुए। जिनमें सतेन्द्र सिंह मालैडी, राजकुमार खोडसमा, महीपाल ऊन, विनोद रंगाना ने प्रतिनिधि के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 22 जनवरी को नाम वापसी की जाएगी तथा चुनाव 27 जनवरी को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक झिंझाना के आरएसएस इंटर कॉलेज में होगा।

### स्काउट कैंप में दिया गया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट कैंप के द्वितीय दिवस पर अनुशासन, कौशल विकास एवं टीम वर्क पर आधारित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कैंप के दूसरे दिन स्काउट प्रशिक्षका गीता रानी एवं गायत्री देवी द्वारा प्रतिभागी स्काउटों को ध्वजारोहण, गांठ बांधने की कला, प्राथमिक उपचार, टेंट लगाना तथा पिरामिड निर्माण जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। स्काउट प्रभारी प्रमोद कुमार ने स्काउटिंग के इतिहास एवं इसके माध्यम से मिलने वाले जीवनोपयोगी कौशलों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों में देश सेवा व सामाजिक दायित्वों की भावना विकसित करने का आ]वान किया। प्रधानाचार्य आनंद प्रसाद, उपप्रधानाचार्य मलूक चंद, नीटू कुमार, रवि कुमार, नितिन कुमार, धीरज कुमार, संजू कुमार, मनोज कुमार, सोमदत्त मौजूद रहे।

### वृद्धाश्रम में इनरव्हील क्लब पदाधिकारियों ने बिताया समय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** इनर व्हील क्लब शामली द्वारा मंगलवार को झिंझाना स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ समय बिताया गया। इस दौरान क्लब सदस्यों ने बुजुर्ग माता-पिताओं एवं भाईयों का हाल-चाल जाना और उनके साथ सुख-दुख साझा किया। क्लब की अध्यक्ष वीना अग्रवाल ने कहा कि बुजुर्गों का साथ अत्यंत विशेष होता है, क्योंकि वे जीवन के अनुभव, ज्ञान और धैर्य का खजाना होते हैं। उनके मार्गदर्शन से युवा पीढ़ी को सही दिशा मिलती है और रिश्तों की अहमियत समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों के आशीर्वाद से जीवन में यश, विद्या, आयु एवं बल की वृद्धि होती है। इस अवसर पर क्लब की ओर से वृद्धजनों को समोसे, नमकीन, बिस्कुट, मूंगफली, रेवड़ी, गर्म शॉल एवं साड़ियां भेंट की गईं। कार्यक्रम की प्रोजेक्ट चेयरमैन चंचल माहेश्वरी एवं उषा गोयल रहीं। मौके पर वृद्धाश्रम प्रबंधक बेबी, चंचल माहेश्वरी, प्रिया भट्ट, रेखा गोयल, उषा गोयल मौजूद रही।

### 1992 के मामले में अभियुक्त को जेल व तीन हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस ने पुराने मामलों में भी अपराधियों के खिलाफ प्रभावी पैरवी करते हुए एक अभियुक्त को जेल व अर्थदण्ड की सजा दिलाई है। जानकारी के अनुसार वर्ष 1992 में थाना कोतवाली शामली में मु0अ0सं0 190/1992 धारा 392/411 भादवि के तहत गिर्राज उर्फ गिरीराज पुत्र भीमा सिंह निवासी ग्राम अम्हेड़ा थाना बागपत के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय में सशक्त पैरवी के बाद मंगलवार को अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि की सजा के साथ-साथ तीन हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि अर्थदण्ड का भुगतान नहीं किया गया तो अभियुक्त को अतिरिक्त 7 दिवस कारावास की सजा भुगतनी होगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह कार्रवाई अपरा.धियों के लिए चेतावनी है कि पुराने और नए मामलों में दोषियों को कानून के तहत सख्ती से दंडित किया जाएगा।

### मां ने पुत्र पर लगाया मकान पर जबरदस्ती कब्जा करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** मोहल्ला नहीं बस्ती निवासी महिला हसीना पत्नी इस्लाम ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसने अपने पुत्र शौकीन को काफी दिन पहले अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था, जिसके चलते उसका पुत्र मुजफ्फरनगर में रहता था। पीड़िता का आरोप है कि पिछले कई दिनों से पीड़िता का पुत्र कस्बे में आया हुआ है और पीड़िता के साथ मारपीट व गाली गलौज करते हुए पीड़िता के मकान पर जबरदस्ती कब्जा कर लिया है। पीड़िता का आरोप है कि अगर पीड़िता अपने पुत्र को घर खाली करने को कहती है तो पीड़िता का पुत्र पीड़िता की हत्या करने की धमकी देता है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# रील क्रिएटर दिलशाद की पंजाब में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी दिलशाद की पंजाब में हुए भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में उसके साथ कार में सवार पंजाब के मानसा जिले के बुढलाडा निवासी मैकेनिक सुखदीप की भी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परि.जनों में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

गांव गंगेरू निवासी दिलशाद अपनी पत्नी दिलशाना के साथ किसी निजी कार्य से पंजाब के मानसा जिले के बुढलाडा गया था। दिलशाद ने अपनी पत्नी को वहां रिश्तेदारी में छोड़ दिया था। इसके बाद वह बुढलाडा निवासी मैकेनिक सुखदीप के साथ अपनी कार में सवार होकर कबाड़ की दुकान से कुछ सामान खरीदने के लिए निकला।

रास्ते में अचानक कार अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की खबर जैसे ही गांव गंगेरू पहुंची, परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी तत्काल पंजाब के लिए रवाना हो गए।



सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जब दिलशाद का शव गांव पहुंचा तो पूरे गांव में गमगीन माहौल छा गया। नम आंखों के साथ परिजनों और ग्रामीणों ने दिलशाद को अंतिम विदाई दी और शव को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। हर आंख नम थी और हर जुबां पर बस एक ही सवालकृयह सब इतनी जल्दी कैसे हो गया।मृतक दिलशाद सोशल मीडिया पर भी काफी लोकप्रिय था। वह अपनी पत्नी दिलशाना के साथ इंस्टाग्राम और फेसबुक पर रील बनाता था। उसकी रीलों को लोग काफी पसंद करते थे। दिलशाद के इंस्टाग्राम पर करीब 10 हजार और फेसबुक पर 16 हजार से अधिक फॉलोअर थे। उसकी अचानक हुई मौत से न केवल परिवार, बल्कि सोशल मीडिया पर जुड़े उसके चाहने वालों को भी गहरा



सदमा पहुंचा है। इस दर्दनाक हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। गांव गंगेरू में शोक का माहौल है और हर कोई दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दुआ कर रहा है।

## मोबाइल पर बात करने का दबाव बनाने का आरोप, विरोध करने पर पति से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** देहात क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी महिला ने कस्बा निवासी एक युवक पर उसके मोबाइल फोन पर बात करने का दबाव बनाने तथा विरोध करने पर उसके पति के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

मंगलवार को थाना क्षेत्र की देहात कॉलोनी निवासी महिला ने बताया कि वह किराए के मकान में रहती है। आरोप है कि कस्बा निवासी एक युवक ने किसी अन्य युवक के माध्यम से अपना मोबाइल फोन भेजकर उससे बात करने का दबाव बनाया। जब इस बात की जानकारी पीड़िता के पति को हुई तो उसने आरोपी युवक को बुलाकर पूछताछ की और विरोध जताया। इस पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए पीड़िता के पति के साथ मारपीट कर दी।पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# एमएससी छात्रों का शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय जनरल में प्रकाशित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्धएमएसयूऋ से संबद्ध आरके पीजी कॉलेज शामली के भौतिकी विभाग में अध्ययनरत एमएससी छात्रों का शोध पत्र पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुआ है। यह विश्वविद्यालय की परास्नातक कक्षाओं में प्रका.शित प्रथम अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्र है।

भौतिकी विभाग के डॉ। संजीव कुमार ने बताया कि एमएससी भौतिकी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं ज्योति जयंत एवं छवि भारद्वाज ने उच्च गुणवत्ता का शोध पत्र विश्व प्रसिद्ध प्रकाशक एल्सेवियर के नेक्स्ट रिसर्च जर्नल में प्रकाशित कराया है। यह उपलब्धि न केवल आरके कॉलेज बल्कि मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय एवं इसके समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के लिए गौरव का विषय है। जनवरी 2026 में प्रका.शित यह शोध पत्र नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुभव आधारित अधिगम के उद्देश्य को भी साकार करता है। विश्वविद्यालय से संबद्ध किसी महाविद्यालय में यह पहला अवसर है, जब एमएससी स्तर के छात्रों ने अपने रिसर्च प्रोजेक्ट के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय स्तर का शोध पत्र सफलतापूर्वक प्रकाशित कराया है। छात्रों द्वारा प्रस्तुत शोध में सिमुलेशन एंड मॉडलिंग मेथड को नैनोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रभावी ढंग से समझाया गया है। इस पद्धति के माध्यम से विश्व के अद्भुत पदार्थ कार्बन नैनोटड्ूब्स के यांत्रिक गुणों-जैसे यंग मापांक एवं शियर प्रत्यास्थता गुणांक को सरलता से ज्ञात किया जा सकता है। शोध के अनुसार कार्बन नैनोटड्ूब्स स्टील की तुलना में लगभग पांच गुना अधिक कठोर और सौ गुना से भी अधिक मजबूत हो सकते हैं। डॉ। संजीव कुमार नैनोटेक्नोलॉजी के प्रतिष्ठित शोधकर्ता हैं। वे वर्ष 2010 से इस क्षेत्र में शोध कर रहे हैं और उनके शोध पत्र एल्सेवियर, आरएससी, स्प्रिंगर नेचर एवं वाइली जैसे विश्व प्रसिद्ध प्रकाशनों में प्रकाशित हो चुके हैं, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक सराहना एवं संदर्भ द्धसाइटेशनऋ प्राप्त हुआ है। वर्तमान में वे नैनो फाइबर, नैनो फॉस्फर, कार्बन नैनोटड्ूब, डीएफटी, सिमुलेशन एवं मॉडलिंग जैसे विषयों पर शोध कार्य कर रहे हैं।

# सोना-चांदी की रिकॉर्ड महंगाई से सर्राफा बाजार में सन्नाटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सोना और चांदी की लगातार बढ़ती कीमतों ने सर्राफा बाजार की कमर पूरी तरह तोड़ दी है। हालात ऐसे हो गए हैं कि बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है और सोनार कारीगरों के पास काम लगभग खत्म हो चुका है। सबसे ज्यादा मार गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ी है, जिनके लिए अब शादी-विवाह में गहने खरीदना सपने जैसा हो गया है।

वर्तमान में सर्राफा बाजार में सोने का भाव लगभग 1 लाख 50 हजार रूपए प्रति 10 ग्राम और चांदी का भाव करीब 3 लाख रूपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच चुका है। इन रिकॉर्ड दामों ने आम आदमी की खरीद क्षमता पूरी तरह खत्म कर दी है। दो साल पहले जो गहने लोग आसानी से खरीद लेते थे, आज वही गहने गरीब और मध्यम वर्ग की पहुंच से बाहर हो चुके हैं।

मध्यम वर्गीय परिवारों का कहना है कि वर्षों से बेटी की शादी के लिए जो थोड़ी-थोड़ी बचत की गई थी, वह अब नाकाफी साबित हो रही है। गरीब परिवारों की स्थिति और भी दयनीय हो गई है, जहां शादी में सोने-चांदी का एक छोटा सा गहना खरीदना भी भारी बोझ बन गया है। कई परिवार कर्ज, साहूकार या रिश्तेदारों के सहारे शादी करने को मजबूर हैं, जिससे आर्थिक के साथ-साथ मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है। सर्राफा कारोबारियों का कहना है कि सोना-चांदी की कीमतों में इस असामान्य तेजी के पीछे डब्ब पर हो रही भारी सट्टेबाजी भी एक बड़ा कारण है। उनका आरोप है कि बड़े निवेशक और सट्टेबाज कागजी सौदों के जरिए भावों को लगातार ऊपर धकेल रहे हैं, जबकि इसका सीधा नुकसान आम उपभोक्ता और छोटे व्यापारियों को झेलना पड़ रहा है। बाजार में वास्तविक मांग कम होने के बावजूद कीमतें आसमान छू रही हैं, जिससे हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। स्थानीय सोनार कारीगरों का कहना है कि पहले जहां रोजाना गहने बनाने, पॉलिश और मरम्मत का काम मिलता था, अब कई-कई दिन बिना काम के गुजर जाते हैं। कारीगरों के सामने परिवार पालने का संकट खड़ा हो गया है। कई पारंपरिक कारीगर मजबूरी में दिहाड़ी मजदूरी या अन्य छोटे-मोटे काम तलाशने को मजबूर हो गए हैं।

ज्वेलर्स बताते हैं कि महंगे दामों और अस्थिर बाजार के कारण ग्राहक खरीदारी से बच रहे हैं। शादी-विवाह में लोग भारी गहनों की जगह बेहद हल्के वजन के गहने या केवल परंपरा निभाने भर की खरीद तक सीमित हो गए हैं। इससे छोटे और मध्यम ज्वेलर्स का कारोबार लगभग ठप पड़ गया है।

व्यापारियों और समाजसेवियों का कहना है कि अगर डब्ब पर सट्टेबाजी पर लगाम नहीं लगी और कीमतों में यही तेजी बनी रही, तो छोटे ज्वेलर्स और पारंपरिक सोनार कारीगरों का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सट्टेबाजी पर नियंत्रण, कीमतों में स्थिरता और कारीगरों को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि गरीब और मध्यम वर्ग को राहत मिल सके और पारंपरिक रोजगार बचाया जा सके।


## कार्यालय नगर पंचायत बनत, जनपद शामली

पत्रांक: 31/न0पं0बनत/2025-26 दिनांक: 20.01.2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत बनत, जनपद शामली के समस्त पंजीकृत/नवीनीकृत फर्मों एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पत्रांक संख्या पी0एम0पू0/1101/563/2023 लखनऊ दिनांक- 09/11/2024 के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन/रा0वि0आ0/टा0फण्ड से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत निकाय को पूर्व से निर्मित शौचालयों के उन्नयम एवं जीर्णोद्धार हेतु दिनांक 27/1/2026 की सांय 3 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं निविदा मूल्य (जी0एस0टी0) सम्मिलित करते हुए का ड्राफ्ट अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बनत, जनपद शामली के पक्ष में जारी करते हुए निविदा के साथ संलग्न करते हुए दिनांक 27/1/2026 की सांय 3 बजे तक कार्यालय में रखे शील बन्द बाक्स ने जमा किया जाना अनिवार्य है प्राप्त सभी निविदाओं को दिनांक 28/1/2026 प्रात: 11 बजे अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष नगर पंचायत बनत जनपद शामली के सम्मुख खोली जाएगी निविदा सम्बन्धी पूर्ण एवं विस्तृत विवरण टैण्डर प्रपत्र शर्तो आदि की जानकारी कार्यालय नगर पंचायत बनत, जनपद शामली से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | योजना का नाम | प्राकलन अनुमानित धनराशि | जमानत राशि | निविदा मूल्य + 18% GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत बनत में पूर्व में निर्मित शौचालयों के उन्नयन एवं जीर्णोद्धार का कार्य | स्वच्छ भारत मिशन | 300000 | 6000 | 300+ 18% GST 54 कुल 354 | टैंडर स्वीकृति के एक माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बनत, जनपद शामली

अध्यक्ष
नगर पंचायत बनत, जनपद शामली

# रोल ऑब्जर्वर ने ली राजनीतिक दलों व अधिकारियों की बैठक

## निर्वाचक नामावलियों को लेकर दिए दिशा निर्देश





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत आयुक्तध्रोल ऑब्जर्वर सहारनपुर मंडल डॉ। रूपेश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिका. रियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एडीएम सत्एन्द्र सिंह ने रोल ऑब्जर्वर को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित अब तक की गई गतिविधियों की जानकारी दी। रोल ऑब्जर्वर डॉ। रूपेश कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पूरे मनोयोग से कार्य करते हुए निर्वाचक नामावली को शत-प्रतिशत शुद्ध बनाया जाए। उन्होंने बीएलओ का एक बार पुन: प्रशिक्षण कराने तथा स्वीप गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। रोल ऑब्जर्वर ने बताया कि 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी डिग्री कॉलेजों में विशेष कैंप आयोजित किए जाएं, जिनमें ऐसे छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उनका फॉर्म-6 भरवाकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराया जाए। बैठक में बताया गया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत ऐसे युवा नागरिक, जो अर्हता तिथि 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई अथवा 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं अथवा जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फॉर्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। फॉर्म-6 ऑनलाइन वेब पोर्टल के माध्यम से अथवा ऑफलाइन बीएलओ को उपलब्ध कराया जा सकता है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि फॉर्म-6 के साथ घोषणा पत्र देना अनिवार्य है तथा जन्म तिथि एवं आवासीय पते के साक्ष्य के लिए आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों में से कोई एक स्वसत्यापित प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। उन्होंने बताया कि सामान्य निवास प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा, जबकि स्थाई निवास प्रमाण पत्र मान्य है। बैठक में डीएम अरविंद कुमार चौहान ने रोल ऑब्जर्वर को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का जनपद स्तर पर पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर एडीएम सत्एन्द्र सिंह, प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन विनय कुमार भदौरिया उपस्थित रहे।

# एसपी ने किया पैदल गश्त, व्यापारियों से किया संवाद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा व विश्वास की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह ने कस्बा कैराना में पुलिस बल के साथ व्यापक पैदल गश्त की। एसपी ने मुख्य बाजार सहित भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गश्त के दौरान एसपी ने दुकानदारों, व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने व्यापारियों की कुशल-क्षेम पूछते हुए क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को लेकर फीडबैक लिया और भरोसा दिलाया कि शामली पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर है। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गति. विधि, व्यक्ति या अवैध कृत्य की जानकारी तुरंत नजदीकी थाना, चौकी या पुलिस कंट्रोल रूम को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। पैदल गश्त के दौरान एसपी ने बाजार में तैनात पुलिस बल की सतर्कता, डड्यूटी पालन, यातायात व्यवस्था तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि जनता से विनम्र व्यवहार करें, व्यापारियों से लगातार संपर्क बनाए रखें और शाम व रात्रि गश्त को और प्रभावी बनाएं। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने चौकी इमामगेट का निरीक्षण किया। उन्होंने चौकी प्रभारी और संबंधित अधिकारियों को अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, क्षेत्रीय निगरानी, अपराध नियंत्रण और जनसंपर्क को और मजबूत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समापन पर एसपी ने कहा कि शांति व्यवस्था, महिला सुरक्षा और आमजन की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कैराना सहित पूरे जनपद में पैदल गश्त, सघन निगरानी और जनसहभागिता के माध्यम से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा रहा है।

# शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रामड़ा पीरमाजरा निवासी एक व्यक्ति ने बिजली के शॉर्ट सर्किट से मकान में आग लगने का आरोप लगाते हुए विद्युत विभाग से मुआवजे की मांग की है। इस संबंध में पीड़ित ने अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड चतुर्थ कैराना को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित साबिर उर्फ भूरा पुत्र यूसुफ ने बताया कि उनके नाम से घरेलू विद्युत कनेक्शन है। मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे पीड़ित और उसके परिजन अपने मकान का गेट बंद कर पास ही स्थित दूसरे मकान में चले गए थे। करीब एक घंटे बाद लौटने पर उन्होंने देखा कि बिजली बोर्ड में शॉर्ट सर्किट होने से मकान में आग लगी हुई हैं। आग की चपेट में आकर उनके पुत्र को शादी में मिला नया सामान, फ्जि, वॉशिंग मशीन, बड़ा संदूक, शादी के नए कपड़े, रसोई का सामान और अन्य घरेलू वस्तुएं जलकर राख हो गया। इसके अलावा संदूक में रखी करीब 42 हजार रूपए की नकद भी आग में जल गई। पीड़ित के अनुसार आग से करीब एक लाख बीस हजार रूपए से अधिक का नुकसान हुआ है। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सारा सामान जल चुका था। घटना के बाद पीड़ित ने विद्युत विभाग को सूचना देते हुए मामले की जांच कराने और नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि आग बिजली बोर्ड में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिससे उसे भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है।

## एक नजर

### 27 को होगी प्रयोगात्मक परीक्षा

**शामली।** शहर के जैन कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉक्टर रुचिता ढाका ने बताया कि कॉलेज की छात्राऐं परिषदीय परीक्षा 2026 की परीक्षा में सम्मिलित हो रही है उन छात्राओं की खेल एवं शारीरिक शिक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षा 27 जनवरी को प्रात: 10 बजे विद्यालय प्रांगण में संपन्न कराई जाएगी।

### नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के स्वागत में झिंझाना में बांटी गई मिठाइयां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** भाजपा नेता बंटी चौधरी के प्रतिष्ठान पर भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा नेता बंटी चौधरी ने कहा कि नए राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा और ऊर्जावान हैं। उनके नेतृत्व में आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी का परचम देश के सभी प्रदेशों में लहराएगा। वहीं भाजपा जिला मंत्री निवीश कुमार ने कहा कि नए राष्ट्रीय अध्यक्ष पार्टी को नई दिशा देने का काम करेंगे और सभी को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम में जिला मंत्री निवीश कुमार, भाजपा नेता डॉक्टर रोहित, भोपाल चौधरी, जितेंद्र चौधरी, मनोज चौधरी, निशांत पाल, पूरन कश्यप, मोहित कश्यप सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मांगों को लेकर विद्युत संविदा कर्मचारियों का धरना, कार्य बहिष्कार की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** विद्युत संविदा कर्मचारियों ने मंगलवार को टाउन बिजली घर पर धरना प्रदर्शन कर कंपनी और विभाग को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें शीघ्र नहीं मानी गईं, तो जनपद में संविदा कर्मचारी संपूर्ण कार्य का बहिष्कार करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। धरना प्रदर्शन विद्युत संविदा संघ शामली के जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में किया गया। कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता से समय पर वेतन भुगतान, संपूर्ण ईपीएफ, ईएसआई, आई कार्ड, सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने सहित अन्य मांगें उठाईं। कर्मचारियों का कहना था कि लंबे समय से वे अपनी मांगों को लेकर विभागीय अधिकारियों से अवगत कराते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। संविदा कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो 27 जनवरी से डिश कनेक्शन, राजस्व वसूली और लाइन रखरखाव का कार्य जनपद में पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान यदि किसी प्रकार की आपात स्थिति उत्पन्न होती है, तो उसकी जिम्मेदारी पूरी तरह विभाग की होगी। धरना प्रदर्शन के दौरान यशवीर, ललित, इस्लाम, सुधीर, बिलाल, सचिन, मनोज, राजकुमार, रविपाल, बिजेंदर, शाहनवाज, मेहराज, अमित, दीपक, सुशील, नीरज सहित बड़ी संख्या में विद्युत संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

# 26 जनवरी से पहले बाजार में चेकिंग, 25 वाहनों के चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गणतंत्र दिवस को लेकर चौसाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है। इसी क्रम में पुलिस ने सहारनपुर बॉर्डर से लेकर मैन बाजार, ऊन तिराहा और थाना भवन चौराहे तक सघन चौकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 25 वाहनों के चालान काटे गए, जबकि बिना हेलमेट बाइक चला रहे युवाओं को सख्त चेतावनी दी गई।

26 जनवरी के मद्देनजर किसी भी तरह की अव्यवस्था और हादसों को रोकने के लिए पुलिस लगातार अलर्ट मोड पर है। चौसाना में पुलिस टीम ने प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में बैरिकेडिंग कर वाहनों को रोक-रोककर जांच की। इस दौरान बाइक सवारों के हेलमेट, चार पहिया वाहनों के कागजात और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। चेकिंग के समय कई युवा बिना हेलमेट बाइक चलाते हुए पाए गए, जिन पर पुलिस ने सख्ती दिखाई। चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने मौके पर मौजूद युवाओं को समझाते हुए कहा कि हेलमेट न पहनने से हादसों में जान जाने का खतरा बढ़ जाता है। अगली बार नियम तोड़ने पर चालान के साथ वाहन सीज की कार्रवाई भी की जा सकती है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र में भारी आवाजाही रहती है, ऐसे में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखना बेहद जरूरी है। इसी वजह से चौकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे राष्ट्र पर्व के दौरान नियमों का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करें और पुलिस का सहयोग करें, ताकि गणतंत्र दिवस शांति और सुरक्षा के साथ मनाया जा सके।

# सड़क सुरक्षा माह: पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं के लिए सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए रचनात्मक पोस्टर प्रस्तुत किए। पोस्टर के माध्यम से छात्राओं ने यातायात नियमों का पालन करना, ट्रैफिक संकेत का सम्मान करना, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाना एवं सीट बेल्ट एवं हेलमेट के प्रयोग की महत्व के विषय में जानकारी दी। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जुवे. रिया पुत्री नसीम अहमद बी ए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर सोनी पुत्री उमरदीन, एम ए प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान पर महक पुत्री शाहिद बीए प्रथम वर्ष रही।

प्रतियोगिता की निर्णायक मंडल में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ ब्रिजेश राठी, सीमा सिंह एवं अमित सिंह शामिल रहे, साथ ही सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जारा पुत्री नफीस बी ए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान जुवेरिया पुत्री नसीम अहमद बी ए तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान जैनब पुत्री नवाब बी ए तृतीय वर्ष प्राप्त किया। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ श्याम बाबू एवं सहसंयोजक डॉ अं. कता त्यागी द्वारा किया गया।





### यातायात नियमों को लेकर राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में छात्रों को किया गया जागरूक

**झिंझाना।** स्थानीय पुलिस द्वारा आरएसएस इंटर कॉलेज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने छात्रों को बताया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना तथा चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करना और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग बिल्कुल नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने तेज गति तथा गलत दिशा में वाहन चलाने और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी भी दी। छात्रों को ट्रैफिक सिग्नल, जेब्रा क्रॉसिंग, रोड साइन और पैदल चलने के नियमों के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने कहा कि यातायात नियम केवल कानून नहीं, बल्कि हमारी और दूसरों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आज के छात्र ही कल के जिम्मेदार नागरिक हैं, इसलिए छोटी उम्र से ही यातायात अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

# कैराना में स्मैक तस्कर गिरफ्तार, 1.03 करोड़ की अवैध स्मैक बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत कैराना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 517 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 03 लाख 40 हजार रूपए बताई जा रही है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान अहसान उर्फ कटी पुत्र इलयास, निवासी ग्राम मण्डावर, थाना कैराना, जनपद शामली के रूप में हुई है।

बरामदगी के आधार पर थाना कैराना में आरोपी के खिलाफ मु0अ0सं0 35/26, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई सहारनपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस अब आरोपी के मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क से जुड़े फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की जांच कर रही है, ताकि नशे के इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया जा सके। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक यूनुस खान, उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार त्यागी सहित थाना कैराना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशे के खिलाफ इस अभियान में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि जनपद को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

# युवक को म्यामार में बंधक बनाकर साइबर अपराध कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव केरटू निवासी नदीम पुत्र इरफान ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधडी, अवैध तस्करी और जबरन साइबर अपराध कराने का गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने एजेन्ट प्रिन्स उर्फ फाद निवासी झिंझाना, एजेन्ट अमन निवासी नवी मुंबई और एजेन्ट सचिन निवासी हैदराबाद तेलंगाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीडित नदीम ने बताया कि वह चौसाना स्थित एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत था। 15 जुलाई 2025 को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो के माध्यम से टेलीग्राम आईडी के जरिए उसकी बातचीत एक युवक से हुई, जिसने अपना नाम प्रिंस बताया। प्रिंस ने थाईलैंड में डेटा एंट्री की नौकरी, अच्छा वेतन, रहना-खाना और कंपनी द्वारा खर्च उठाने का लालच दिया। एक साल का वीजा और कंपनी द्वारा बुलाए जाने की बात कही गई।

20 जुलाई 2025 को नदीम ने हामी भर दी, जिसके बाद 30 जुलाई को पुणे से बैंकाक का टिकट टेलीग्राम पर भेजा गया। 31 जुलाई को दिल्ली एयरपोर्ट पर नदीम की मुलाकात गांव केरटू निवासी रिजवान से हुई, जिसे भी इसी तरह बैंकाक बुलाया गया था। दोनों 31 जुलाई को बैंकाक पहुंचे। बैंकाक एयरपोर्ट पर फोटो दिखाकर एक टैक्सी चालक दोनों को होटल ले गया। अगले दिन दूसरी गाडी से उन्हें कथित कंपनी ले जाने के नाम पर जंगल के रास्ते कई घंटों का सफर कराया गया। इसके बाद पैदल चलाकर म्यामार सीमा पार कराई गई और मवाडी क्षेत्र स्थित केके वन 5 बी नामक कंपनी में ले जाया गया। आरोप है कि वहां एजेंट प्रिंस उर्फ फाद और अमन ने दोनों के मोबाइल, सभी पहचान पत्र और करीब 60 हजार रूपए छीन लिए। जबरन कंप्यूटर पर डेटिंग साइट से नंबर निकालने और साइबर अपराध से जुडा काम कराया गया। काम से मना करने पर मारपीट, भूखा रखने और धमकी देने का आरोप लगाया गया। घर लौटने के लिए पांच-पांच हजार अमेरिकी डॉलर की मांग की गई। पीडित ने बताया कि इसी दौरान केके 6 कंपनी में काम कर रहे सूबरी गांव निवासी सावेज और तसलीम से मुलाकात हुई, जिन्हें भी इसी तरह टेलीग्राम के जरिए फंसाया गया था। तसलीम द्वारा भारत और म्यामार एम्बेसी में शिकायत किए जाने के बाद 22 अक्टूबर 2025 को म्यामार आर्मी ने कार्रवाई करते हुए करीब 590 भारतीयों को मुक्त कराया और थाईलैंड भेजा। इसके बाद भारतीय दूतावास की मदद से 10 नवंबर 2025 को सभी को गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस लाया गया, जहां से पीडित अपने घर पहुंचे। नदीम ने आरोप लगाया कि एजेंट प्रिंस उर्फ फाद निवासी झिंझाना, अमन निवासी मुंबई और सचिन निवासी हैदराबाद ने नौकरी के नाम पर धोखाधडी कर अवैध रूप से म्यामार ले जाकर साइबर अपराध कराने के लिए मजबूर किया। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने एजेन्ट प्रिन्स उर्फ फाद निवासी झिंझाना, एजेन्ट अमन निवासी नवी मुंबई और एजेन्ट सचिन निवासी हैदराबाद तेलंगाना के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपियों की भूमिका, विदेश भेजने का नेटवर्क और अन्य पीडितों से जुडे तथ्यों की छानबीन की जा रही है। जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बाल श्रम के खिलाफ पुलिस का सख्त अभियान, होटल-ढाबों पर छापेमारी



**कैराना।** बाल श्रम उन्मूलन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस ने ऑपरेशन रक्षा के तहत सघन अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में सोमवार को कैराना क्षेत्र में जागरूकता एवं प्रवर्तनात्मक कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान एएचटी थाना शामली की टीम तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, होटल-ढाबों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सघन चेकिंग की। इस दौरान दुकानदारों और प्रतिष्ठान संचालकों को बाल श्रम के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए बताया गया कि बच्चों से श्रम कराना गंभीर दंडनीय अपराध है। पुलिस टीम ने होटल-ढाबों समेत संदिग्ध प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया कि कहीं भी बच्चों से श्रम या उनका शोषण कराया जा रहा हो। प्रतिष्ठान संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि बाल श्रम कराते पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक एन।पी। सिंह ने कहा कि जनपद में बाल श्रम के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। ऑपरेशन रक्षा के तहत निरंतर निगरानी, नियमित चेकिंग और जन-जागरूकता के माध्यम से बाल श्रम पर प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा।

# लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से बुजुर्ग की दर्दनाक मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पापुलर की लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को कुचल दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के चलते मार्ग पर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवागमन सुचारु कराया। जबकि ट्रैक्टर ट्रॉली चालक मौके से फरार हो गया।

सांपला मार्ग निवासी 70 वर्षीय मोहम्मद रईस ट्रक यूनियन के समीप चाय की दुकान को चलाते हैं। देर शाम वह किसी काम से सांपला मार्ग पर गए थे। बताया गया है कि सड़क पार करने के दौरान गोपाली की ओर से आई तेज गति ट्रैक्टर ट्रॉली ने उन्हें चपेट में ले लिया। पिछले पहिये के नीचे बुरी तरह कुचले जाने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो



गई। जिस वजह से देवबंद-बरला मार्ग और सहारनपुर मुजफ्फरनगर मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ करते हुए शव को कब्जे में ले लिया। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर ट्रॉली सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी, ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

## पुलिस ने वांछित आरोपियों को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक 18 जनवरी को तल्हेड़ी खुर्द गांव निवासी राजबीर उर्फ छोटा ने तहरीर देकर गांव निवासी सुभाष और उसके बेटे मोनू और सोनू पर रंजिशन घर में घुसकर उसके और पत्नी के साथ मारपीट करने तथा बीच बचाव को आए बेटे हर्ष पर चाकू से हमला कर घायल करने का आरोप लगाया था। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को मंगलौर रोड चौकी पुलिस ने तीनों को बस स्टेंड से गिरफ्तार किया है। निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल में चाकू भी बरामद किया गया है।

# सिटीजन क्लब का वार्षिक चुनाव सम्पन्न

## पत्रकार गुरजोत सिंह सेठी अध्यक्ष, एडवोकेट अब्दुल हादि खां सचिव सर्वसम्मति से बने

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सिटीजन क्लब के वार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से पत्रकार गुरजोत सिंह सेठी को अध्यक्ष, एडवोकेट अब्दुल हादि खां को सचिव, डा.बी.के.शर्मा को कोषाध्यक्ष, भूदत्त शर्मा एड. को उपाध्यक्ष, इन्फिनिटी के अध्यक्ष अरविंद सिंघल को कार्यक्रम संयोजक चुना गया। सदस्यों ने नए पदाधिकारियों का माल्र्यापण कर स्वागत किया। साथ ही 23 जनवरी को सुभाष जयंती पर आयोजित होने वाले वार्षिक कार्यक्रम पर विचार विमर्ष कर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई।

मोहल्ला नेचलगढ में आयोजित बैठक में संयोजक डा. अशोक चौधरी ने क्लब के नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए



पदाधिकारी क्लब के सामाजिक कार्य करने की परम्परा को आगे बढाएंगे। नव मनोनीत अध्यक्ष गुरजोत सिंह सेठी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्लब सदस्यों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। सचिव अब्दुल हादि खां व



कार्यक्रम संयोजक अरविंद सिंघल ने कहा कि क्लब द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 23 जनवरी को सुभाष चौक पर सुभाष जयंती हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। इस दौरान सेठ कुलदीप कुमार, प्रदीप कुमार बंसल, धर्मपाल महाजन, डा. कुलदीप राणा, रवि श्रीवास्तव, डा. विजेंद्र गोयल, मौ. आकिल, तहसीन खां एडवोकेट, डा0 नेत्रपाल सिंह गहलौत, डा. जे.पी.उपाध्याय, सत्य प्रकाश वर्मा, डा. इकरम पाल सिंह, रोबिन धीमान, विनय ठकराल आदि शामिल रहे।

## लकड़ी चोरी के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** शीशम की लकड़ी चोरी के मामले में पुलिस ने भटौल गांव निवासी हिमांशु और सिद्धार्थ को गिरफ्तार किया है। मामले में कपूरी गोविंदपुर गांव निवासी राजेंद्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने चोरों पर खेत में खड़े दो शीशम के पेड़ चोरी से काटे जाने का आरोप लगाया था। जांच में जुटी पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी की लकड़ी बरामद की

# खिचड़ी उत्सव विधिवत सम्पन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर में एक माह से चल रहा खिचड़ी उत्सव मंगलवार को विधिवत संपन्न हुआ। अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और ठाकुर जी व राधा रानी के दर्शन किए। ठाकुर जी को मखानों की खीर, जलेबी और सूजी के हलवे का भोग लगाया गया।

ठाकुर जी को टोपा व दुशाला पहनाने के साथ ही उनका अद्‌भुत श्रृंगार किया गया। इस दौरान पदावलियों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। भजन गायकों ने खिचरी राधा वल्लभ जू को प्यारी आदि पदाव. लियां प्रस्तुत कीं। मंदिर के सेवाधिकारी नवनीत लाल गोस्वामी बताया कि पिछले एक माह से धूमधाम से मंदिर में खिचड़ी उत्सव मनाया जा रहा था। प्रति वर्ष खिचड़ी उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह बना रहता है। बताया कि मंदिर में 23 जनवरी को बसंत पंचमी उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। अंत में भंडारे का आयोजन हुआ। आसपास व दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर नीरज गोस्वामी, लालजी



गोस्वामी, हितेश गोस्वामी, निकुंज महाराज, प्रियांशु महाराज आदि शामिल रहे।

# वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंकने के मामले में बालक को लिया हिरासत में

**पुलिस ने हिरासत में लिए गए 12 वर्षीय बालक को मुजफ्फरनगर आरपीएफ को सौंपा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सहारनपुर से चलकर दिल्ली जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंकने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए पीलीभीत निवासी 12 वर्षीय बालक को हिरासत में लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बालक को पकड़ा गया है। हिरासत में लिए गए बालक को पुलिस ने मुजफ्फरनगर आरपीएफ के हवाले कर दिया है।

देहरादून-दिल्ली (आनंद विहार) वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 22458 पर देवबंद रेलवे स्टेशन के समीप भायला फाटक के निकट पत्थर फेंकने का मामला सामने आया था। पत्थरबाजी में कोच संख्या सी-1 में सीट नंबर 41 व 42 के पास लगा शीशा टूट गया था। इससे कोच में बैठे यात्रियों में अफरा तफरी मच गई थी। रेलवे पुलिस के साथ ही खुफिया विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच पड़ताल की थी। लोको पायलट की शिकायत के बाद मुजफ्फरनगर आरपीएफ ने रेलवे अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज किया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए आरपीएफ समेत स्थानीय पुलिस गहनता से जांच में जुटी हुई थी। खुफिया विभाग भी पूरे मामले पर नजर बनाए था। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को भी बारीकी से खंगाल रही थी। पुलिस ने जांच के उपरांत पाया कि भायला रेलवे फाटक के समीप ट्रैक के किनारे रहने वाले खानाबदोश परिवार के 12 वर्षीय बालक ने ट्रेन पर पत्थर फेंके थे। पुलिस ने मंगलवार दोपहर के समय जनपद पीलीभीत के थाना बिसलपुर के गांव बरसिया निवासी बालक को हिरासत में लिया। बालक का परिवार भीख आदि मांगकर अपना पेट भरता है। पूछताछ में बालक ने बताया कि उसने खेल खेल में ही ट्रेन की तरफ पत्थर उछाले थे। कोतवाली प्रभारी अमरपाल शर्मा ने बताया कि बालक को मुजफ्फरनगर आरपीएफ के हवाले कर दिया गया, जिससे मुजफ्फरनगर में भी पूछताछ की जाएगी।

## किशोर ने अकारण मारपीट करने का लगाया आरोप

**देवबन्द।** मोहल्ला रविदास मार्ग निवासी 17 वर्षीय किशोर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार को वह घर से टेहलने के लिए निकला था। मोहल्ला किला पर कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि पुलिस मौके पर आई और उसे अपने साथ ले गई, पुलिस ने भी उसके साथ मारपीट की।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जाएगी. पुलिस पर मारपीट के आरोप निराधार हैं।

## दुकानदारों में हुई मारपीट एक दूसरे के खिलाफ दी तहरीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** ग्राहक बुलाने को लेकर दुकानदारों में कहासुनी के चलते मारपीट हो गई। इसमें दोनों घायल हो गए।





घायलों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई किये जाने की गुहार लगाई है।

मोहल्ला खानकाह निवासी वसीम और मुजम्मिल टायर पंक्चर का काम करते हैं, दोनों की दुकानें अगल-बगल हैं। मंगलवार को ग्राहक बुलाने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इसमें दोनों घायल हो गए। वसीम और मुजम्मिल ने पुलिस को तहरीर देकर एक दूसरे पर गाली गलौज कर लाठी डंडों से हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि दोनों का मेडिकल कराया गया है। तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

# भूमि विकास बैंक सरधना में चेयरमैन पद के लिए अशोक सिरोही का नामांकन

**सरधना।** मंगलवार को भूमि विकास बैंक शाखा सरधना में चेयरमैन पद के लिए श्री अशोक सिरोही (झिटकरी) ने भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान बैंक परिसर में सर्वसमाज के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण रहा। अशोक सिरोही इससे पूर्व वर्ष 2004 से 2020 तक भूमि विकास बैंक के चेयरमैन रह चुके हैं। इसके साथ ही वे 1988 से 1995 तथा 2010 से 2015 तक झिटकरी ग्राम के प्रधान भी रह चुके हैं। उनके लंबे प्रशासनिक अनुभव और मजबूत जनसमर्थन को देखते हुए उन्हें एक



सशक्त प्रत्याशी माना जा रहा है। चेयरमैन पद के लिए किसी अन्य प्रत्याशी द्वारा नामांकन न किए जाने के कारण अशोक सिरोही का निर्विरोध चेयरमैन बनना लगभग तय है। नामांकन के अवसर पर प्रमुख रूप से जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विमल शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिंदरपाल सिंह, मदनपाल सिंह छबाड़िया, ठा. लाखन सिंह, ठा. विनोद, मैनेजर ठा. सोनू, भौरी प्रधान, नरेश मल्लापुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम सोम, राहुल चौहान, हाजी इसाक, सुईल ईशाक कुरैशी, अश्वान सिरोठी, चेयरमैन अनुवीर, सह-चेयरमैन सहंसरपाल सिरोही, कुलदीप त्यागी, आलोक जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष सरधना विक्रम सिंह, नयागांव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जमीयत ने उच्च न्यायालय के निर्णय का किया स्वागत

**देवबन्द।** बिना मान्यता वाले मदरसों के संचालन को वैध बताए जाने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्णय का जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला भारतीय संविधान की सर्वोच्चता और सांविधानिक मूल्यों की जीत है।

मौलाना महमूद मदनी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि हाईकोर्ट ने मदरसों को लेकर दिए फैसले में स्पष्ट किया है कि महज मान्यता न होने की बुनियाद पर किसी मदरसे को बंद कर देना, सील करना या उसकी पढ़ाई रोकना कानूनन गलत है। यह भी स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश के मदरसा नियमों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जिसके चलते प्रशासन गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को बंद कर सके। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट का फैसला सभी सरकारों और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए साफ संदेश है जो दीनी मदरसों और मकतबों (छोटे मदरसे) को बंद करने जैसे कदमों को अपनी उपलब्धि बताने की कोशिश कर रहे थे। मौलाना मदनी ने कहा कि जमीयत श्रावस्ती जनपद के 30 मदरसों की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में पक्षकार भी रही है और उत्तराखंड सरकार के रवैये के खिलाफ भी कानूनी संघर्ष कर रही है। हाईकोर्ट के इस फैसले से जमीयत के इन प्रयासों को मजबूती मिली है।

# सेवा के जवान और उसके दोस्त को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस।



शुभम का फाइल फोटो।



मोहित का फाइल फोटो।

शाह टाइम्स संवाददाता

**मवाना।** थाना मवाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने बिजनौर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रूकनपुर को शोक में डुबो दिया। गांव निवासी मोहित और शुभम आज सुबह मेरठ जाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन मवाना पहुंचते ही गन्ना लदे ट्रक की चपेट में आकर दोनों की मौके पर ही जान चली गई।

जानकारी के अनुसार, मोर्हित और शुभम बुलेट मोटरसाइकिल से मेरठ जा रहे थे। जैसे ही वे मवाना-मेरठ रोड पर स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल (गर्ल्स विंग) के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रहे गन्ना लदे ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक को करीब 20 से 25 फीट तक घसीटा गया। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। सूचना पर थाना मवाना पुलिस और क्षेत्राधिकारी पंकज लवानिया मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल एंबुलेंस से मेरठ भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान मोहित और शुभम निवासी ग्राम रूकनपुर, थाना चांदपुर, जनपद बिजनौर के रूप में हुई। बताया गया कि मृतक मोहित अविवाहित था और उसके छोटे भाई रोहित की शादी आगामी फरवरी माह में तय थी। इसी शादी की तैयारियों के सिलसिले में मोहित अपने दोस्त शुभम के साथ मेरठ जा रहा था। शुभम भारतीय सेना में जम्मू में तैनात था और छुट्टी पर गांव आया हुआ था। शुभम की दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी, हालांकि उसका कोई बच्चा नहीं है। शुभम के बड़े भाई अंकित हरिद्वार में प्राइवेट नौकरी करते हैं, जबकि पिता राजवीर गांव में रहकर खेती-बाड़ी करते हैं। हादसे की खबर गांव पहुंचते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने ट्रक और बुलेट मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कैंडल विकास खंड गंगोह (सहारनपुर)**

दिनांक: 20.01.2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कैंडल विकास खंड गंगोह सहारनपुर में निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती हैं निविदा दिनांक 21.01.2026 को ब्लॉक सभाकार में सुबह 11 बजे जमा होगी तथा दिनांक 22.01.2026 को दोपहर 1 बजे सभी फर्म/ठेकेदारों के समक्ष खोली जाएगी।

| निर्माण कार्य | अनुमानित लागत | कार्य अवधि |
|---|---|---|
| ग्राम पंचायत कैंडल (छोटी कैंडल) में कवरपाल के मकान से ऋषिपाल के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 280500 रु. | 1 माह |

ग्राम प्रधान, ग्राम कैंडल, वि0ख0 गंगोह, सहारनपुर।

ग्राम सचिव, ग्राम कैंडल, वि0ख0 गंगोह, सहारनपुर।

# चाइनीज मांझे का कहर: बाइक सवार युवक की उंगलियां कटीं

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर निवासी मुगीस एहसन खान अपने दोस्त महबूब के साथ बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी कार्य से मेरठ जा रहे थे। जैसे ही वे मेरठ हापुड़ अड्डा स्थित युग हॉस्पिटल के सामने पहुंचे,सड़क पर फैले प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। मांझा इतना धारदार था कि मुगीस के हाथ की उंगलियां बुरी तरह कट गईं और मौके पर ही खून बहने लगा।हादसे के तुरंत बाद साथी महबूब ने सूझबूझ दिखाते हुए घायल मुगीस को युग हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उनकी उंगलियों में 7 टांके लगाए। डॉक्टरों के अनुसार समय पर इलाज न मिलता तो नुकसान और भी गंभीर हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही कैलाशपुरी चौकी प्रभारी सचिन कुमार अस्पताल पहुंचे और घायल



युवक से जानकारी ली। वहीं नौचंदी थाना अध्यक्ष इलम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस-प्रशासन पर बड़ा सवाल**

जब चाइनीज मांझे की बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध है, तो फिर यह जानलेवा मांझा खुलेआम सड़कों पर कैसे बिछा मिल रहा है? क्या प्रशासन की सख्ती सिर्फ कागजों तक सीमित है?

आखिर कब रुकेगा चाइनीज मांझे का भण्डारण और यह लोगों की जान लेने का सिलसिला?

## लोहिया नगर मंडी आढ़त एसोसिएशन को मिला नया अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** लोहीया नगर मंडी आढ़त एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से अमित चौधरी को एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। उनकी नियुक्ति पर मंडी के आढ़तियों और व्यापारियों में हर्ष का माहौल है। अमित चौधरी के अध्यक्ष नियुक्त होने पर देवेंद्र त्यागी, विपिन गुर्जर आदि ने फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया। अमित चौधरी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे आढ़तियों की समस्याओं के समाधान और मंडी के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

**सम्बंध विच्छेद**

मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम SYED MASUR ALI लिखा है जबकि आधार कार्ड सहित अन्य अभिलेखों में सही नाम SYED MASROOR ALI है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

SYED MANNAWAR ALI
S/O SYED MASROOR
ALI-R/O-BADI
KHANKAH DEOBAND
SAHARANPUR UP-

**सम्बंध विच्छेद**

मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम NAZMUL HAQ SIDDQUI लिखा है। जबकि मेरे आधारकार्ड सहित अन्य अभिलेखों में सही नाम NAZMUL HUQ SIDDIQUI है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

SADAFARA D/O
NAZMUL HUQ SIDDIQUI
निवासी 788 बड़ी खानकाह देवबंद
सहारनपुर उत्तर प्रदेश

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र सुनील व पुत्रवधू शिवानी मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं है उनके इस गलत व्यवहार के कारण मैंने इनसे संबंध विच्छेद करते हुए दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इनका मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा।

**मानसिंह पुत्र रिसाल सिंह**
**निवासी गांव मनोहरपुर**
**थाना देवबंद जिला सहारनपुर**

# टी-20 सीरीज में होगा भारत का कड़ा इम्तिहान


भारतीय टीम का सांकेतिक फोटो

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज का पहला हाई-वोल्टेज मैच नागपुर में आज, सीरीज से पहले ब्रेसवेल की फिटनेस पर संशय

**नागपुर, वार्ता।** क्रिकेट फैंस एक हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए तैयार हैं, क्योंकि बुधवार को यहां विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच में भारत की टी-20 टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा।

सभी के मन में एक ही सवाल है। क्या मेहमान कीवी टीम भरी हुई भीड़ के सामने घरेलू पसंदीदा टीम को परेशान कर सकती है? भारत इस मुकाबले में अजेय मोमेंटम के साथ उतरेगा। एशिया कप में बिना हारे और ऑस्ट्रेलिया (2-1) और साउथ अफ्रीका (3-1) पर सीरीज जीतने के बाद, मौजूदा टी-20 वर्ल्ड चैंपियन अपनी धरती पर कॉन्फिडेंट हैं। अभिषेक शर्मा, जो धमाकेदार शुरुआत के लिए जाने जाते हैं, से भारत को लीड करने की उम्मीद है, जबकि जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह मजबूत बॉलिंग अटैक की कमान संभालेंगे। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या जैसे मिडिल -ऑर्डर के दिग्गज भारतीय टीम को गहराई देते हैं, जिससे यह एक अच्छी पावरहाउस बन जाती है। लेकिन न्यूज़ीलैंड कोई आसान टीम नहीं है। वेस्टइंडीज पर अपने घर में 3-1 से सीरीज जीतने से उत्साहित, मेहमान टीम डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनर और टिम रॉबिन्सन जैसे मैच-विनर खिलाड़ियों के साथ आई है, जो सभी मैच का रुख बदल सकते हैं। उनके मिडिल-ऑर्डर की गहराई, साथ ही काइल जैमीसन और जैकब डफी जैसे बैलेंस्ड बॉलिंग अटैक का मतलब है कि भारत को दबदबा बनाए रखने के लिए अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। नागपुर की पिच से एक बैलेंस्ड मुकाबला होने की उम्मीद है, जिसमें पहली इनिंग का स्कोर औसतन 156 के आसपास रहेगा। शाम को ओस पड़ने से पीछा करने वाली टीम को फायदा हो सकता है, जिससे टॉस एक अहम पल बन जाएगा। एनालिस्ट का अनुमान है कि 170-180 के बीच का स्कोर एक रोमांचक मुकाबले का माहौल तैयार करेगा, जो शायद आखिरी ओवरों तक चलेगा।

भारत का टी-20 का रथ पूरी रफ्तार से चल रहा है और न्यूज़ीलैंड इसे रोकने के लिए बेताब है, फैंस एक जबरदस्त क्रिकेट की रात की उम्मीद कर सकते हैं, जिसमें हर बाउंड्री, विकेट और कैच चर्चा का विषय बन जाएगा। नागपुर में पहला टी-20 मैच सिर्फ एक मैच से कहीं ज्यादा है-यह मोमेंटम, स्ट्रैटेजी और नर्वसनेस की लड़ाई है। टॉस जीतने वाले कप्तान के ओस वाले हालात का फायदा उठाने के लिए पहले बॉलिंग करने की उम्मीद है। इंडिया जीतने का फेवरेट है, लेकिन न्यूज़ीलैंड की चुनौती एक कांटे की टक्कर पक्का करती है जो आखिर तक जा सकती है। यह शुरुआती मुक. ाबला सीजन की सबसे रोमांचक टी-20 सीरीज में से एक के लिए माहौल बनाने का वादा करता है, जिसमें इंडिया की फ़ायरपावर और न्यूज़ीलैंड की मजबूती के बीच स्ट्रैटेजी और स्किल की लड़ाई होगी। वहीं माइकल ब्रेसवेल का भारत के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में खेलना संदिग्ध लग रहा है। नागपुर में पहले मुक़ाबले से ठीक पहले न्यूज़ीलैंड टीम के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। रविवार को इंदौर में खेले गए आखिरी वनडे में फ़ील्डिंग के दौरान उनकी बाईं पिंडली की मांसपेशी खिच गई थी। हालांकि, न्यूज़ीलैंड क्रिकेट को उम्मीद है कि उनकी यह चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। भारत को वनडे सीरीज़ में 2-1 से शिकस्त देने वाली न्यूज़ीलैंड टीम की कप्तानी करने वाले ब्रेसवेल को लेकर बोर्ड ने कहा कि आने वाले दिनों में उनका इलाज और निगरानी की जाएगी।

इसके बाद ही इस दौरे में उनकी आगे की भागीदारी पर फ़ैसला लिया जाएगा। इस बीच मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने बताया कि ब्रेसवेल अपनी टीम के साथ नागपुर पहुंच चुके हैं। इस बीच नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क को सीरीज के पहले तीन टी-20 मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर का आगाज़ करने वाले क्लार्क ने कुल सात विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने दो बार तीन-तीन विकेट लेने का कारनामा किया। गेंदबाज़ी के अलावा उन्होंने निचले क्रम में बल्ले से भी अहम योगदान दिया, जो न्यूज़ीलैंड की जीत में काफ़ी मददगार साबित हुआ। वॉल्टर ने खिलाड़ियों के आने-जाने पर बात करते हुए कहा कि इस वक्त टीम में खिलाड़ियों की आवाजाही काफ़ी ज्यादा है।

कुछ खिलाड़ी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं, तो कुछ सीधे फेंचाइज़ी क्रिकेट से हमारे साथ जुड़ रहे हैं। वहीं, बाक़ी खिलाड़ी भारत के खिलाफ वनडे सीरीज और सुपर स्मैश खेलकर आ रहे हैं। हमारी कोशिश यही है कि सीरीज के पहले तीन मैचों के लिए तेज गेंदबाज़ी में हमारे पास पुख्ता विकल्प मौजूद रहें। क्रिस्टियन के लिए भारत के अपने पहले दौरे में टीम के साथ थोड़ा और वक्त बिताने का यह बेहतरीन मौक़ा है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग का आयोजन इस वर्ष किया जाएगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश की राजधानी में प्रथम दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) का आयोजन इस वर्ष किया जाएगा। भारत की दो पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ियों नीति रावत और जसोदा गुलिया ने डीपीवीएल की बुनियाद रखी है। मंगलवार को दिल्ली और देश के जाने माने पूर्व और वर्तमान खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों की मौजूदगी में दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग कराए जाने की घोषणा की गई। पहले खिलाडी और अब पिछले अनेक दशकों से खेल अधिकारी के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले दिल्ली में वॉलीबॉल के स्तंभ कुलदीप वत्स ने नीति और जसोदा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) अनूठी पहल है और इसे सफल बनाने में दिल्ली वॉलीबॉल एसोसिएशन कोई कसर नहीं छोड़ेगी।नीति और जसोदा दिल्ली वॉलीबॉल के लिए सुनहरा सपना लेकर आई हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी चुनी

**वडोदरा, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रेमियर लीग में मंगलवार को मुम्बई इंडियंस के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गें. दबाजी करने का फैसला किया।

दिल्ली की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स ने टॉस जीतने के बाद कहा कि अंडर लाइट्स गेंद स्किड करेगी और ओस आने की संभावना है। दिल्ली कैपिटल्स में एक बदलाव है, मिन्नू मणि की जगह दिया यादव को जगह दी गई है। रॉड्रिग्स ने कहा कि दिया भले ही 16 वर्ष की हैं लेकिन वह बड़े शॉट्स खेल सकती हैं। मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि पहले गेंदबाज़ी करने का बेहतर विकल्प होता। एमआई में चार बदलाव हैं, वैष्णवी शर्मा आज डेब्यू कर रही हैं। कमालिनी की जगह राहिला फ़िरदौस खेल रही हैं।

# सायना नेहवाल ने संन्यास लिया

**● ओलंपिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल ने घुटने की पुरानी कंडीशन की वजह से कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट से अपने रिटायरमेंट की पुष्टि की**



**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल, जो भारत की सबसे काबिल बैडमिंटन प्लेयर्स में से एक हैं, ने घुटने की पुरानी कंडिशन की वजह से लगभग दो साल तक बाहर रहने के बाद कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट से अपने रिटायरमेंट की पुष्टि की है।

लंदन 2012 ओलंपिक ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट ने आखिरी बार 2023 में सिगापुर ओपन में कॉम्पिटिटिव मैच खेला था, लेकिन सोमवार को सुभोजित घोष के होस्ट किए गए पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने अपने फैसले की ऑफिशियल घोषणा की। सायना ने कहा कि वह कुछ समय पहले ही स्पोर्ट से दूर हो गई थीं और उन्हें तुरंत पब्लिक अनाउंसमेंट करने की जरूरत महसूस नहीं हुई। सायना ने कहा कि मैंने दो साल पहले खेलना बंद कर दिया था। मुझे असल में लगा कि मैं अपनी शर्तों पर स्पोर्ट में आई और अपनी शर्तों पर ही छोड़ी, इसलिए इसकी घोषणा करने की कोई जरूरत नहीं थी। पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 ने बताया कि यह फैसला उनके घुटनों में कार्टिलेज के गंभीर डिजनरेशन की वजह से लिया गया था, जिससे लगातार हाई-इंटेंसिटी ट्रेनिग करना नामुम. कन हो गया था। सायना ने अपने माता-पिता और कोच के साथ हुई बातचीत का ज़िक्र करते हुए कहा कि तुम्हारा कार्टिलेज पूरी तरह से खराब हो गया है, और तुम्हें आर्थराइटिस है। मैंने बस उनसे कहा, 'अब शायद मैं यह और नहीं कर पाऊंगी, यह मुश्किल है। सायना ने बताया कि उसका शरीर अब एलीट बैडमिटन की फिजिकल जरूरतों को नहीं झेल सकता। उसने आगे कहा कि आप दुनिया में बेस्ट बनने के लिए आठ से नौ घंटे ट्रेनिग करते हैं। अब मेरा घुटना एक या दो घंटे में ही जवाब दे रहा था। उसमें सूजन आ गई थी, और उसके बाद ज़ोर लगाना बहुत मुश्किल हो गया था। इसलिए मुझे लगा कि बस बहुत हो गया। मैं अब और ज़ोर नहीं लगा सकती। सायना नेहवाल को इंडियन बैडमिटन की एक ट्रेलब्लेजर माना जाता है। वह लंदन 2012 ओलंपिक्स में विमेंस सिगल्स ब्रॉन्ज़ मेडल जीतकर मशहूर हुई, और ओलंपिक मेडल जीतने वाली पहली इंडियन बैडमिटन प्लेयर

# भारत में खेलने को लेकर रुख में कोई बदलाव नहीं


**● बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने फिर संकेत दिया, अटकलों को नकारा**



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने मंगलवार को फिर से संकेत दिया कि आईसीसी टी20 विश्व कप भारत में खेलने के मामले में वे अपना रुख बदलने के लिए तैयार नहीं हैं।

आसिफ ने इस अटकल को भी खारिज कर दिया कि अगर बांग्लादेश सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए भारत में खेलने से इनकार करता है और आईसीसी से अपने मैच सह-मेजबान श्रीलंका में शिफ्ट करने के लिए कहता है, तो स्कॉटलैंड उनकी जगह ले सकता है। वीकेंड में, बीसीबी ने इस गतिरोध को लेकर ढाका में आईसीसी अधिकारियों के साथ बातचीत की, लेकिन कोई समझौता नहीं हुआ क्योंकि बीसीबी ने आईसीसी से जगह बदलने का अनुरोध किया था, जब बीसीसीआई ने दोनों देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के बीच आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया था। यह समझा जाता है कि आईसीसी ने मामले को सुलझाने के लिए 21 जनवरी की समय सीमा तय की है, क्योंकि उनके पास समय कम है। अगर उन्हें बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को लेना है, जो विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं करने वाली सबसे ऊंची रैंक वाली टीम है, तो उन्हें तैयारी के लिए कम से कम 15 दिन देने होंगे। आसिफ ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि हमारी जगह (आगामी टी20 विश्व कप में) स्कॉटलैंड को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर आईसीसी भारतीय क्रिकेट बोर्ड के दबाव में झुकता है और अनुचित शर्तें लगाकर हम पर दबाव डालने की कोशिश करता है, तो हम उन शर्तों को स्वीकार नहीं करेंगे।

# सिनर का दूसरे राउंड में प्रवेश



**● गैस्टन के दूसरे सेट के दौरान बीमारी के चलते मैच छोड़ दिए जाने के कारण जैनिक सिनर अगले राउंड में पहुंचे**

**मेलबर्न, वार्ता।** जानिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में पहुंच गए, जब ह्यूगो गैस्टन ने दूसरे सेट के दौरान बीमारी के कारण मैच छोड़ दिया।

दो बार के डिफेंडिग चैंपियन, सिनर, मैच पर पूरी तरह से कंट्रोल में थे, 6-2, 6-1 से आगे चल रहे थे, जब फ्रेंच खिलाड़ी - जिसने पहले सेट के बाद डॉक्टर को बुलाया था - रॉड लेवर एरिना के अंदर खेलना जारी नहीं रख सके। सिनर ने कहा कि मैंने देखा कि वह बहुत तेज़ गति से सर्व नहीं कर रहा था, खासकर दूसरे सेट में, लेकिन आप इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहते, जो अब गैस्टन के साथ अपनी लेक्सस हेड2हेड सीरीज़ में 3-0 से आगे हैं। वह इतना टैलेंटेड खिलाड़ी है, इसलिए मुझे पता था कि मुझे बहुत ऊंचे लेवल पर खेलना होगा, जितना हो सके आक्रामक होने की कोशिश करनी होगी, जो मैंने किया। इसलिए मैं बहुत खुश हूं, यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। सिनर ओपन एरा में लगातार तीन ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बनने का लक्ष्य बना रहे हैं, नोवाक जोको. विच के 2011-13 और 2019-21 के खिताब जीतने के बाद। अगले राउंड में उनका मुक. ाबला लकी लूज़र डिनो प्रिज्मिक या ऑस्ट्रेलियाई वाइल्ड कार्ड जेम्स डकवर्थ से होगा।

मैच के छठे गेम में, सिनर ने एक शानदार ड्रॉप शॉट लगाया और ब्रेक पॉइंट हासिल किया, जिससे गैस्टन गेंद तक पहुंचने की बेताब कोशिश में गिर गए। सिनर ने नेट पर अपने विरोधी का हालचाल पूछा, हालांकि गैस्टन को कोई चोट नहीं लगी थी, और बाद में लिया गया मेडिकल टाइमआउट गिरने से संबंधित नहीं लग रहा था।

## कमलिनी WPL के बाकी मैचों से बाहर



**वडोदरा, वार्ता।** जी कमलिनी टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गई हैं। मुंबई इंडियंस (एमआई) ने डब्ल्यूपीएल के बाकी मैचों के लिए जी कमलिनी की जगह वैष्णवी शर्मा को चुना है। एमआई की विकेटकीपर-बल्लेबाज जी कमलिनी ने इस सीजन में 5 मैच खेले थे, जिसके बाद चोट के कारण उन्हें सीजन से बाहर होना पड़ा। वैष्णवी शर्मा 30 लाख रुपये में एमआई में शामिल होंगी। यह बाएं हाथ की स्पिनर, जो 2025 में भारत की अंडर19 महिला टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं, ने भारत के लिए 5 टी-20 मैच खेले हैं और 5 विकेट लिए हैं।

# अनुभवी झांग शुआई पहले दौर में बाहर



**● चीनी खिलाड़ी झांग युआई पहले राउंड में वाइल्डकार्ड टेला प्रेस्टन से तीन सेट में हार गई**

**मेलबर्न, वार्ता।** चीनी अनुभवी खिलाड़ी झांग शुआई मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के महिला सिगल्स के पहले राउंड में वाइल्डकार्ड टेला प्रेस्टन से तीन सेट में हार गई जबकि वांग शिन्यू ने क्वालिफायर एंहेलिना कलिनीना पर सीधे सेटों में जीत हासिल करके ऑस्ट्रेलियन ओपन में चीन की सबसे ऊंची रैंक वाली खिलाड़ी के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली। चीनी क्वालिफायर वू यिबिग ने पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में जगह बना ली है। प्रेस्टन ने किया एरिना में एक घंटे और 33 मिनट में 6-3, 2-6, 6-3 से जीत हासिल करते हुए 26 विनर्स लगाए। 20 साल की प्रेस्टन ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। मैंने बहुत कड़ी मेहनत की है, यह बहुत अच्छा है, जिन्होंने इस महीने ब्रिस्बेन में झांग से मिली पिछली हार का बदला लिया। प्रेस्टन, जो ग्रैंड स्लैम में अपनी पहली मेन-ड्रॉ जीत की तलाश में थीं, ने आक्रामक शुरुआत की और पहला सेट जीतने के लिए 12 विनर्स लगाए। 36 साल की झांग ने प्रेस्टन की सर्विस पर दबाव डालकर मैच को बराबर किया। दुनिया में 161वें नंबर पर मौजूद प्रेस्टन ने तीसरे सेट के पहले गेम में ब्रेक लेकर वापसी की और जीत हासिल की। वह अब चेक गणराज्य की 13वीं सीड लिडा नोस्कोवा से खेलेंगी। दुनिया में 46वें नंबर पर रैंक वाली वांग ने एक घंटे और 33 मिनट में 6-3, 6-3 से पहले राउंड का मैच जीता, जिसमें उन्होंने 10 ऐस लगाए। वांग दूसरे राउंड में पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन एलेना ओस्टापेंको या रेबेका ामकोवा से खेलेंगी। 24 साल की यह खिलाड़ी अभी तक किसी ग्रैंड स्लैम में चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाई है। वांग इस महीने की शुरुआत में अपने करियर के दूसरे फाइनल में पहुंचने के बाद मेलबर्न पहुंचीं, जहां वह ऑकलैंड में एलिना स्वितोलिना से हार गई थीं। उन्होंने मजबूत सर्विस और 11 विनर्स के साथ पहला सेट अपने कंट्रोल में रखा। कलिनीना, जो 2023 में करियर की सबसे ऊंची 25वीं रैंकिंग पर पहुंची थीं, ने दूसरे सेट में शुरुआती टक्कर दी, जबकि वांग ने अपनी बाईं बांह पर पट्टी बांधी हुई थी। इसके बाद वांग ने लगातार पांच गेम जीतकर मैच खत्म कर दिया। इस बीच चीनी क्वालिफायर वू यिबिग ने इटली के लुका नारडी को हराकर पहली बार दूसरे राउंड में जगह बनाई। वू ने लगभग तीन घंटे में 7-5, 4-6, 6-4, 6-2 से जीत हासिल करते हुए 45 विनर्स लगाए। 26 साल के वू का अगला मुकाबला एलियट स्पिज़रि से होगा, जिन्होंने 28वीं सीड जोआओ फोन्सेका को हराया था। वू ने मेन ड्रॉ में पहुंचने के लिए तीन क्वालिफाइंग मैच जीते, यह 2023 के बाद किसी ग्रैंड स्लैम मेन ड्रॉ में उनकी पहली उपस्थिति है। दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट

# वीनस विलियम्स और एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा डबल्स से बाहर



**मेलबर्न, वार्ता।** वीनस विलियम्स और एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के विमेंस डबल्स कॉम्पिटिशन से पहले राउंड में हारकर बाहर हो गईं। इस जोड़ी को फांस की एल्सा जैक्वेमोट और कोलंबिया की एमिलियाना अरांगो ने एक करीबी मुक. ाबले में 7-6 (3), 6-4 से हराया। शुरुआती सेट में दोनों टीमों के बीच एक-दूसरे पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसके बाद जैक्वेमोट और अरांगो ने टाईब्रेक जीतकर बढ़त बना ली। इसी मोमेंटम को बनाए रखते हुए, फेंको-कोलंबियाई जोड़ी ने दूसरे सेट में कंट्रोल हासिल किया और विलियम्स और एलेक्जेंड्रोवा के जबरदस्त फाइटबैक के बावजूद, मैच जीतकर अगले राउंड में पहुंच गईं।

# यूपी डोमिनेटर्स ने दिल्ली दंगल वॉरियर्स को चौंकाया

**नोएडा, वार्ता।** यूपी डोमिनेटर्स ने 4-1 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 5-4 से हराकर प्रो रेसलिग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के मैच 7 में शानदार जीत दर्ज की। नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने अनास्तासिया अल्पीएवा और कप्तान सुजीत कलकल के दमदार प्रदर्शन की बदौलत मजबूत शुरुआत की, लेकिन अंडर 20 वर्ल्ड चैंपियन तपस्या गहलावत, कप्तान निशा दहिया और अंतिम मुकाबले में दो बार की वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघल की शानदार कुश्ती ने मुक. ाबले का रुख पूरी तरह पलट दिया। तपस्या गहलावत को शानदार वापसी की शुरुआत करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि दिल्ली दंगल वॉरियर्स की अनस्तासिया अल्पीएवा को उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए फाइटर ऑफ द मैच सम्मान मिला। पोस्ट मैच प्रेस कांफ्रेंस में यूपी डोमिनेटर्स की कप्तान निशा दहिया ने कहा कि आज का मुकाबला काफी कठिन था क्योंकि मेरी प्रतिद्वंद्वी 62 किग्रा वर्ग की हालिया राष्ट्रीय चैंपियन हैं। मुकाबला बेहद करीबी रहा और मैंने अपना 100 प्रतिशत दिया। मुझे लगता है कि मैं अपनी गलतियों पर काम करके और बेहतर प्रदर्शन कर सकती हूं। छोटी-मोटी चोटें इस खेल का हिस्सा हैं। टीम के तौर पर हम आने वाले मैचों में अपनी गलतियों को सुधारने और अपनी रणनीति पर टिके रहने पर ध्यान देंगे। दिल्ली दंगल वॉरियर्स के कप्तान सुजीत कलकल ने कहा कि भले ही नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर यह मेरे लिए अच्छा दिन रहा और मैं सबसे ज्यादा अंक जुटाने में सफल रहा। मेरे प्रतिद्वंद्वी भारत के सर्वश्रेष्ठ पहलवानों में से एक थे, इसलिए जीत-हार खेल का हिस्सा है। अब हमारा पूरा ध्यान 27 तारीख को मुंबई के खिलाफ होने वाले मुक. ाबले पर है, जहां हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे। दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने 86 किग्रा पुरुष वर्ग में शुरुआती बढ़त बनाई, जहां वफाईपौर हादी बख्तियार ने प्रभावी पार टेरे कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए मायखाइलोव वासिल को 7-4 से हराया। पहले पीरियड में बनाई गई बढ़त को उन्होंने अंत तक बनाए रखा। 76 किग्रा महिला वर्ग में अनस्तासिया अल्पीएवा ने शुरुआती टैकडाउन गंवाने के बाद शानदार वापसी की और ओजो डामोला हन्ना को 11-2 से मात दी। मुकाबले के अंतिम चरण में उनके टैकडाउन और टर्न ने निर्णायक भूमिका निभाई। 74 किग्रा पुरुष वर्ग में दिल्ली की लय बरकरार रही, जहां अजरबैजान के तुरान बायरामोव ने धैर्यपूर्ण और अनुशासित कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए अभिमन्यु मंडवाल को 3-0 से हराया और दिल्ली को 3-0 की बढ़त दिलाई। यूपी को पहला अंक 57 किग्रा महिला वर्ग में तपस्या गहलावत के जरिए मिला। अंडर 20 वर्ल्ड चैंपियन तपस्या ने संयमित प्रदर्शन करते हुए 8-2 से जीत दर्ज की और टीम को मुकाबले में वापस लाईं। 65 किग्रा पुरुष वर्ग में दिल्ली के कप्तान और अंडर 23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत कलकल ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विशाल काली रामन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराते हुए दिल्ली की बढ़त 4-1 कर दी। मैच का टर्निंग पॉइंट 57 किग्रा पुरुष वर्ग में आया, जहां राहुल देशवाल ने शुरुआती पुश-आउट के बाद जोरदार वापसी करते हुए शुभम कौशिक को 8-5 से हराया और यूपी की उम्मीदें जिदा रखीं। हेवीवेट मुकाबले में जसपूरन सिंह ने केंद्र पर नियंत्रण बनाए रखते हुए रोनक को 3-1 से हराया और अंतर को एक अंक तक कम कर दिया। इसके बाद 62 किग्रा महिला वर्ग में कप्तान निशा दहिया ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंजली को 9-5 से

# रसूली-जादरान के दम पर अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को हराया

**● शानदार बल्लेबाजी और शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को 38 रनों से हराया**

**दुबई, वार्ता।** इब्राहिम जादरान (नाबाद 87) और दरवेश रसूली (84) के शानदार अर्द्धशतकों और उसके बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने दुबई में पहले टी20 में वेस्टइंडीज को 38 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए, अफगान ने 181/3 का बड़ा स्कोर बनाया, जिसके बाद उनके गेंदबाजों ने नियमित विकेट लेकर विडीज के लक्ष्य का पीछा करने में बाधा डाली। अफगानिस्तान शुरुआती दौर में ही मुश्किल में पड़ गया जब रहमानुल्लाह गुरबाज पहली ही गेंद पर एक तेज सिगल लेने की कोशिश में रन-आउट हो गए। जबकि इब्राहिम जादरान ने अच्छी शुरुआत की, पहले ओवर में हेडन सील्स की गेंद पर एक चौका और दूसरे ओवर में मैथ्यू फोर्डे की गेंद पर दो और चौके लगाए, लेकिन जब सील्स ने तीसरे ओवर में सिद्दीकुल्लाह अटल को आउट किया तो अफगानिस्तान का स्कोर 19/2 हो गया। हालांकि, जब दरवेश रसूली क्रीज पर इब्राहिम के साथ जुड़े, तो उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

उन्होंने कुछ खराब गेंदबाजी का फायदा उठाया और पावरप्ले के अंत तक अफगानिस्तान को 53/2 तक पहुंचाया। आठवां ओवर छक्के के साथ शुरू हुआ और खत्म हुआ, जिससे दोनों ने अपनी 50 रन की साझेदारी पूरी की। हमला जारी रहा और वेस्टइंडीज के पास कोई जवाब नहीं था। इब्राहिम और रसूली दोनों ने लगातार ओवरों में अर्द्धशतक बनाए और पारी आगे बढ़ने के साथ-साथ उन्हें किस्मत का भी साथ मिला। वेस्टइंडीज ने एक ओवर के अंदर कुल तीन कैच छोड़े और 162 रन की साझेदारी को खत्म करने में कामयाब रहा।

# सरसावा की हृदयविदारक घटना से स्तब्ध रहा पूरा जिला

## इमरान मसूद, मुकेश चौधरी, प्रदीप चौधरी, शाहनवाज खान मौके पर व हाजी फजलुर्रहमान, फरहाद पहुंचे पोस्टमार्टम हाऊस

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरसावा।** कस्बे के कौशिक विहार में एक ही परिवार के पांच लोगों का बंद कमरे में गोली लगा शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने हर एंगल से जांच की में जुटी। डीआईजी अभिषेक, जिलाधिकारी मनीष बंसल, एस एसपी आशीष तिवारी समेत जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे। वहीं सांसद इमरान मसूद, नकुड विधायक मुकेश चौधरी, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी भी घटनास्थल पर पहुंचे। पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान व पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा ने पोस्टमार्टम हाऊस पहुंच घटना की जानकारी ली।



मृतक अशोक अपने पिता की मौत के बाद उनकी जगह मृतक आश्रित में नौकरी पाए थे। वह नकुड़ तहसील में अमीन थे। जबकि एक बेटा देव कस्बे के एमटीएस पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 का छात्र था और कार्तिक नकुड़ के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 10 में पढ़ाई कर रहा था। पड़ोसियों का कहना है कि परिवार शांत स्वभाव का था। किसी से कोई विवाद नहीं था। पुलिस को शक है कि अमीन ने पहले अपनी मां, पत्नी और दोनों बेटों को गोली मारी और उसके बाद खुद को भी गोली मार ली। पुलिस यह भी देख रही है कि कहीं परिवार पर कर्ज, नौकरी से जुड़ा तनाव, घरेलू विवाद या मानसिक दबाव तो नहीं था, जिसकी वजह से अमीन ने यह कदम उठाया।

पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं किसी बाहरी व्यक्ति ने घर में घुसकर सभी की हत्या तो नहीं की। पुलिस यह पता लगा रही है कि परिवार का किसी से विवाद, लेन-देन या दुश्मनी तो नहीं थी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पड़ोसियों से पूछताछ भी की जा रही है।

अशोक राठी पुत्र सुरेंद्र थाना नकुड के ग्राम खारीबास के रहने वाले थे जो इस मकान में किराए पर रह रहे थे और बराबर में सावन बिहार में अपना मकान बना रहा था जिसका 1 फरवरी को मुहूर्त होना था सूत्रों के हवाले से मरने से पहले अशोक राठी ने अपनी बहनों पिंकेश व मोना को एक वाइस मैसेज भेजा था। जिसके बाद अशोक के भांजे सौरभ पुत्र प्रदीप ने बताया कि हम सुबह को मिलने के लिए घर पर जब गए तो किसी ने दरवाजा नहीं खोला शक होने पर हमने सीडी के माध्यम से ऊपर दुसरी मजिल पर गए और काफी आवाज लगाई लेकिन जब किसी ने कोई जवाब नहीं दिया तो रसोई की खिड़की तोड़कर उसके अंदर का दरवाजा भी तोड़कर जब अंदर देखा तो पांचों की गोली लगी लाश पड़ी है हमने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

एसएसपी आशीष तिवारी ने जानकारी दी की सूचना मिली की पांच लोगों के घर में शव हैं तो मौके पर फॉरेंसिक टीम आला अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं शवों को जांच की जा रही है पास से तीन पिस्टल मिले पुलिस सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है कि भारी व्यक्ति का किसी से कोई विवाद तो नहीं था पुलिस और एंगल से जांच कर रही है घटना के पीछे क्या पूरा मामला है इसके बारे में पुलिस टीम गठित कर दी गई है मरने वालों में अमीन उसकी मां पत्नी बच्चे भी शामिल शवो को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। जनप्रतिनिधि सांसद इमरान मसूद, एमएलसी शाहनवाज खान, नकुड विधायक मुकेश चौधरी, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी मौके पर पहुंचे जबकि पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान, पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम व पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप ने पोस्टमार्टम हाऊस पहुंचकर मामले की जानकारी ली।







# विधायक व डीएम के समक्ष पर्यटन परियोजनाओं का प्रस्तुतिकरण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर एवं जिलाधिकारी मनीष बंसल के समक्ष जनपद में चल रहे पर्यटन विकास कार्यों एवं नवीन कार्ययोजना में शामिल परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार राजीव गुम्बर की विधानसभा से भूतेश्वर महादेव मंदिर को भी नवीन कार्ययोजना में शामिल किया गया है, जिसके लिये पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 80 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जायेगी। विधायक नगर द्वारा कार्यदायी संस्था आवास विकास परिषद को निर्देशित किया गया कि कार्य सभी मानकों एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न हो। जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा समय से कार्य को शुरू व पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर फुलवारी आश्रम पर चल रहे पर्यटन विकास कार्यों की समीक्षा की गयी। कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि फुलवारी आश्रम पर एक पर्यटक सुविधा केन्द्र, ओपन एयर थियेटर, आर्ट गैलरी तथा डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है। समीक्षा के दौरान आर्ट गैलरी में लगाई जाने वाली म्यूरल्स पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान डिजिटल लाइब्रेरी के लिये तैयार की गई वीडियो का प्रस्तुतीकरण भी किया गया जिसमें विधायक नगर द्वारा भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के सभी पहलुओं को सम्मिलित किये जाने हेतु निर्देश दिये तथा जिलाधिकारी द्वारा भगत सिंह के फुलवारी आश्रम से जुड़ाव को म्यूरल्स में सम्मिलित किये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविशंकर द्वारा अवगत कराया गया कि इस वर्ष पर्यटन विभाग द्वारा 5 स्थलों पर लगभग 3.8 करोड़ रुपये के पर्यटन विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। बैठक में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविशंकर, परियोजना प्रबन्धक सी एण्ड डीएस रविन्द्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता उप्र आवास एंव विकास परिषद नन्द बाला बल्लभ, जिला सूचना अधिकारी दिलीप कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# 23 को दस मिनट की होगी ब्लैक आउट मॉकड्रिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म दिवस के अवसर पर जनपद में ब्लैक आउट मॉकड्रिल आयोजित की जायेगी।

उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा कश्मीर सिंह ने बताया कि इस ब्लैक आउट मॉकड्रिल के लिए श्री रामकिशन परमहंस स्कूल तिराहे से गोल कोठी चौक जैन बाग सहारनपुर तक का स्थान चयनित किया गया है। इस मॉकड्रिल स्थल के आसपास के सम्मानित व्यापारी, दुकानदार एवं आम जनमानस 23 जनवरी को सांय 6:00 बजे से सांय 6:10 बजे तक ब्लैक आउट मॉकड्रिल के समय लाईट एवं इनवर्टर बन्द रखेंगे तथा जिलाधिकारी के निर्देशानुसार प्रकाश पूर्णतया बन्द रहेगा। श्री सिंह ने बताया कि यह एक हवाई हमले का काल्पनिक प्रदर्शन है। इस मॉकड्रिल को कराने का उदेश्य अचानक हुऐ हवाई हमलों से कैसे अपना बचाव करेगें। यह प्रदर्शन आम जनमानस में जनजागरूकता फैलाने हेतु किया जा रहा है।

# इन्सान का असल मकसद अपने रब को राजी करनाः मुफ्ती खुर्शीद



शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** नगर की जामा मस्जिद कुरैशियान में इस्लाही प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अमरोहा से आये हजरत मौलाना मुफ्ती खुर्शीद अनवर, खलीफा हजरत पीर जुल्फकार ने कहा कि इंसान को लगातार नसीहत करते रहना चाहिए, क्योंकि समझाना ही इंसान के लिए नफा देता है। एक न एक दिन वह खुद इंसानियत के रास्ते पर आ जाता है। मौलाना ने कहा कि इंसान का असल मकसद अपने रब को राजी करना होना चाहिए क्योंकि रब राजी होता है तो दुनिया की तमाम भलाईयां मिल जाती हैं।

उन्होंने अल्लाह के नबी की सुन्नतों पर चलने की ताकीद करते हुए कहा कि नबी ने इल्म हासिल करने और बच्चों को तालीम से जोड़ने का हुक्म दिया है। पढ़ना और पढ़ाना ही कुरआन का पहला सबक है, लेकिन आज इंसान इस बुनियादी सबक को भूलकर सिर्फ दुनिया के पीछे भाग रहा है। इस दौरान कारी इरफान नगला, कारी इफ्तिखार चालाकपुर, मोहम्मद उस्मान कारी नदीम, कारी उवैस, मौलाना मुकर्रम आदि मौजूद रहे।

## तेजी से पैर पसार रहा खुरपका

**तीतरों।** क्षेत्र में खुरपका रोग तेजी से पैर पसार रहा है। खुरपका रोग के कारण पांच मवेशियों की मौत हो चुकी है।

क्षेत्र के गांव फतेहचंदपुर में मवेशियों में खुरपका रोग काफी दिनों से फैला हुआ है। पशुपालन विभाग ने इसकी रोकथाम के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। खुरपका का रोग फैलने के कारण पशुपालक परेशान है।

किसान मवेशियों के आसपास चूने का छिड़काव भी कर रहे हैं लेकिन इसके बावजूद भी बीमारी नियंत्रण में नहीं आ रही है। खुरपका रोग के कारण पशुपालक पिकन, बीरम, मुकेश, कलीराम, ईसम सिंह के मवेशियों की मौत हो चुकी है।

# राजनीति में आगे आएं युवाः चौ. नीरपाल



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने युवाओं को राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण कराते हुए कहा कि युवाजन परिवर्तन के प्रतीक होते है।राजनीति में युवाओं को आगे आना चाहिए।

चौ.नीरपाल सिंह ने ऊंचागांव में कहा कि आगामी जिला पंचायत चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल अकेले चुनाव लड़ेगी और युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। उन्होंने कहा राष्ट्रीय लोकदल भी चुनाव में युवाओं को प्राथमिकता देगी।

इस अवसर पर नानक सिंह, प्रेमपाल, अशोक कुमार, रघुवर सिंह, सुशील सिंह, सूरज, निशांत, आकाश, चेतन, सुन्दर, कुंवर सिंह, शशिकात्त आदि का पटका पहनाकर रालोद में स्वागत किया।

# ब्राह्मण समाज के साथ खड़ी सपाः टिंकू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान से आहत ब्राह्मण समाज ने प्रशासन को ज्ञापन देने का निर्णय लिया है।

गोटेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित बैठक में वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा शंकराचार्य सनातन धर्म के सबसे बड़े धर्मगुरु है और उनका अपमान समस्त सनातन धर्म का अपमान है तत्काल मेला प्रशासन को शंकराचार्य जी से क्षमा मांगनी चाहिए और उनके आश्रम के आसपास जो पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग वगैरा की गई है वह सब व्यवस्थाएं को सुधार देना चाहिए और जिन पुलिसकर्मियों ने शंकराचार्य के साथ अभद्रता की उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। टिंकू अरोड़ा ने कहा जो भी नगर के ब्राह्मण समाज का आदेश होगा उस पर हम चलने का काम करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी लगातार शंकराचार्य स्वामी के संपर्क में हैं और समाजवादी पार्टी शंकराचार्य के सम्मान की लड़ाई लड़ने का भी काम करेगी। पंडित अमित, जीवनकांत शर्मा और संजय प्रपन्नाचार्य ने कहा कि समस्त ब्राह्मण समाज ओर हिंदू समाज का मन बहुत आहत हुआ है। शंकराचार्य का सम्मान सनातन धर्म में सर्वोपरि है इस पर तत्काल मेला प्रशासन ने अगर अपनी गलती को नहीं स्वीकारा तो इसमें समस्त विप्र परिवार आंदोलन करेगा। बैठक में अशोक वशिष्ठ, रोहित कौशिक, संदीप कुमार शर्मा, संजय कपिल, नीरज पाराशर, पुरुषोत्तम सैनी, विकास शर्मा, पंडित राहुल कांत शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी से मिला सपा का प्रतिनिधिमंडल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगर पालिका परिषद सरसावा तथा नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना द्वारा गरीब रेहड़ी-पटरी वालों से वसूले जा रहे पथ विक्रेता शुल्क पर रोक लगाये जाने के सम्बन्ध में सपा के प्रति. निधिमंडल ने जिलाधिकारी मनीष बंसल से मुलाकात की।



सपा प्रतिनिधि मंडल ने डीएम को ज्ञापन देते हुए बताया है कि जनपद के विभिन्न नगर निकाय क्षेत्रों में लगने वाले पैठ बाजारों में गरीब मजदूर वर्ग के लोग पिछले कई दशकों से रेहडी-पटरी लगाकर घरेलू आवश्यकताओं की वस्तुएं बेचकर अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे है। यही कार्य इन गरीब वर्ग के लोगों की आजीविका का एकमात्र साधन है। पिछले लगभग 15 वर्षों से इन रेहडी-पटरी वालों से किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं वसूला गया है। लेकिन नगर पालिका सरसावा तथा नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना द्वारा पिछले लगभग दो माह से इन गरीब रेहड़ी-पटरी वालों से 50 से 500 रुपये तक की धनराशि पथ विक्रेता शुल्क के नाम पर वसूली जा रही है। ये सभी रेहड़ी-पटरी वाले अत्यन्त गरीब वर्ग से है तथा इनसे पथ विक्रेता शुल्क वसूलना उचित नहीं है। प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से पथ विक्रेता शुल्क पर तत्काल रोक लगाये जाने हेतु निर्देशित किये जाने की मांग की है। इस दौरान पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान, पूर्व विधायक विरेन्द्र ठाकुर, प्रदेश सचिव मांगेराम कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा, प्रतिनिधि पूर्व सांसद अर्शी हसन, पीआरओ पूर्व सांसद सैय्यद हस्सान, रोहित कश्यप, रईस मलिक, हसाव गाडा, उमर गाड़ा, संदीप कुमार व मो. हसिन आदि मौजूद रहे।

## दोष सिद्ध होने पर कारावास

**सहारनपुर।** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 ने अभियुक्त को एनडीपीएस एक्ट में दोषी पाए जाने पर तीन वर्ष के कारावास एवं 30 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता अमित त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 अप्रैल 2020 को वादी उपनिरीक्षक दीपचंद थाना फतेहपुर की सूचना पर अभियुक्त गुलबहार पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम सिकंदरपुर थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार के कब्जे से 210 ग्राम चरस बरामद होने पर मुकदमा थाना फतेहपुर में पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त अभियोग एसटी नं0- 539/2020 पर न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 में विच. ाराधीन रहा। एडीजीसी श्री त्यागी ने बताया कि दोष सिद्ध होने पर आरोपी को सजा सुनाई गई।

# खिलाड़ियों का रणजी ट्राफी टीम में चयन







शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** जिले के खिलाड़ियों प्रशांत वीर, कुणाल त्यागी और नदीम का चयन उत्तर प्रदेश की रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टीम में हुआ है। सहारनपुर के खिलाड़ियों का यूपी टीम में चयन होने पर शहर में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी गई हैं। चयनित खिलाड़ी 22 जनवरी से लखनऊ के इकाना इंटरनेशनल स्टेडियम में झारखंड के खिलाफ होने वाले मुक. ाबले में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एसडीसीए) के चेयरमैन मोहम्मद अकरम ने कहा कि चयनित खिलाड़ियों की मेहनत रंग लाई है और यह सहारनपुर के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि एसडीसीए हमेशा खिलाड़ियों के प्रदर्शन और विकास के लिए हर संभव सहयोग करेगा।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर एसडीसीए के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, सचिव लतीफ उर रहमान, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष पाली कालड़ा, संरक्षक अमर गुप्ता और राज कुमार राजू सहित मीडिया प्रभारी सैयद मशकूर, जॉइंट सेक्रेटरी महेश शर्मा, मोहम्मद वकार, भूपेंद्र कच्छल, विनय कुमार, सत्यम शर्मा, रवि सिंघल, योगेश गुप्ता, राकेश शर्मा, रणधीर कपूर, विक्रांत चौधरी, आमिर कुरैशी, अर्जुन चौहान, आदिल खान, भावना तोमर, तनवीर खान, संजय विश्वकर्मा, शोएब अहमद, सचिन सैनी, पीयूष राणा, रविश राठी, अर्जुन कुमार, अंजर अली, प्रीति मेहरा, राज शेखर, राव मुजीब, अक्षय चौहान, आयुष चौधरी, प्रिंस पटेल और ललित पंवार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे और खिलाड़ियों की इस सफलता पर खुशी जताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एआरटीओ से शिष्टाचार मुलाकात



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** एंटी करप्शन फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने एआरटीओ एवं अन्य अधिकारियों के साथ शिष्टाचार भेंट की।

एंटी करप्शन फाउंडेशन की टीम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनीतिक सेल गौरव गाबा के साथ एआरटीओ एम पी सिंह सिंह से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की गई। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में भूमिका एवं जनता को होने वाली समस्याओं के विषय पर चर्चा की गई। गौरव गाबा ने विभाग से जनपद में बनने वाले ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया को समझा एवं जनता की समस्याओ से भी अधिकारियों को अवगत कराया एवं उसमे सुधार के लिए कुछ सुझाव भी संगठन द्वारा दिए गए। आरआई रोहित से भी कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और उनसे समाधान के लिए सुझाव दिए। इस अवसर पर गगन गुलाटी, प्रिंस बत्रा, गुलशन वाधवा, सुधीर भटेजा, विपुल खुराना, धनवीर चौधरी, अपूर्व वर्मा आदि मौजूद रहे।

## दो वांछित दबोचे


**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त सरिया बरामद कर लिया।

19 जनवरी को राहुल कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी राजौरी गार्डन थाना सदर बाजार ने कोतवाली तहरीर देकर बताया था कि आरोपियों अभिषेक पुत्र सुरेंद्र व सचिन पुत्र राजकुमार निवासीगण रामनगर थाना कोतवाली देहात ने एकराय होकर उसके साथ गालीगलौच व जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया है। पुलिस ने आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। थाना सदर बाजार पुलिस ने आज चैकिंग के दौरान वांछित आरोपियों अभिषेक पुत्र सुरेंद्र व सचिन पुत्र राजकुमार निवासीगण रामनगर थाना कोतवाली देहात को कांसीराम बस अड्डे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# भव्यता के साथ मनेगा यूपी दिवसः डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस तथा 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं राष्ट्रीय पर्यटन दिवस कम्पनी बाग में आयोजित किए जाने के संबंध में अधिकारियों की ड्यूटियां लगाई है। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, कृषि एवं विज्ञान विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हस्तशिल्पियों, किसानों, उद्यमियों, उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान व विश्वकर्मा श्रम सम्मान के विज. ेताओं, माटीकला बोर्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, चिकित्सकों, प्रगतिशील किसानों व वैज्ञानिकों का सम्मान किया जाएगा।



श्री बंसल ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर कम्पनी बाग में उत्तर प्रदेश दिवस 2026 की थीम विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत की योजनाओं से संबंधित आयोजन, स्टॉल, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एक जनपद एक उत्पाद, एक जनपद एक व्यंजन, स्टार्टअप व ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, इनवेस्ट उत्तर प्रदेश से संबंधित प्रदर्शनिया लगाई जाएंगी। कार्यक्रम स्थल पर नगर निगम, कृषि, मिशन शक्ति, बैंक, खादी ग्रामोद्योग, एनआरएलएम, पर्यटन, पशुपालन, विश्वविद्यालय, स्टार्ट अप इण्डिया आदि से संबंधित लगभग 70 स्टाल लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को मतदाता जागरूकता दिवस एवं राष्ट्रीय पर्यटन दिवस मनाया जाएगा। मतदाता जागरूकता दिवस के संबंध में गोष्ठी, वाद-विवाद, कविता, भाषण के माध्यम से आमजनों को लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके तहत स्कूली छात्र एवं छात्राओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान के लिए बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों को पुरस्कृत किया जाएगा। शाम से समय सांस्कृति संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें स्थानीय एवं प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रतिभाग कर प्रस्तुति दी जाएगी। श्री बंसल ने 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस मनाने के साथ ही पुलिस लाईन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कोर्ट का सख्त रुख

आवारा कुत्तों को लेकर इस समय देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रही है। जस्टिस विक्रमनाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मंगलवार को भी इस पर सुनवाई की है। बेंच चाहती थी कि यह सुनवाई आज ही पूरी हो जाए, लेकिन अब अगली सुनवाई 28 जनवरी को होगी। सुनवाई के दौरान आवारा कुत्तों के पक्ष और विपक्ष में दलीलें देखने में आई। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की बेंच आवारा कुत्तों को लेकर बेहद स्पष्ट दिखाई दी और उसने यही संकेत दिया कि तमाम दलीलें अपनी जगह, लेकिन इंसानों के जीवन से किसी तरह का कोई समझौता नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी को लेकर काफी खफा दिखाई दिया और उसने उनके वकील राजूराम चंद्रन से कह डाला कि आपकी मुवक्किल बिना सोचे-समझे अदालत पर टिप्पणियां कर रही हैं और वह इस हद तक पहुंच गई हैं जहां वह अदालत की अवमानना के दायरे में आ जाती हैं। अदालत का यह भी कहना था कि इसके बावजूद अदालत अपनी उदारता के चलते उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई शुरू नहीं कर रही है। जस्टिस संदीप मेहता ने तो सवाल भी उठा दिया कि जब मेनका गांधी केंद्रीय मंत्री थी, तब उन्होंने कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का बजटीय प्रावधान तय किया। इस पर वकील रामचंद्रन ने कहा कि बजट नीति का विषय है और वह अजमल कसाब जैसी मामलों में भी पैरवी कर चुकी हैं। उनके यह कहने पर जस्टिस विक्रमनाथ ने सख्त लहजे में कह डाला कि अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की थी, लेकिन आपकी मुवक्किल ने की थी। एडवोकेट चारू माथुर ने भी कहा कि राज्यों की चूक साफ दिखाई देती है। तो वहीं सिद्धार्थ दवे का कहना था कि संविधान हमें सभी जीवों के प्रति करूणा रखने का निर्देश देता है और मनुष्य पशु के टकराव से जुड़े मामले में अब तक अदालत बड़े पैमाने पर वन्य जीवों की रक्षा करती आई है। बेंच ने बाद में आदेश दिया कि व्यक्तियों और एनजीओ की तरफ से दलीलें पूरी हो गई हैं और मामला 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे लिस्ट किया जाए। उस दिन अदालत एमिकस क्यूरी, एनएचआरसी के वकील और सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की दलीलें सुनेगी। अदालत ने यह भी साफ किया कि अब तक जो उसने अपनी तरफ से आवारा कुत्तों को लेकर टिप्पणी की है, उसको हलके में न लिया जाए। यह कोई मजाक नहीं है, बल्कि बेहद गंभीर मामला है। कोर्ट का साफ कहना था कि आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी तय की जा सकती है। कोर्ट ने यह कहकर साफ किया कि पिछली सुनवाई की हमारी टिप्पणी को मजाक समझना गलत होगा और कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा।

## साधु-संतों को सम्मान नहीं मिल पा रहा



महाभ्रष्ट राज में प्रयागराज माघ मेले के नाम पर पचासों हजार रुपये की बड़ी रकम कमीशन के रूप में गटकने का नया खेल शुरू हो गया है, माघ मेला महाभ्रष्टाचार की कमीशनखोरी में भाजपाई गुट की मिलीभगत के कारण साधु-संतों को सम्मान नहीं मिल पा रहा है और मेले की अव्यवस्था पर बोलने वालों को निशाना बनाया जा रहा है, शासन-प्रशासन कमीशनखोरी के इस गोरखधंधे को बचाने के लिए आपत्तिजनक, अपमानजनक और हिसक दुर्व्यवहार कर रहा है, भाजपा को कमिश्नर की जगह कमीशनर नाम की नई पोस्ट बना देनी चाहिए, मेलाक्षेत्र के संजय का धृतराष्ट्र कौन है, जिसे प्रत्यक्ष घटनाक्रम दिखाया -सुनाया जा रहा था।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# ई डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान

कल्पना कीजिए कि आप किसी जंगल या शहर की सड़क पर चल रहे हैं और आपको दूर-दूर तक किसी जीव या इंसान का नामोनिशान तक न दिखे, फिर भी वैज्ञानिक यह बता दें कि वहां से कौन-कौन से जीव गुजरे चुके हैं, कौन से वायरस मौजूद थे और यह भी बता दें कि वहां से गुजरने वाले लोग किस मूल के हैं और यदि यह कहा जाए कि यह कोई कोरी कल्पना नहीं, बल्कि हकीकत है तो? यह संभव हुआ है पर्यावरणीय डीएनए (ई-डीएनए) का विश्लेषण करने की एक नई तकनीक नैनोपोर सिक्वेंसिंग से। शोधकर्ताओं ने इसका इस्तेमाल किसी क्षेत्र में मौजूद जैव-विविधता की तस्वीर पेश करने में किया है।


गौरतलब है कि हर सजीव, चाहे वह इंसान हो, जानवर हों या वनस्पतियां, अपने आसपास के वातावरण में त्वचा की झिल्ली, लार, बाल या को. शिकाओं जैसे बहुत बारीक कण छोड़ते रहते हैं, जिनमें उनका डीएनए होता है। वैज्ञानिक इन कणों को मिट्टी, पानी या हवा से इकट्ठा कर यह पता लगा सकते हैं कि वहां कौन-कौन से जीव मौजूद हैं या थे। इस तरह प्राप्त डीएनए को पर्यावरणीय डीएनए या ई-डीएनए कहते हैं। पहले वैज्ञानिक मेटाबारकोडिंग नामक तकनीक से ई-डीएनए का अध्ययन करते थे। इससे यह पता चलता था कि किस तरह के जीव वहां थे, लेकिन यह तरीका धीमा, महंगा और सीमित जानकारी वाला था। फिर आई शॉटगन सिक्वेंसिंग तकनीक। इसमें किसी खास डीएनए को ढूंढने की बजाय नमूने के सम्पूर्ण डीएनए के छोटे-छोटे टुकड़ों का अनुक्रमण किया जाता है और उन्हें किसी पजल की तरह कंप्यूटर की मदद से जोड़कर पहचान की जाती है।

अब, एक नई तकनीक (नैनोपोर सिक्वेंसिंग) विकसित की गई है। इसकी मदद से वैज्ञानिक एक बार में डीएनए की लंबी श्रंखला पढ़ सकते हैं। इससे नतीजे और भी सटीक मिलते हैं और तो और यह तकनीक न सिर्फ तेज और सस्ती है, बल्कि इतनी कॉम्पैक्ट है कि इसे लैपटॉप से जोड़ा जा सकता है। इस तकनीक को आजमाने के लिए वैज्ञानिकों ने अप्रैल 2023 में फ्लोरिडा के वॉशिंगटन ओक्स गार्डन्स स्टेट पार्क में हवा के नमूने इकट्ठा किए। उन नमूनो में डीएनए का विश्लेषण करके बताया कि वहां एक जंगली बिल्ली (बॉबकैट), एक जहरीला सांप, चमगादड़, मच्छर, एक पक्षी (ऑस्प्रे), और अफ्रीकी, यूरा. पीय और एशियाई मूल के इंसान मौजूद थे। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने वहां इनमें से कोई जीव नहीं देखा था।

इसी तरह का एक अध्ययन आयरलैंड की राजधानी डबलिन की हवा के नमूने लेकर भी किया गया। यहां वैज्ञानिकों को इंसानों की ज्यादा विविध जेनेटिक जानकारी मिली। उन्हें 221 प्रकार के इंसानी वायरस और बैक्टीरिया के डीएनए मिले जो फ्लोरिडा के मुकाबले 7 गुना अधिक थे। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह तकनीक जंगलों और शहरों में जैव विविधता की निगरानी करने में काफी उपयोगी है। इसके अलावा, बाहरी और संकटग्रस्त प्रजातियों पर नजर रखने, बीमारियां फैलाने वाले वायरस या बैक्टीरिया की पहचान करने और बिना संपर्क के इंसानी उपस्थिति तथा वंश का अध्ययन करने में भी मददगार होगी। इससे किसी भी जगह पर मौजूद जीवन की एक पूरी तस्वीर सिर्फ हवा के विश्लेषण से मिल सकती है, लेकिन इसके साथ एक चिंता भी है। यदि वैज्ञानिक हवा से इंसानी डीएनए पहचान सकते हैं, तो इसका इस्तेमाल किसी व्यक्ति पर नजर रखने के लिए भी किया जा सकता है। हालांकि अब तक के अध्ययनों में सिर्फ सामान्य वंश की जानकारी मिली है, किसी व्यक्ति विशेष की नहीं। लेकिन भविष्य में यह तकनीक इतनी विकसित हो सकती है कि व्यक्ति विशेष की जानकारी भी दे सके। कानून विशेषज्ञ नताली राम का कहना है कि सरकारें या निजी कंपनियां इस तकनीक का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर निगरानी के लिए कर सकती हैं। एक प्राइवेट कंपनी तो ऐसे छोटे ई-डीएनए स्कैनर बना रही है जो चुपचाप किसी कमरे में वायरस या इंसानी डीएनए की निगरानी कर सकता है।

हालांकि, यह तकनीक है तो बहुत रोमांचक, लेकिन अभी इस पर कफी काम किया जाना बाकी है। उदाहरण के तौर पर, वैज्ञानिकों को फ्लोरिडा के समुद्री पानी में काऊपॉक्स वायरस के डीएनए के अंश मिले हैं, जबकि वहां ऐसा वायरस पाया ही नहीं जाता है। इससे यह सवाल उठता है कि कहीं इतने छोटे डीएनए अंश झूठी या भ्रामक जानकारी तो नहीं दे रहे? वैज्ञानिकों को ऐसे नतीजों को बहुत सोच-समझकर देखना चाहिए, क्योंकि सिर्फ डीएनए का मौजूद होना यह नहीं साबित करता कि वह जीव वास्तव में वहीं है या वह सक्रिय है।

**-स्रोत फीचर्स**



## बच्चों की सेहत पर जीर्ण रोग का नकारात्मक प्रभाव

मेक अमेरिका हेल्दी अगेन (महा - MAHA) आयोग ने हाल ही में अमरीकी बच्चों की सेहत को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में अमरीकी बच्चों में तेजी से बढ़ते जीर्ण रोगों पर चिंता व्यक्त की गई है। आयोग ने कहा है कि अमेरिका में बच्चों की सेहत पर सर्वाधिक असर अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खानपान, हवा, पानी व भोजन के जरिए रसायनों से संपर्क, सुस्त जीवन शैली, मोबाइल-लैपटॉप स्क्रीन पर बिताए गए समय और चिकित्सकीय हस्तक्षेप के अतिरेक का हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वास्थ्य सम्बंधी अधिकांश शोध फिलहाल कॉर्पोरेट प्रभाव में किया जा रहा है जिसे बदलने की जरूरत है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 2020 की आहार सम्बंधी सलाहकार समिति में 95 प्रतिशत सदस्यों के कॉर्पोरेट विश्व के साथ वित्तीय सम्बंध थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1970 के दशक के बाद बचपन में मोटापे की स्थिति में तीन गुना वृद्धि हुई है और आज साढ़े तीन लाख से ज्यादा बच्चे मधुमेह से पीड़ित हैं। तंत्रिका विकास सम्बंधी विकार बढ़ रहे हैं और हर 31 में से 1 बच्चा ऑटिज्म से प्रभावित है। वर्ष 2022 में हर 4 में से 1 किशोर लड़की में अवसाद की घटना हुई थी। आश्चर्यजनक खुलासा यह किया गया है कि फिलहाल किशोरों में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण खुदकुशी है। रिपोर्ट बताती है कि एलर्जी, आत्म-प्रतिरक्षा रोग वगैरह भी तेजी से बढ़े हैं। और तो और, रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि कम से कम 40 प्रतिशत अमरीकी बच्चे किसी-न-किसी एक जीर्ण तकलीफ से ग्रस्त हैं। देखा जाए तो शायद रिपोर्ट के कई निष्कर्ष गलत नहीं हैं, लेकिन विशेषज्ञों ने इसे लेकर कई सवाल भी उठाए हैं। मजेदार बात यह है कि महा रिपोर्ट महज 3 माह में तैयार कर ली गई है और यही आलोचना का प्रमुख बिंदु बना है। कई विशेषज्ञों का मत है कि रिपोर्ट एआई (कृत्रिम बुद्धि) द्वारा तैयार करवाई गई है। इसे लेकर कई अन्य प्रमाण भी प्रस्तुत किए गए हैं। बहरहाल, रिपोर्ट को लेकर अन्य दिक्कतें भी सामने आई हैं। जैसे एक संस्था नॉटअस द्वारा विश्लेषण पर पता चला कि इसमें कई ऐसे अध्ययनों का हवाला दिया गया है जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। कई मामलों में शोधकर्ताओं के नाम गलत दिए गए हैं, पूरा संदर्भ नहीं दिया गया है। कई शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि उनके जिस शोध पत्र का हवाला दिया गया है, वह अस्तित्व में ही नहीं है। कई मामलों में अध्ययनों के निष्कर्षों को गलत प्रस्तुत किया गया है। जैसे आईकान स्कूल ऑफ मेडिसिन की मरिआना फिगेरो के पर्चे को इस बात के प्रमाण के रूप में उद्धरित किया गया है कि स्क्रीन पर बिताया गया समय बच्चों की नींद में गड़बड़ी पैदा करता है, हालांकि यह अध्ययन कॉलेज के छात्रों पर किया गया था और इसमें नींद का मापन शामिल नहीं था। विशेषज्ञों का मत है कि ट्रम्प सरकार एक ओर तो विज्ञान में सर्वोच्च मानक स्थापित करने की बात कर रही है, वहीं ऐसे फर्जी संदर्भों, गलतबयानी वाली रिपोर्ट के आधार पर भविष्य की योजना बनाने की बात कर रही है।

# यहां हर कदम पर बिखरा पड़ा है सौंदर्य

**सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं और स्वर्ग जैसी जगह का अनुभव करना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।**



जम्मू और कश्मीर राज्य के गंदरबल जिले में स्थित सोनमर्ग जिसका अर्थ है सोने की घाटी एक सुरम्य पर्यटन स्थल है, जो प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और रोमांचक गति. विधियों का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। समुद्र तल से लगभग 2,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह जगह गर्मियों के मौसम में हरे-भरे घास के मैदानों और जाड़ों में बर्फीले चादरों से ढकी होती है।

**प्राकृतिक सौंदर्य की अद्भुत झलक**

सोनमर्ग चारों ओर से बर्फ से ढकी ऊंची-ऊंची चोटियों, देवदार और चीड़ के घने जंगलों तथा कलकल बहती नदियों से घिरा हुआ है। यहां की सबसे प्रसिद्ध नदी है सिंध नदी, जो बर्फीले ग्लेशियरों से निकलती है और यहां के जीवन को जीवन्त बनाती है।

**प्रमुख आकर्षण स्थल**

1. **ठाजीवास ग्लेशियर**- यह सोनमर्ग से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित है और यहां का सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल है। पर्यटक यहां घोड़ों पर सवारी करके जाते हैं और बर्फ में खेलते हैं। गर्मियों में भी यहां बर्फ देखने को मिलती है।
2. **जोजिला पास**- यह दर्रा नगर को लेह-लद्दाख से जोड़ता है। साहसिक पर्यटकों के लिए यह स्थान बेहद रोमांचक है। यह रास्ता ऊंचा, घुमावदार और रोमांच से भरपूर होता है।
3. **बालटाल**- यह अमरनाथ यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। सोनमर्ग से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित यह जगह अमरनाथ गुफा तक ट्रेकिंग के लिए जानी जाती है।

**रोमांच और गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**- सोनमर्ग से कई खूबसूरत ट्रेक शुरू होते हैं, जैसे गंगाबल झील ट्रेक, किशनसर और विषनसर झील ट्रेक आदि।

**फिशिंग**- सिंध नदी ट्राउट मछली पकड़ने के लिए प्रसिद्ध है।

**कैम्पिंग**- घास के मैदानों में टेंट लगाकर रात बिताने का अनुभव बेहद खास होता है।

**प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग**

सोनमर्ग उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो भीड़भाड़ से दूर, शांतिपूर्ण वातावरण में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेना चाहते हैं। फूलों से ढके मैदान, नीले आसमान के नीचे बर्फ से चमकते पहाड़ और पंछियों की मधुर चहचहाहट यह सब किसी चित्रपटल जैसा लगता है।

**कैसे पहुंचें**- हवाई मार्ग- निकटतम हवाई अड्डा नगर (लगभग 80 किमी) है।

**सड़क मार्ग**- नगर से सोनमर्ग तक का सफर टैक्सी या बस से आसानी से किया जा सकता है। यात्रा के दौरान मनोहारी .श्य मन मोह लेते हैं।

**यात्रा का उपयुक्त समय**- मई से सितंबर तक का समय सोनमर्ग घूमने के लिए सबसे अच्छा होता है। सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण रास्ते बंद हो सकते हैं, पर बर्फ प्रेमियों के लिए यह भी एक अनोखा अनुभव हो सकता है।

सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।

**...साभार प्रभा**

# अधिकतर जीवों के जीवन में अंधकार लाती आर्टिफिशियल लाइटस


इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि भारत और दुनिया भर में पक्षियों की प्रजातियां और पक्षियों की संख्या तेजी से कम हो रही है। मानव गतिविधि जनित जलवायु परिवर्तन के अलावा, प्रदूषण, कीटनाशकों का उपयोग, सिमटते प्राकृतवास और शिकार इनकी विलुप्ति का कारण है। और अब इस बारे में भी जागरूकता काफी बढ़ रही है कि रात के समय किया जाने वाला कृत्रिम उजाला पक्षियों की कई प्रजातियों का बड़ा हत्यारा है।

साइंटिफिक अमेरिकन में प्रकाशित अपने एक लेख में नॉर्थ कैरोलिना के जोशुआ सोकोल ने इस नाटकीय प्रभाव का वर्णन किया है। 2001 में हुए 9/11 हमले की याद में न्यूयॉर्क शहर में दो गगनचुंबी प्रकाश स्तम्भ, ट्रायब्यूट इन लाइट, स्थापित किए गए हैं और पक्षियों की आबादी पर इनका प्रभाव पड़ रहा है। 11 सितंबर की रात में जब यह दो प्रकाश स्तम्भ ऊपर आकाश तक जगमगाते हैं तो यह फुदकी warbler, समुद्री पक्षी seabird, कस्तूर thrush जैसे हजारों प्रवासी पक्षियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इसके साथ ही शाहीन बाज peregrine falcons जैसे शिकारी पक्षी प्रवासी पक्षियों के इस भ्रम का फायदा उठाने और उन्हें चट करने को तत्पर होते हैं।

लेख के अनुसार, 20 मिनट के भीतर ट्रायब्यूट इन लाइट प्रकाश स्तम्भ के आधे किलोमीटर के दायरे में करीब 16,000 पक्षी इकट्ठे हो जाते हैं, साल में एक बार होने वाला यह आयोजन दस लाख से अधिक पक्षियों को एक जगह इकट्ठा कर देता है और जब चिंतित पर्यवेक्षक देखते हैं कि इसके चलते वहां बहुत सारे पक्षी जमा हो रहे हैं, तो आयोजक रोशनी कम कर देते हैं और अब, यहां मौसम विज्ञानियों द्वारा कुल वर्षा का अनुमान लगाने के लिए उपयोग की जाने वाली एक रडार-आधारित प्रणाली स्थापित है जिसका उपयोग 11 सितम्बर को पक्षियों की गिनती करने के लिए भी किया जाता है। साथ ही, पूरे साल के दौरान पूरे महाद्वीप में प्रवासी पक्षियों की आवाजाही का अनुमान लगाने के लिए भी। लेख के अनुसार, 11 सितम्बर का अध्ययन बताता है कि रात में शहरों की जगमगाती रोशनी का प्रवासी पक्षियों के उड़ान पथ पर क्या प्रभाव हो सकता है। समय के साथ ट्रायब्यूट इन लाइट की रोशनी से भटककर मंडराते हुए पक्षियों की ऊर्जा (शरीर की चर्बी) चुक जाती है, जिस कारण वे शिकारियों के आसान लक्ष्य बन जाते हैं और सबसे बुरी बात यह है कि वे पास की इमारतों की खिड़कियों से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं या मर सकते हैं। लेख कहता है कि यह अच्छी बात है कि यह अध्ययन जारी हैं, क्योंकि पक्षियों की घटती संख्या चिंताजनक है। अकेले उत्तरी अमेरिका में, 1970 के बाद से 2019 तक पक्षियों की संख्या में 3 अरब से अधिक की कमी आई है। भारत की बात करें तो वेदर चैनल Weather Channel नामक एक पोर्टल की रिपोर्ट है कि भारत की 867 पक्षी प्रजातियों में से 80 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है और इनमें से 101 प्रजातियों पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है। यह नतीजे देशभर के 15,500 पक्षी निरीक्षकों द्वारा किए गए एक करोड़ से अधिक अवलोकनों के आधार पर दिए गए हैं। दुनियाभर में पक्षियों की कम होती संख्या और विविधता का गंभीर प्रभाव खाद्य सुरक्षा पर पड़ रहा है। पक्षियों से हमें मिलने वाला पहला लाभ (या यू कहें कि सेवा) है कीट नियंत्रण। अनुमान है कि पक्षीगण एक साल में तकरीबन 40-50 करोड़ टन कीट खा जाते हैं। शिकारियों के कुनबे में भी पक्षी महत्वपूर्ण हैं, वे शिकार कर चूहों जैसे कुतरने वाले जीवों की आबादी को नियंत्रित रखते हैं, लेकिन पक्षियों के लिए खेती में उपयोग किए जाने वाले कीटनाशकों का असर बाकी किसी भी कारक से अधिक नुकसानदायक होगा। कृषि के इतर भी पक्षी पौधों और शाकाहारियों, शिकार और शिकारियों का संतुलन बनाए रखते हैं, जिससे दलदल और घास के मैदान पनपते हैं और यह दलदल और घास के मैदान वे प्राकृतिक एजेंट हैं जो कार्बन भंडारण करते हैं, जलवायु को स्थिर रखते हैं, ऑक्सीजन देते हैं और प्रदूषकों को पोषक तत्वों में बदलते हैं। यदि पक्षी न होते तो इनमें से कई पारिस्थितिक तंत्र अस्तित्व में ही नहीं होते और हालांकि हम तितलियों और मधुमक्खियों को सबसे महत्वपूर्ण परागणकर्ता मानते हैं, लेकिन कई ऐसे पौधे हैं जिनका परागण पक्षियों द्वारा होता है। जिन फूलों में गंध नहीं होती और हमारे द्वारा भोजन या औषधि के रूप में उपयोग किए जाने वाले 5 प्रतिशत पौधों का परागण पक्षियों द्वारा होता है। इसके अलावा पक्षियों की बीज फैलाने में भी भूमिका होती है। जब पक्षी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं, तो उनके द्वारा खाए गए बीज भी उनके साथ वहां पहुंच जाते हैं, जो मल त्याग से बाहर निकल वहां फैल जाते हैं। पक्षी नष्ट हो चुके पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से जिलाते हैं (बीजों के माध्यम से), पौधों को समुद्र के पार भी ले जाते हैं और वहां के भूदृश्य को बदल सकते हैं। न्यूजीलैंड के एक करोड़ हैक्टर में फैले जंगल में से 70 प्रतिशत जंगल पक्षियों द्वारा फैलाए गए बीजों से उगा है।

दुनिया भर में संरक्षण के लिए काम करने वाली संस्था एनडेन्जर्ड स्पीशीज इंटरनेशनल का कहना है कि कुछ पक्षियों को मुख्य (कीस्टोन) प्रजाति माना जाता है क्योंकि पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी उपस्थिति (या अनुपस्थिति) अन्य प्रजातियों को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए, कठफोड़वा पेड़ों में कोटर बनाते हैं जिनका उपयोग बाद में कई अन्य प्रजातियों द्वारा किया जाता है। डोडो के विलुप्त होने के बाद यह पता चला कि एक पेड़, जिसके फल डोडो का प्रमुख भोजन थे, के बीज डोडो के पाचन तंत्र से गुजरे बिना अंकुरित होने में असमर्थ थे . डोडो का पाचन तंत्र बीज के आवरण को गला देता था और अंकुरण को संभव बनाता था। पक्षी जो दूसरी भूमिका निभाते हैं वह है सफाई का काम। यह तो हम जानते हैं कि गिद्ध एक घंटे के भीतर मृत जानवर तक पहुंच जाते हैं और फिर उसके पूरे शरीर और सभी अवशेषों का निपटान कर देते हैं। यही कार्य यदि जंगली कुत्तों या चूहों पर छोड़ दिया जाए तो शव या अवशेष के निपटान में कई दिन लग सकते हैं, जिससे सड़न और बीमारी फैल सकती है। बर्डलाइफ इंटरनेशनल पोर्टल का अनुमान है कि भारत में गिद्धों की संख्या में गिरावट के कारण जंगली कुत्तों की आबादी 55 लाख तक बढ़ गई है, जिसके कारण रेबीज के मामले बढ़ गए हैं और 47,300 लोगों की मौत हो गई है। पारिस्थितिकी को बनाए रखने में इतनी सारी भूमिकाएं होने के साथ ही पक्षी इस तरह अनुकूलित हैं कि वे लंबा प्रवास कर अपने माकूल स्थानों पर जाते हैं। इस तरह, ठंडे उत्तरी ध्रुव के अरबों पक्षी सर्दियों के लिए दक्षिण की ओर प्रवास करते हैं और फिर मौसम बदलने पर वापस घर की ओर उड़ जाते हैं और हालांकि इस प्रवासन की अपनी कीमत और मृत्यु की आशंका होती है, लेकिन यह पैटर्न प्रजनन मौसम में फिट बैठता है और संख्या बरकरार रहती है, लेकिन रात के समय पक्षियों के उड़ान पथ पर चमकीली रोशनियां और जगमगाते शहर पक्षियों के दिशाज्ञान को प्रभावित करते हैं और भ्रम पैदा करते हैं। इसके चलते ऊर्जा की बर्बादी होती है, भिड़ंत होती है और समूह टूटता है और शिकारियों के मजे होते हैं। रात के समय दूर के शहर से आने वाली रोशनी भी आकाशगंगा की रोशनी का भ्रम दे सकती है और पक्षियों के दिशा बोध को बिगाड़ सकती है। पक्षियों में चमकदार रोशनी के प्रति जो रहस्यमई आकर्षण होता है, वह पक्षियों को तेज रोशनी वाली खिड़की के शीशों की ओर जाने को उकसाता है। यह कोई हालिया घटना नहीं है। वर्ष 1880 में, साइंटफिक अमेरिकन ने अपने एक लेख में बताया था कि रात की रोशनी में पक्षी उलझ जाते थे। लाइटहाउस के प्रकाश का पक्षियों पर प्रभाव जानने के उद्देश्य से हुए एक अध्ययन में सामने आया था कि इससे दस लाख से अधिक पक्षी प्रभावित हुए और इसके चलते ढेरों पक्षी मारे गए। न्यूयॉर्क में ट्रायब्यूट इन लाइट का अनुभव नाटकीय रूप से उस क्षति की विकरालता को सामने लाता है जो रात की प्रकाश व्यवस्था से पक्षियों की आबादी को होती है। साइंटिफिक अमेरिकन का एक लेख बताता है कि अब रात के समय अत्यधिक तीव्र प्रकाश वाले क्षेत्रों के मानचित्र बनाने के लिए उपग्रह इमेजिंग का, और पक्षियों व उनकी संख्या को ट्रैक करने के लिए रडार का उपयोग नियमित रूप से किया जाता है। इस तरह, अमेरिका में उन शहरों की पहचान की जा रही है जिनकी रोशनी का स्तर प्रवासी पक्षियों को प्रभावित करने की सबसे अधिक संभावना रखता है। इसके अलावा बर्डकास्ट नामक एक कार्यक्रम महाद्वीप-स्तर पर मौसम और रडार डैटा को एक साथ रखता है और मशीन लर्निंग का उपयोग करके ठीक उन रातों का पूर्वानुमान लगाता है जब लाखों प्रवासी पक्षी अमेरिकी शहरों के ऊपर से उड़ेंगे। यह जानकारी पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक समूहों को उनके उड़ान पथ में पड़ने वाले शहरों से प्रकाश तीव्रता नियंत्रित करने वगैरह की पैरवी करने में सक्षम बनाती है। उनके ए प्रयास प्रभावी भी रहे हैं न्यूयॉर्क शहर ने एक अध्यादेश पारित किया है जिसके तहत प्रवासन के मौसम में इमारतों को रोशनी बंद करनी होती है।

**-साभार**



बीकानेर। ठंडी और धुंध भरी सर्दियों की सुबह ऊंट गाड़ी पर सवार व्यक्ति।

## दीर्घावधि से नियोजित गतिविधियों के लिए नोराड के विमान ग्रीनलैंड पहुंचेंगे

**ओटावा।** उत्तर अमेरिका एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (नोराड) ने सोमवार को कहा कि उसके विमान जल्द ही ग्रीनलैंड के पिटुफिक स्पेस बेस पहुंचेंगे। यह तैनाती 'दीर्घावधि से नियोजित नोराड गतिविधियों' की एक शृंखला का हिस्सा है। नोराड ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर जानकारी दी है कि ये विमान अमेरिका और कनाडा के महाद्वीपीय अड्डों से संचालित होने वाले अन्य संसाधनों के साथ जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि ये गतिविधियां अमेरिका, कनाडा और डेनमार्क साम्राज्य के बीच 'स्थाई रक्षा सहयोग' को और मजबूती प्रदान करती हैं।

## हूती अदालत ने जासूसी के आरोप मौत की सजा को रखा बरकरार

**सना।** हूती समूह द्वारा संचालित राजधानी सना स्थित एक अदालत ने सोमवार को जासूसी के आरोप में दोषी ठहराए गए नौ यमनियों की मौत की सजा को बरकरार रखा। हूती-संचालित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। चैनल ने बताया कि अदालत ने नौ आरोपियों के खिलाफ मूल फैसले को बरकरार रखा है, जिन पर हूती समूह अमेरिका, इजरायल और सऊदी अरब सहित विदेशी देशों के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया है। चैनल ने यह भी बताया कि इनमें से आठ आरोपी हिरासत में हैं और एक फरार है। रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने एक व्यापक जासूसी मामले में सजा को पलट दिया या कम कर दिया, लेकिन इन नौ आरोपियों की मौत की सजा को अपरिवर्तित रखा।

# पाक बनने का मकसद पूरा होने वाला है: आसिम मुनीर

## आर्मी चीफ का दावा: इस्लामी देशों के बीच पाक का खास दर्जा, इसकी अहमियत अब और बढ़ेगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने दावा किया कि इस्लाम के नाम पर बने पाकिस्तान का असली मकसद पूरा होने वाला है। उन्होंने ये बात रविवार को लाहौर में पाकिस्तानी अखबार द न्यूज इंटरनेशनल से कही। आसिम मुनीर यहां पूर्व पीएम शहबाज शरीफ के नाती जुनैद सफदर के वलीमा (रिसेप्शन) में शामिल होने आए थे।

इसमें प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नवाज शरीफ, मरियम नवाज, कई सीनियर नेता, मंत्री और सैन्य अधिकारी मौजूद थे। इस बातचीत में आसिम मुनीर ने कहा कि अल्लाह ने पाकिस्तान को एक ऐतिहासिक मौका दिया है, ताकि वो अपने बनने का मकसद हासिल कर सके और देश तेजी से उसी तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर बना था और आज उसे इस्लामिक देशों के बीच एक खास दर्जा हासिल है। अब इसकी अहमियत और ज्यादा बढ़ेगी। आसिम मुनीर रविवार को नवाज शरीफ के नाती जुनैद सफदर के रिसेप्शन में शामिल होने लाहौर पहुंचे थे। आसिम मुनीर ने दावा किया कि दुनिया में पाकिस्तान की स्थिति

■ दुनिया में पाकिस्तान की स्थिति और उसकी आर्थिक हालत में काफी सुधार हुआ है: मुनीर



और उसकी आर्थिक हालत में काफी सुधार हुआ है। जब उनसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिल रही पहचान को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि अगर उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोई सराहना मिल रही है, तो वह भी अल्लाह की मेहरबानी है। उन्होंने कहा कि असल में यह पाकिस्तान को मिली पहचान है, किसी एक इंसान को नहीं। उनके इस बयान को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से हुई मुलाकातों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आसिम मुनीर और शहबाज शरीफ ने ट्रम्प को पाकिस्तान में दुर्लभ खनिजों और कच्चे तेल के रिसोर्स का भरोसा भी दिलाया, जिनकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। आसिम मुनीर ने अप्रैल 2025 में इस्लामाबाद में हुए ओवरसीज पाकिस्तानियों के सम्मेलन में कहा था कि टू नेशन थ्योरी ही पाकिस्तान की बुनियाद है। उन्होंने कहा था कि मुसलमानों और हिंदुओं के बीच बुनियादी फर्क है और दोनों एक नहीं, बल्कि अलग-अलग राष्ट्र हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की नींव कलमा पर टिकी है और इस सोच को आगे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना जरूरी है। आसिम मुनीर अपने भाषणों में इस्लामिक विचारधारा, टू नेशन थ्योरी और भारत के खिलाफ बयानबाजी पर जोर देते रहे हैं। जनरल मुनीर ने पिछले साल अप्रैल में इस्लामाबाद में पहले ओवरसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में कश्मीर और टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया था। आसिम मुनीर अपने पहले के सेना प्रमुखों से काफी अलग माने जाते हैं। पहले के ज्यादातर सेना प्रमुख पश्चिमी सैन्य संस्थानों में प्रशिक्षित पेशेवर सैनिक थे, जो धर्म और राजनीति से दूरी बनाए रखते थे।

# यूएस में ट्रम्प के खिलाफ बगावत के सुर तेज

## कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजाम की यूरोप को सलाह: ट्रम्प की टैरिफ पर धमकियों का सख्ती से करें सामना




■ ग्रीनलैंड विवाद में ट्रम्प के रुख के खिलाफ यूरोप को मजबूत प्रतिक्रिया देने को कहा है
■ डोनाल्ड ट्रम्प संकेत भी दे चुके हैं कि अमेरिका वहां अपनी भूमिका बढ़ाना चाहता है

**कैलिफोर्निया।** दुनियाभर में इन दिनों कई देशों के खिलाफ अमेरिक के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का आक्रमक रवैया चिंता का विषय बनता जा रहा है। चाहे वो, वेनेजुएला पर कार्रवाई कर वहां के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी हो, ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात, या फिर उनके इस काम में साथ ना देने वाले देशों के खिलाफ भर-भर के टैरिफ लगाने की धमकी।

इन सभी कारणों से ट्रम्प ने वैश्विक राजनीति में हलचल तेज कर दी है। हालांकि अब ऐसा लग रहा है कि ट्रम्प के खिलाफ खुद उनके घर अमेरिका में ही बगावत शुरू हो गया है। इसका बड़ा कारण यह है कि टैरिफ धमकियों के खिलाफ अब कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजाम ने ट्रम्प को दो टूक चेतावनी देते हुए यूरोपियन देशों को अहम संदेश दिया है। गैविन न्यूजाम ने यूरोपीय देशों से कहा है कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों के सामने कमजोर नहीं दिखना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से ग्रीनलैंड विवाद में ट्रम्प के रुख के खिलाफ यूरोप को मजबूत प्रतिक्रिया देने को कहा है। बता दें कि कैलिफोर्निया के गवर्नर का यह बयान स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनामिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के दौरान आया। जहां अमेरिका की आंतरिक राजनीति और वैश्विक व्यापार तनाव भी खुलकर सामने आ गए। न्यूजाम ने चेतावनी दी कि अगर यूरोपीय नेता ट्रम्प के टैरिफ और व्यापार दबाव के खिलाफ दृढ़ न होकर पीछे हटेंगे तो यह उनके पक्ष में नहीं होगा। इस दौरान न्यूजाम ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों को लेकर यूरोप की प्रतिक्रिया पर कड़ी नाराजगी भी जताई। उनका कहना था कि ट्रम्प ग्रीनलैंड मुद्दे पर यूरोप पर दबाव बना रहे हैं। टैरिफ (आयात शुल्क) की धमकी देकर देशों को झुकाना चाहते हैं। ऐसे में यूरोप को डरकर पीछे नहीं हटना चाहिए। बता दें कि ग्रीनलैंड डेनमार्क का हिस्सा है, जो कि आर्कटिक क्षेत्र में स्थित है। देखा जाए तो ग्रीनलैंड रणनीतिक और सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम माना जाता है। ऐसे में ट्रम्प पहले भी ग्रीनलैंड को लेकर सख्त बयान दे चुके हैं। संकेत भी दे चुके हैं कि अमेरिका वहां अपनी भूमिका बढ़ाना चाहता है। इसी मुद्दे पर ट्रम्प ने टैरिफ की धमकी देकर यूरोप पर दबाव बनाया। खासकर उन देशों पर, जो उनके रुख से सहमत नहीं हैं। इसी बीच यूरोपीय संघ की शीर्ष अधिकारी ने भी ट्रम्प को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड को लेकर टैरिफ की धमकी देना चिंताजनक है। इससे यह सवाल उठता है कि क्या ट्रम्प पर भरोसा किया जा सकता है? ऐसे में यूरोपीय संघ का मानना है कि व्यापारिक दबाव का इस्तेमाल राजनीतिक फैसलों के लिए करना गलत है। इससे अमेरिका और यूरोप के रिश्तों में दरार बढ़ सकती है। गौरतलब है कि अमेरिका के भीतर से ही ट्रम्प की नीतियों पर सवाल उठ रहे हैं। कैलिफोर्निया जैसे बड़े राज्य के गवर्नर ने खुलकर विरोध किया। इसको लेकर यूरोप पर दबाव की राजनीति अब वैश्विक मंच पर विवाद बन चुकी है। ग्रीनलैंड मुद्दा सिर्फ ज़मीन का नहीं, भू-राजनीति और ताकत की लड़ाई बन गया है।

### बढ़े टैरिफ के बीच नए साझेदारों की तलाश में पोलैंड

■ उप-प्रधानमंत्री बोले: भारत से सहयोग को तैयार

**नई दिल्ली।** पोलैंड के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की ने कहा है कि बढ़ते वैश्विक टैरिफ के चलते पोलैंड नए व्यापारिक साझेदारों की तलाश कर रहा है और इस दिशा में भारत ने सहयोग के लिए तत्परता दिखाई है।

भारत दौरे के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने मुक्त और नियम-आधारित वैश्विक व्यापार की जरूरत पर जोर दिया। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सिकोरस्की ने कहा जब दुनिया के कुछ हिस्सों से हमें बढ़े हुए टैरिफ का सामना करना पड़ता है, तब हम नए व्यापारिक साझेदार तलाशते हैं। भारत ने हमारे साथ जुड़ने की इच्छा दिखाई है। हमें दुनिया को यह दिखाना होगा कि आज भी कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जो मुक्त व्यापार में विश्वास रखते हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच हुए एक व्यापार समझौते के तहत अधिकांश यूरोपीय संघ उत्पादों पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया था। पोलैंड, जो यूरोपीय संघ का सदस्य है, इस फैसले से प्रभावित हुआ है।

ऐसे में भारत जैसे उभरते बाजार पोलैंड के लिए अहम साझेदार बनकर सामने आ रहे हैं। सिकोरस्की ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता को लेकर भी सकारात्मक रुख जताया। उन्होंने कहा कि भारत और ईयू के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि कुछ उद्योग संवेदनशील जरूर हैं, लेकिन भारत और यूरोपीय संघ के कृषि क्षेत्र काफी हद तक एक-दूसरे के अनुकूल हैं।

## मंत्री मरियम औरंगजेब का बदला रूप देखकर लोग हैरान

**लाहौर।** पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टी पीएमएल-एन की सीनियर नेता मरियम औरंगजेब इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। वजह है लाहौर में हुई शादी में उनका बदला हुआ लुक। यह शादी पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नाती और मरियम नवाज के बेटे जुनैद सफदर की थी। मरियम औरंगजेब यहां मेहमान के तौर पर शामिल हुई थीं। जुनैद सफदर की शादी शंजे अली रोहैल से लाहौर में धूमधाम से हुई थी। हालांकि, शादी से ज्यादा चर्चा मरियम औरंगजेब की तस्वीरों को लेकर हुई। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में मरियम औरंगजेब पहले के मुकाबले ज्यादा स्लिम, शार्प फेस फीचर्स और बदले हुए लुक में नजर आईं। कई यूजर्स ने उनके ग्लो और फिटनेस की तारीफ की। कई लोगों उनके लुक में आए बदलाव को लेकर सवाल भी उठाए। यूजर्स ने यह अटकलें भी लगाईं कि मरियम औरंगजेब ने कास्मेटिक सर्जरी करवाई हो सकती है। कास्मेटिक सर्जरी एक मेडिकल प्रक्रिया होती है, जिसमें किसी व्यक्ति के चेहरे या शरीर की बनावट और दिखावट को बेहतर या बदलने के लिए इलाज किया जाता है। इसका मकसद बीमारी का इलाज नहीं, बल्कि लुक में बदलाव या सुधार करना होता है।

# ट्रम्प हिंद महासागर के द्वीप को लेकर ब्रिटेन से नाराज

■ कहा: डिएगो गार्सिया आइलैंड मारिशस को देना बेवकूफी, यहां हमारा अहम मिलिट्री बेस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हिंद महासागर में स्थित डिएगो गार्सिया आइलैंड को लेकर ब्रिटेन पर नाराजगी जताई है। उन्होंने मंगलवार को ट्रुथ सोशल पर कहा कि ब्रिटेन यह द्वीप मारीशस को देने की योजना बना रहा है, जबकि यहां अमेरिका का एक बेहद अहम मिलिट्री बेस है। इस द्वीप को बिना किसी वजह के देना हैरान करने वाला और गलत फैसला है। ट्रम्प ने कहा कि-हैरानी की बात है कि हमारा शानदार नाटो सहयोगी ब्रिटेन इस समय डिएगो गार्सिया द्वीप मारीशस को सौंपने की योजना बना रहा है। वो भी बिना किसी कारण के। इसमें कोई शक नहीं है कि चीन और रूस ने इस घोर कमजोरी को भांप लिया है।

उन्होंने आगे लिखा कि ये देश सिर्फ ताकत को समझते हैं और इसी वजह से उनकी लीडरशिप में अमेरिका को एक साल में पहले से कहीं ज्यादा सम्मान मिला है। ट्रम्प ने कहा कि इतना अहम इलाका सौंपना बहुत बड़ी बेवकूफी है। यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों में से एक है, जिसके चलते अमेरिका के लिए ग्रीनलैंड हासिल करना जरूरी हो जाता है। ट्रम्प जिस डिएगो गार्सिया आइलैंड की बात कर रहे हैं दरअसल वो चागोस आइलैंड का हिस्सा है। चागोस आइलैंड हिंद महासागर में मौजूद आइलैंडों का एक समूह है। यह ब्रिटेन से करीब 9334 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व और मारीशस से लगभग 2012 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। साल 1814 में नेपोलियन की हार के बाद पेरिस संधि के तहत चागोस आइलैंड और मारीशस ब्रिटेन के कब्जे में आए थे।

1965 में इन आइलैंडों को 'ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र' बनाया गया और मारीशस से अलग कर दिया गया। मारीशस को 1968 में आजादी मिली थी। उस समय यह तय हुआ था कि जब ये आइलैंड ब्रिटेन की रक्षा के लिए जरूरी नहीं रहेंगे, तब इन्हें मारीशस को लौटा दिया जाएगा। सबसे बड़े आइलैंड डिएगो गार्सिया पर ब्रिटेन और अमेरिका का संयुक्त सैन्य अड्डा बनाया गया। वहां रहने वाले लोगों को मारीशस और सेशेल्स में बसाया गया और कुछ लोगों को 2002 में ब्रिटेन लाया गया। मारीशस 1980 के दशक से इन आइलैंड्स पर अपना अधिकार मांगता रहा है और उसने यह मामला अंतर्राष्ट्रीय अदालतों में उठाया।

# किम जोंग ने मंच से डिप्टी पीएम को किया बर्खास्त

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने डिप्टी पीएम यांग सुंग-हो को बर्खास्त कर दिया है। कोरियाई न्यूज एजेंसी केसीएनए के मुताबिक किम जोंग उन योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स में सोमवार को इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट के पहले चरण के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। किम ने अपने संबोधन के दौरान यांग सोंग-हो को हटाने का आदेश दिया।

किम ने डिप्टी पीएम को फटकार भी लगाई। किम ने मंच से ही डिप्टी पीएम से कहा कि बहुत देर होने से पहले, अपने पैरों पर खुद यहां से चले जाओ। किम ने कहा कि यांग बड़ी जिम्मेदारियां संभालने के लायक नहीं हैं। किम ने कहा कि एक बकरी गाड़ी नहीं खींच सकती। यह हमारे कैडर अपाइंटमेंट सिस्टम में हुई एक गलती थी। आखिरकार, गाड़ी बैल खींचता है, बकरी नहीं। उत्तर



■ कहा: बैल गाड़ी खींच सकती है, बकरी नहीं, तुम्हें जिम्मेदारी देना मेरी गलती थी

कोरियाई नेता किम जोंग-उन अपनी टीम के साथ 'योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स' पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कामकाज का जायजा लिया। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन अपनी टीम के साथ 'योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स' पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कामकाज का जायजा लिया। किम जोंग उन ने कहा कि उन्होंने यांग को योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स के पहले चरण के आधुनिकीकरण में हुई गंभीर गलतियों को सुधारने के लिए कई बार मौका दिया था। इसके बावजूद काम में कोई सुधार नहीं हुआ। किम ने यह भी स्पष्ट किया कि यांग को पद से हटाना जरूरी था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें 'पार्टी-विरोधी' माना जाए। किम के मुताबिक, यांग ने पार्टी की केंद्रीय समिति को ऐसे सुझाव दिए जो न तो व्यावहारिक थे और न ही सच्चाई पर आधारित थे। उन्होंने आरोप लगाया कि यांग ने अपने फायदे के लिए पार्टी को गुमराह करने की कोशिश की, यहां तक कि पिछले महीने हुई पार्टी की अहम बैठक में भी। उन्होंने बताया कि इन सबके बावजूद उन्होंने यांग को एक और मौका दिया।

## घायल सैनिकों को नहीं बचा पा रहा यूक्रेन


**मॉस्को।** यूक्रेन की सेना रूस के खिलाफ चल रहे युद्ध में अपने घायल सैनिकों को समय पर बचाने में असफल हो रही है, जिसकी वजह से कई सैनिक बिना इलाज के मर रहे हैं। रूस के कब्जे में मौजूद यूक्रेन के युद्धबंदी एलेक्जेंडर सोतनिवोक ने रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी वीडियो में यह दावा किया है। सोतनिवोक ने सोमवार को जारी एक वीडियो में कहा कि घायलों को लड़ाई वाले क्षेत्रों से निकालने में एक बड़ी समस्या आ रही है। अगर कोई सैनिक घायलों को ले जाने वाले ट्रक तक नहीं पहुंच पा रहा, तो उसका मरना तय है। यूक्रेनी सेना घायलों को तभी निकाल रही है, जब वह एक खास जगह पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिमित्रोव की ओर पांच-दिन की यात्रा के दौरान उन्होंने कई मृतकों को देखा।

# नार्वे के पीएम बोले: नोबेल पुरस्कार से हमारा लेना-देना नहीं

## ट्रम्प ने गाहर स्टोर को नोबेल नहीं मिलने को लेकर एक शिकायती चिट्ठी लिखी थी

**वाशिंगटन।** नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोर ने ट्रम्प का लेटर मिलने की पुष्टि की। इसके बाद बयान जारी कर उन्होंने साफ किया कि नोबेल शांति पुरस्कार नार्वे सरकार नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र नोबेल कमेटी देती है। सरकार का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

दरअसल, ट्रम्प ने गाहर स्टोर को नोबेल नहीं मिलने को लेकर एक शिकायती चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाने की बात कही थी। ट्रम्प ने सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वो अब नोबेल के बारे में नहीं सोचते। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि अगर किसी को लगता है कि नार्वे नोबेल प्राइज को कंट्रोल नहीं करता है, तो यह मजाक है। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि नार्वे क्या कहा रहा है। मैं बस लोगों की जिंदगी बचाने के बारे में सोचता हूं। मुझे लगता है मैंने लाखों लोगों की जान बचाई है। वहीं गाहर स्टोर ने ग्रीनलैंड पर ट्रम्प के दावे को लेकर कहा कि यह डेनमार्क के राज्य का



■ ट्रम्प ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वो अब नोबेल के बारे में नहीं सोचते

हिस्सा है और नार्वे डेनमार्क का पूरा समर्थन करता है। साथ ही, उन्होंने कहा कि नाटो को आर्कटिक क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता मजबूत करने के लिए जिम्मेदारी से कदम उठाने चाहिए। ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प ने कहा कि डेनमार्क इसकी रक्षा नहीं कर सकता। हम इसके बारे में काफी लोगों से बात कर रहे हैं। ग्रीनलैंड हमारे लिए काफी जरूरी है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए बताया कि उन्होंने नाटो के महासचिव मार्क रुट से ग्रीनलैंड को लेकर बातचीत की है। उन्होंने बताया कि मैंने स्विट्जरलैंड के दावोस में विभिन्न पक्षों की बैठक के लिए सहमति दी है। मैंने सभी को बताया, ग्रीनलैंड राष्ट्रीय और विश्व सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। अब पीछे हटने का कोई रास्ता नहीं है, इस बात से सभी सहमत हैं। डेनमार्क उस जमीन (ग्रीनलैंड) को रूस या चीन से बचा नहीं सकता। फिर सवाल यह है कि उनका उस पर मालिकाना हक आखिर क्यों है? ऐसा कोई लिखित दस्तावेज नहीं है। बस इतना है कि सैकड़ों साल पहले वहां उनकी एक नाव पहुंची थी, लेकिन हमारी नावें भी वहां पहुंची थीं। ट्रम्प ने आगे लिखा कि नाटो की स्थापना के बाद से उन्होंने किसी से भी ज्यादा नाटो के लिए काम किया है। अब नाटो को भी अमेरिका के लिए कुछ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया तब तक सुरक्षित नहीं है, जब तक ग्रीनलैंड पर अमेरिका का पूरा कब्जा नहीं हो जाता।

# अमेरिका में 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकराईं

## बर्फीले तूफान की वजह से हादसा, 30 से ज्यादा ट्रक फंसे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिशिगन राज्य में बर्फीले तूफान की वजह से बड़ा सड़क हादसा हुआ है। सोमवार को एक इंटरस्टेट हाईवे पर 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकरा गईं। कई गाड़ियां सड़क से फिसल गईं। 30 से ज्यादा सेमी-ट्रेलर ट्रक फंसे हुए हैं। हादसे के बाद पुलिस को हाईवे के दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद करना पड़ा।

यह दुर्घटना मिशिगन के ग्रैंड रैपिड्स शहर के दक्षिण-पश्चिम में इंटरस्टेट 196 पर हुई। मिशिगन स्टेट पुलिस के मुताबिक, हादसे में कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन अब तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि फंसे हुए वाहनों को हटाने के लिए राहत और बचाव



■ हादसे के बाद पुलिस को हाईवे के दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद करना पड़ा

कार्य शुरू कर दिया गया। लोगों ने बताया कि बर्फीली हवा के चलते आगे चल रही गाड़ियां भी मुश्किल से दिख रही थीं। एक पिकअप ड्राइवर ने बताया कहा कि वह 20 से 25 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे और किसी तरह अपना वाहन ट्रक रोक पाए। उन्होंने कहा पीछे से लगातार टकराने की आवाजें आ रही थीं। आगे तो दिख रहा था, लेकिन पीछे क्या हो रहा है, यह साफ नजर नहीं आ रहा था। हालात काफी डरावने थे। मिशिगन के ओटावा काउंटी शेरिफ आफिस ने बताया कि इलाके में कई जगह दुर्घटनाएं हुईं और कई ट्रक जैकनाइफ हो गए। कई कारें सड़क से फिसलकर बाहर चली गईं। फंसे हुए यात्रियों को बसों के जरिए हडसनविल हाई स्कूल ले जाया गया, जहां वे मदद के लिए काल कर सके या अपने घर जाने की व्यवस्था कर सके। अधिकारियों का कहना है कि सफाई और वाहनों को हटाने का काम पूरा होने तक सड़क कई घंटों तक बंद रह सकती है। प्रशासन ने चेतावनी दी कि क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने और जमी हुई सड़क का ट्रीटमेंट करने में कई घंटे लग सकते हैं, इस दौरान इंटरस्टेट-196 बंद रहेगी। अमेरिका के कई राज्य इन दिनों बर्फीले तूफान का सामना कर रहे हैं। नेशनल वेदर सर्विस ने चेतावनी जारी की है कि उत्तरी मिनेसोटा से लेकर विस्कान्सिन, इंडियाना, ओहायो, पेंसिल्वेनिया और न्यूयार्क तक बेहद ठंडा मौसम या बर्फीले तूफान की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक नार्थ-सेंट्रल फ्लोरिडा और साउथईस्ट जार्जिया में तापमान जीरो डिग्री तक गिर सकता है।

## चिली में भयावह आग: कुछ क्षेत्रों में 'आपदा की स्थिति' घोषित

**सैंटियागो।** चिली ने दक्षिणी नुब्ले और बायोबियो क्षेत्रों में विनाशकारी आग लगने के कारण 'आपदा की स्थिति' घोषित की है। इन क्षेत्रों में जंगल की भीषण आग लगातार तीसरे दिन भी जारी है, जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो चुकी है और पूरे के पूरे कस्बे तबाह हो गए हैं। इस आपदा के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा है। राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने इस भीषण आपदा की गंभीरता को देखते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस फैसले की घोषणा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि लगातार जारी भीषण आग को देखते हुए, मैंने इन दोनों क्षेत्रों में 'आपदा की स्थिति' घोषित करने का निर्णय लिया है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर

शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना®

गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरुष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
Google Justdial :-
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर